नई दिल्ली

बुधवार, 9 जुलाई 2025

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 85

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम

अधि. 36

न्यून. 32

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## पीएम मोदी ने भारत का दृष्टिकोण साझा किया

# भारत अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालने को तैयार



भारतीय वेशभूषा में पीएम मोदी का भव्य स्वागत

*पीएम ने कहा-इस दौरान 'मानवता पहले' के दृष्टिकोण के साथ वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं को केंद्र में रखकर ब्रिक्स को एक नए और अधिक प्रभावशाली मंच के रूप में प्रस्तुत करेगा।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्राजील के रियो-डी-जनेरियो में 6-7 जुलाई को आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने 'पर्यावरण, सीओपी-30 और वैश्विक स्वास्थ्य' पर आयोजित विशेष सत्र में भारत का दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा। इस दौरान मानवता पहले के दृष्टिकोण के साथ वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं को केंद्र में रखकर ब्रिक्स को एक नए और अधिक प्रभावशाली ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ब्रिक्स को क्षमता निर्माण, सहयोग का माध्यम बनाया जाएगा

प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स के वैक्सीन अनुसंधान और विकास केंद्र (2022) और अब जारी सामाजिक रूप से निर्धारित बीमारियों के उन्मूलन के लिए ब्रिक्स साझेदारी को ▶▶ शेष पेज 5 पर

## अमेरिका के राष्ट्रपति ने बीते सोमवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में दिए थे इसके संकेत

# भारत और अमेरिका व्यापार समझौते की देर रात ट्रंप द्वारा घोषणा संभव !

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते (ट्रेड डील) की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मंगलवार देर रात घोषणा की जा सकती है। जिसमें मुख्य रूप से डेयरी और कृषि को छूट मिलेगी। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत की सरकार को अमेरिका के साथ एक अच्छा समझौता होने की उम्मीद है। जिसमें डेयरी और कृषि को इस समझौते से फिलहाल बाहर रखा जाएगा।

जबकि अमेरिकी की मांग पर उसके मक्के और फलों के लिए भारतीय बाजार खोलने की प्रक्रिया को समझौते में शामिल किया जाएगा। यहां बता दें कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता होने की यह जानकारी अमेरिका द्वारा भारत को पारस्परिक टैरिफ के मामले में दी गई मोहलत की समय सीमा के बुधवार को समाप्त होने से ठीक पहले



सामने आई है। 2 अप्रैल को इसके ऐलान के बाद अमेरिका ने पारस्परिक टैरिफ के क्रियान्वयन को 90 दिनों (तीन महीनों) के लिए स्थगित कर दिया था। जिसके बाद ही भारत को भी मामले में 9 जुलाई तक की राहत मिल गई थी। अमेरिका की तरफ से हालांकि ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कई दौर की गहन चर्चा सफल रही

*सूत्रों ने बताया कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को अमलीजामा पहनाने के लिए कई दौर की व्यापक चर्चा हुई। जिसमें भारत ने मजबूती के साथ अपना पक्ष रखा। फिलहाल ये गहन वार्ता सफलतापूर्वक संपन्न हुई और अब हम एक समझौते की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। जिसकी आधिकारिक रूप से अब कभी भी घोषणा की जा सकती है। बातचीत की इस प्रक्रिया में भारत ने धैर्य का परिचय दिया है।*

### फिर छेड़ा भारत-पाक संघर्ष रोकने का राग

*पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने एक बार फिर से भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष को रोकने में अहम भूमिका निभाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमने कई लड़ाइयां रुकवाई जिनमें एक सबसे बड़ी लड़ाई भारत-पाकिस्तान की लड़ाई थी। मैंने ही दोनों पड़ोसी देशों को धमकी देते कहा था कि अगर वे दोनों आपस में लड़ते रहेंगे तो हम उनके साथ किसी तरह का व्यापार नहीं करेंगे। दोनों देश परमाणु शक्ति क्षमता रखते हैं। भारत और पाकिस्तान के अलावा राष्ट्रपति ट्रंप ने सर्बिया, कोसोवो, रवांडा और कांगो में भी शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ये सब बीते करीब तीन सप्ताह के दौरान किया गया। उन्होंने रूस-यूक्रेन संघर्ष में भी अमेरिका द्वारा मदद करने की कोशिशों का जिक्र किया और कहा कि दोनों देशों के बीच यह संघर्ष बाइडन काल का है। यह एक बेहद खतरनाक मामला है और मैं* ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आई स्कूल बस, तीन छात्रों की मौत



**चेन्नई।** तमिलनाडु में कडलूर जिले के सेम्मनगुप्पम में मंगलवार सुबह एक स्कूल वैन के चलती ट्रेन की चपेट में आने के कारण तीन छात्रों की मौत हो गई। दक्षिण रेलवे ने इस 'दुखद घटना' के लिए माफी मांगी है और उसने बताया कि रेलवे फाटक पर तैनात 'गेटकीपर' को निलंबित कर दिया गया है तथा उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

### अश्विनी वैष्णव के पिता का जोधपुर में निधन



**जयपुर।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव का मंगलवार को एम्स, जोधपुर में निधन हो गया। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उनका अंतिम संस्कार शाम को जोधपुर में किया गया। पिछले कुछ दिनों से दाऊलाल वैष्णव गंभीर रूप से बीमार थे और एम्स जोधपुर में उनका इलाज चल रहा था।

### यूएस में भारतीय परिवार के 4 सदस्यों की मौत



**वॉशिंगटन ।** अलबामा के ग्रीन काउंटी में दर्दनाक हादसा हो गया। अंधी रफ्तार से दौड़ रहे एक मिनी ट्रक ने भारतीय परिवार की कार में टक्कर मार दी। इससे कार में आग लग गई और एक ही परिवार के 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में वेंकट बेजुगम, उनकी पत्नी तेजस्विनी चोलेटी और उनके दो बच्चे, सिद्धार्थ (9) और मृदा बेजुगम (7) शामिल हैं।

## टेरर फंडिंग के खिलाफ नीति बनाने वाली संस्था एफएटीएफ ने बताया पुलवामा हमले में...

# ई-कॉमर्स प्लेटफार्म और ऑनलाइन पेमेंट से पहुंचा आतंकियों तक पैसा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आतंकवाद के लिए धन मुहैया कराने के खिलाफ नीति बनाने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था 'वित्तीय कार्रवाई कार्यदल' (एफएटीएफ) ने मंगलवार को 'टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क' नामक अपनी एक रिपोर्ट के जरिए एक बड़ा ही महत्वपूर्ण खुलासा किया। जिसमें उसने बताया कि फरवरी 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हुए आतंकी हमले और उसके तीन साल बाद 2022 में गोरखनाथ मंदिर पर हुए हमले में आतंकवादियों तक पैसा पहुंचाने के लिए ई-कॉमर्स और ऑनलाइन पेमेंट सर्विस का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया गया था।

इतना ही नहीं एफएटीएफ ने ये भी कहा कि पैसा मिलने के बाद इन्हीं ऑनलाइन माध्यमों के जरिए ही आतंकियों ने हमले से जुड़ी अपनी तमाम नापाक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए उपकरण, हथियार, केमिकल, 3डी प्रिंटिंग मटीरियल की खरीद की थी। यहां ध्यान देने वाली बात ये है कि दुनियाभर में आतंकवाद के मुख्य केंद्र यानी एपीसेंटर पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाले जाने की भारत की जोरदार मांग के बीच वैश्विक संस्था की तरफ से यह जरूरी जानकारी ▶▶ शेष पेज 5 पर




### बिना सहायता के हमला असंभव

*उल्लेखनीय है कि इस साल जून महीने में एफएटीएफ ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की थी। जिसमें पाकिस्तान के पाले-पोसे हुए आतंकवादियों ने धर्म पूछकर भारत के 25 और नेपाल के 1 नागरिक की हत्या कर दी थी। संस्था ने ये भी साफ किया था कि इस तरह के आतंकी हमले बिना किसी वित्तीय सहायता के नहीं किए जा सकते हैं। वहीं, एफएटीएफ ने अपनी रिपोर्ट के जरिए आतंकियों को मिलने वाली वित्तीय मदद के मामले में यह व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत किया है। जिसमें उसने अपने वैश्विक नेटवर्क के जरिए मिले 200 मामलों को मुख्य रूप से आधार बनाया है।*

## अमेजन से एल्यूमीनियम पाउडर की खरीद


एफएटीएफ ने एक केस स्टडी के जरिए बताया कि भारत में किस तरह से ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के जरिए उन मटेरियल की खरीद की गई? जिनका इस्तेमाल आतंकवादी हमलों के लिए किया गया। वर्ष 2019 में पुलवामा हमले के दौरान किए गए धमाके का प्रभाव बढ़ाने के लिए आतंकवादियों ने ईपीओएम अमेजन से एल्यूमीनियम पाउडर की खरीद की थी। ये वही एल्यूमीनियम पाउडर था। जिसका प्रयोग हमले को अंजाम देने वाले आत्मघाती हमलावर ने आईईडी में किया था। पुलवामा हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान मारे गए थे। भारतीय जांच एजेंसियों ने अपने जांच निष्कर्ष में यह पाया था कि यह हमला पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने कराया था। जांच आगे बढ़ी तो 19 लोगों के खिलाफ अनलॉफुल एक्टिविटी (प्रिवेंशन) एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। जिसमें आतंकी फंडिंग से जुड़ा प्रावधान शामिल है। इन लोगों में आत्मघाती हमलावर समेत 7 विदेशी नागरिक भी शामिल थे। एजेंसियों को आतंकी हमले से जुड़े कई प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रमाण भी मिले थे। जिसमें हमले के लिए प्रयोग किया वाहन और आतंकवादियों के छिपने के ठिकाने शामिल हैं।

### सवालों के घेरे में पाकिस्तान?

एफएटीएफ ने अपनी रिपोर्ट में पाकिस्तान का नाम सहित उल्लेख तो नहीं किया है। लेकिन राज्य प्रायोजित (स्टेट स्पॉन्सर टेरेरिज्म) आतंकवाद पर सवालिया निशान खड़े करते हुए कहा कि संस्था ने अपनी व्यापक रिपोर्ट में सूचना के कई स्रोतों और प्रतिनिधियों से मिली जानकारी के आधार पर यह पता लगाया कि कुछ आतंकवादी संगठनों को अपनी गतिविधियों को पूरा करने के लिए पहले से ही और लगातार वित्तीय से लेकर अन्य प्रकार की सहायता कुछ राष्ट्रीय सरकारों से मिल रही है। संस्था के प्रतिनिधियों ने इस चलन को अपनी रिपोर्ट में आतंकी संगठनों को राज्य प्रायोजित वित्तीय मदद के रूप में शामिल किया है। जिसमें यह कुछ आतंकी संगठनों को हमला करने जैसी उनकी गतिविधियों के लिए धन एकत्रित करने की वित्तीय प्रबंधन रणनीति का हिस्सा बताया गया है। जिसमें प्रत्यक्ष वित्तीय सहयोग के अलावा लॉजिस्टिक और मटेरियल सहयोग, प्रशिक्षण के प्रावधानों के साथ शामिल है।

## पीएम मोदी को ब्राजील का सर्वोच्च सम्मान

# 'नेशनल ऑर्डर ऑफ सदर्न क्रॉस' से नवाजे गए



एजेंसी ▶▶ रियो डी जेनेरियो

ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से सम्मानित किया।

यह सम्मान उन विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने ब्राजील और उनके देश के बीच संबंधों को मजबूत किया हो। भारत-ब्राजील संबंधों के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। इससे पहले पीएम मोदी को घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो में भी सर्वोच्च सम्मान मिल चुका है। पीएम मोदी इस वक्त पांच देशों के विदेश दौरे पर हैं। वह इस यात्रा के चौथे पड़ाव में ब्राजील के शहर रियो डी जेनेरिया पहुंचे, जहां उन्होंने 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शिरकत की।

## बिटचैट लॉन्चः बिना इंटरनेट के चैटिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ट्वीटर के को-फाउंडर जैक डोर्सी ने नया मैसेजिंग एप रिलीज किया है। इसकी खासियत है कि यह बिना इंटरनेट के भी काम करेगा। इस एप का नाम बिटचैट है, जो बिना




सेंट्र लाइज्ड सर्वर या फोन नेटवर्क के काम करेगा। प्राइवेसी को फोकस में रखते हुए इसे फिलहाल आईफोन यूजर्स टेस्ट फ्लाइट मोड में इस्तेमाल कर ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### उत्तर प्रदेश एग्रीटेक इनोवेशन हब और एग्रीटेक स्टार्टअप तथा टेक्नोलॉजी शोकेस का उद्घाटन किया

### विकसित गांवों और समृद्ध किसानों के बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरीः धर्मेंद्र प्रधान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एसवीपीयूएटी), मंगलवार को मेरठ में उत्तर प्रदेश एग्रीटेक इनोवेशन हब और एग्रीटेक स्टार्टअप तथा टेक्नोलॉजी शोकेस का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा और कृषि अनुसंधान के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी उपस्थित थे। इस अवसर पर आईआईटी रोपड़ के ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### मंगलवार को सीडीएस जनरल चौहान और नौसेनाप्रमुख एडमिरल त्रिपाठी से की मुलाकात

### 7 से 9 जुलाई तक भारत की यात्रा पर यूएई की नौसेना के कमांडर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारत और पाकिस्तान के बीच पश्चिमी सीमा पर जारी तनाव के बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की नौसेना के कमांडर मेजर जनरल हुमैद मोहम्मद अब्दुल्ला अलरेमीथी 7 से 9 जुलाई तक भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उनकी इस यात्रा का उद्देश्य समुद्री सहयोग और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाना है। मंगलवार को मेजर जनरल अलरेमीथी ने राजधानी में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### मामले पर कड़ी नजर बनाए रखने के साथ यमन में स्थानीय अधिकारियों और प्रिया के परिवार के सदस्यों के साथ संपर्क में विदेश मंत्रालय

### केरल की रहने वाली भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को यमन में अगले सप्ताह होगी फांसी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केरल की रहने वाली भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को यमन में अगले सप्ताह 16 जुलाई 2025 को फांसी दी जाएगी। यमन के एक नागरिक की हत्या के आरोप में वहां की अदालत ने यह फैसला सुनाया था। जिस पर पिछले साल 2024 में यमन के राष्ट्रपति ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी थी। वहीं, इस पूरे मामले पर विदेश मंत्रालय कड़ी निगरानी रखे हुए है। जिसमें वह न केवल यमन में अधिकारियों के साथ संपर्क में बना हुआ ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### राष्ट्रपति मुर्मू के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कांग्रेस के डीएनए में जमी घोर-आदिवासी विरोधी मानसिकता का परिचायकः भाटिया

## भाजपा ने साधा कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे पर निशाना, पूछा क्या माफी मांगेंगे?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधते हुए मंगलवार को उनकी निंदा की। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को केन्द्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए आपत्तिजनक शब्दों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा दिए गए बयान, कांग्रेस के डीएनए में जमी घोर-आदिवासी विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। कांग्रेस बार-बार संविधानिक पदों और संवैधानिक संस्थानों का अपमान करती है, चाहे वह राष्ट्रपति हों, प्रधानमंत्री हों या उपराष्ट्रपति। भाटिया ने राहुल गांधी को कांग्रेस के नेताओं के बयानों का जिम्मेदार ठहराया और सवाल किया कि क्या खड़गे जी अपने बयान के लिए लिखित माफी देंगे? देश की जनता इस अपमान को कभी स्वीकार नहीं करेगी और कांग्रेस को इसकी भारी राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया है। यह दर्शाता है कि कांग्रेस पार्टी के डीएनए में आदिवासी विरोधी मानसिकता ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### 25 करोड़ कर्मचारी रहेंगे हड़ताल पर

## आज केंद्रीय ट्रेड यूनियनों का 'भारत बंद' देशभर में प्रभावित हो सकता है कामकाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक बार फिर बुधवार को देश एक बड़े श्रमिक आंदोलन का गवाह बनने जा रहा है। बैंकिंग, बीमा,



शेयर बाजार, कोयला खनन, राजमार्ग, निर्माण और डाक सेवाओं जैसे तमाम क्षेत्रों में काम करने वाले 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी और मजदूर देशव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने इसे 'भारत बंद' का नाम दिया है। यूनियनों का कहना ▶▶ शेष पेज 5 पर

**बैंक, बीमा, कोयला खदान, राजमार्ग, पोस्ट ऑफिस सहित अन्य दफ्तर रहेंगे बंद**

**केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने हड़ताल को दिया 'भारत बंद' का नाम**

### 17 मांगों का चार्टर

यूनियनों ने पिछले साल श्रम मंत्री को 17 मांगों का एक चार्टर सौंपा था। उनका आरोप है कि सरकार ने इन मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया। पिछले एक दशक से वार्षिक श्रम सम्मेलन भी आयोजित नहीं किया गया। इसे यूनियनें मजदूरों के प्रति सरकार की उदासीनता का सबूत मानती हैं।

#### भाजपा की चार सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग टीम ने जेपी नड्डा को सौंपी रिपोर्ट

### दक्षिण कोलकाता के लॉ कॉलेज में 25 जून को हुआ था लॉ छात्रा से रेप

## ममता बनर्जी महिलाओं की सुरक्षा में नाकाम मामले की स्वतंत्र जांच होः सत्यपाल सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा की चार सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग टीम ने गत 25 जून को दक्षिण कोलकाता में लॉ कॉलेज में 24 साल की छात्रा के साथ कथित गैंगरेप की घटना की जांच रिपोर्ट मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंप दी। इस टीम का नेतृत्व पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यपाल सिंह ने किया, जिसमें मीनाक्षी लेखी, बिप्लब कुमार देब और मनन कुमार मिश्रा शामिल थे। मंगलवार को नड्डा को रिपोर्ट सौंपने के बाद भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए टीम ने आरोप लगाया है कि राज्य प्रशासन ने उनके साथ सहयोग नहीं किया। साथ ही टीम ने मामले में स्वतंत्र जांच की मांग की है। पूर्व सांसद सत्यपाल सिंह ने आरोप लगाया कि एक महिला मुख्यमंत्री होकर भी ममता बनर्जी महिलाओं की सुरक्षा नहीं कर पा रही हैं। उन्होंने कहा कि टीम ने जांच में पाया कि राज्य सरकार ने एफआईआर में भी हेरफेर की है, और अभियुक्त जो एक खास समुदाय से है, उसे बचाने की कोशिश कर रही है। सिंह ने बताया कि फैक्ट फाइंडिंग टीम ने कोलकाता का दौरा कर , मगर काफी कठिनाइयों के बाद सुरक्षा खामियों की जांच की, कानून-व्यवस्था की स्थिति का आकलन किया और पुलिस अधिकारियों, कॉलेज प्रशासन से भी बात की। उन्होंने आरोप लगाया कि टीम को कॉलेज के अंदर जाने से पहले आधे घंटे तक रोक कर रखा गया। साथ ही पीड़िता और उनके परिजनों से भी मिलने नहीं दिया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार की कड़ी आलोचना की। सिंह ने कहा कि भाजपा की मांग है कि पीड़िता को त्वरित और निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित किया जाए। राज्य में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और टीम के सदस्य बिप्लब देब बताया कि राज्य प्रशासन ने फैक्ट फाइंडिंग टीम को कॉलेज जाने से रोका और काफी देर बाद उन्हें इजाजत दी गई। साथ ही टीम के सदस्यों को ना तो पीड़िता से मिलने दिया गया और ना ही उनके परिजनों से। देब ने सवाल किया कि आखिर ममता सरकार क्या छुपाना चाह रही है। एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद राज्य में महिलाओं के प्रति अपराध की ऐसी एक नहीं, बल्कि दर्जनों घटनाएं ▶▶ शेष पेज 5 पर

## पुलिस को महिला के फरार ब्वॉयफ्रेंड पर हत्या का शक

# मजनूं का टीला इलाके में 22 वर्षीय युवती और बच्ची की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ आरोपी की धरपकड़ के लिये कई टीमें की गठित

उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस थाना अंतर्गत मजनूं का टीला इलाके में मंगलवार दोपहर को एक घर के अंदर एक 22 वर्षीय युवती और छह माह की बच्ची की हत्या कर दी गई। पड़ोसियों ने गड़बड़ी का एहसास होने पर पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस द्वारा दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवाया गया है। अपराध स्थल पर क्राइम एवं फोरेंसिक विशेषज्ञों ने पहुंचकर भी जांच पड़ताल की है। शुरुआत में पुलिस को महिला के फरार ब्वॉयफ्रेंड पर हत्या का शक है। आरोपी की धरपकड़ के लिये कई टीमें गठित की गई हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक युवती का नाम सोनल था और वह उत्तराखंड की रहने वाली थी। उसका निखिल नामक युवक से प्रेम संबंध था और दोनों लिव इन में रह रहे थे। हाल ही में दोनों के बीच झगड़ा हो गया था। इसके बाद युवती मजनूं का टीला इलाके में किराये पर रह रही अपनी दोस्त रश्मि के घर आकर रह रही थी। मंगलवार दोपहर को रश्मि अपनी बेटी को सोनल के पास छोड़कर बड़ी बेटी को स्कूल से लाने गई थी। दोपहर करीब एक से डेढ़ बजे के बीच निखिल घर पर पहुंचा और प्रेमिका और मासूम बच्ची की चाकू मारकर हत्या कर दी। फिलहाल इस वारदात के बाद आरोपी दोस्त निखिल है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। सिविल लाइंस पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर मामले की तफ्तीश में जुटी है। पुलिस जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने की बात कर रही है। बता दें कि मजनूं का टीला इलाका दिल्ली का एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक केंद्र है, जो यमुना नदी के किनारे बसा हुआ है। यह क्षेत्र अपनी संकरी गलियों, दुकानों और कैफे के लिए जाना जाता है। दिल्ली विश्वविद्यालय के पास होने के कारण छात्रों के बीच यह काफी लोकप्रिय स्थान है। यहां पर नेपाल, उत्तराखंड व तिब्बत के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं।

# शोरूम से 30 लाख की लूट का केस खुला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ 48 घंटे के भीतर तीनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

कौटिल्य मार्ग शोरूम मालिक से 30 लाख रुपये की लूट का केस चाणक्यपुरी पुलिस ने सुलझा लिया है। दरअसल आरोपियों ने सरकारी अधिकारी बनकर शिकायतकर्ता का अपहरण किया था और छापे के बहाने शोरूम से लूट को अंजाम दिया था। पुलिस ने 48 घंटे के भीतर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और 23 लाख रुपये (15 लाख रुपये नकद और 8 लाख रुपये फिक्स्ड डिपॉजिट) बरामद किये हैं। साथ ही अपराध में इस्तेमाल की गई कार और आरोपियों द्वारा हाल ही में खरीदा गया एक वाहन भी जब्त किया गया है।

डीसीपी नई दिल्ली जिला देवेश कुमार महला के अनुसार 2 जुलाई को कौटिल्य मार्ग, सम्राट होटल, चाणक्यपुरी स्थित एक्सक्लूसिव मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के सहायक प्रबंधक अनिल तिवारी ने एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें बताया गया कि एजेंसी बेंटले और अन्य हाई-एंड ऑटोमोबाइल के लिए अधिकृत डीलरशिप है। 19 जून को शोरूम को एक ग्राहक से 30 लाख का नकद भुगतान प्राप्त हुआ था। यह नकदी शोरूम के भीतर खड़ी एक बेंटले कार की डिक्की में सुरक्षित रखी गई थी। 20 जून को लगभग सात बजे जब सहायक प्रबंधक तिवारी अपने स्कूटर पर घर जा रहे थे, तो हंगरी दूतावास के पास एक कार ने अचानक उन्हें ओवरटेक किया और रोक लिया। दो व्यक्तियों जिनमें एक पुलिस की वर्दी में (ड्राइवर) और दूसरा सिविल कपड़ों में ने उनका अपहरण कर लिया। कार के अंदर व्यक्तियों ने दावा किया कि उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक मामले में गिरफ्तार किया जा रहा है। उनके साथ मारपीट भी की गई। उन्होंने ईडी का लैटर दिखाया और कहा कि बड़ी मात्रा में नकदी जमा होने के कारण शोरूम की तलाशी ली जाएगी। इसके बाद तिवारी को जबरन शोरूम में वापस ले जाया गया। अंदर घुसने के बाद उन्होंने तिवारी के बैग से कार की चाबियां निकाली। बेंटले की डिक्की खोली और 30 लाख लूट लिए। घटना के बाद उक्त व्यक्तियों ने तिवारी को एनएच-8 पर ले जाकर राजोकरी के पास छोड़ दिया। रिहा होने के बाद तिवारी ने तुरंत अपने मालिक से संपर्क किया और शोरूम में वापस आकर पूरी घटना बताई। शुरू में मालिक प्रवर्तन निदेशालय या किसी अन्य एजेंसी से संभावित संपर्क का इंतजार कर रहा था, क्योंकि अपराधियों ने वर्दी पहनी हुई थी, जो आधिकारिक छापेमारी का संकेत था। हालांकि, यह पुष्टि करने के बाद कि छापा एक ट्रैप था और पैसे वास्तव में लूटे गए है। मालिक ने तिवारी को औपचारिक पुलिस शिकायत दर्ज करने का निर्देश दिया। 2 जुलाई को बीएनएस की संबंधित धाराओं में चाणक्यपुरी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया। घटनास्थल और आसपास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से पता चला कि घटना में आंशिक रूप से अस्पष्ट नंबर प्लेट वाली वैगन-आर कार शामिल थी। अपराध में शामिल विशिष्ट कार की पहचान हो गई। कार के पंजीकरण नंबर के आधार पर विजय एन्क्लेव, डाबड़ी में मालिक के निवास पर छापा मारा गया। हालांकि, यह पता चला कि कार की मालिक सपना का निधन हो चुका था और उनके पति सुनील कुमार तनेजा वाहन का उपयोग कर रहे थे। आगे की जांच से पता चला कि तनेजा गुरुग्राम, हरियाणा में रह रहे थे। तकनीकी निगरानी के माध्यम से सुनील कुमार तनेजा को 5 जुलाई को वैष्णव एन्क्लेव, गुरुग्राम में उनके किराए के आवास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपराध में संलिप्तता स्वीकार की और अपने सह-आरोपी सूरज और सुमित यादव के स्थान का भी खुलासा किया। सूरज को 7 जुलाई जबकि सुमित यादव को 8 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद साजिश का खुलासा हुआ। शोरूम में सेल्स एग्जीक्यूटिव के तौर पर काम करने वाले सुमित यादव ने मुख्य आरोपी सुनील कुमार तनेजा को कैश की जानकारी दी थी। पता चला कि तनेजा और यादव पहले ऑनलाइन कार बिक्री कंपनी स्पिनी में साथ काम कर चुके थे, जहां उन्होंने शोरूम से पैसे चुराने की योजना बनाई थी। पेशे से ड्राइवर सुनील कुमार तनेजा सूरज को नजफगढ़ में एक प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस में साथ काम करने के दौरान जानते थे। जहां उन्होंने 2-3 साल तक साथ काम किया था। चोरी की गई कुल 30 लाख रुपये की रकम में से 15 लाख रुपये मुख्य आरोपी सुनील कुमार तनेजा से बरामद किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### युवक की पेड़ से लटकी मिली लाश

**नई दिल्ली।** वसंत कुंज साउथ थाना इलाके के रंगपुरी इलाके में मंगलवार को एक 21 वर्षीय युवक की लाश पेड़ से लटकी पाई गई। पुलिस शुरुआत में इसे फांसी (आत्महत्या) का मामला मानकर आगे की जांच कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये सफदरजंग अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया गया है। पुलिस के अनुसार जी.डी. नंबर 36ए के तहत मंगलवार को वसंत कुंज साउथ थाने में इस घटना की सूचना मिली। सूचना के बाद पुलिस रुचि विहार, मंगल बाजार रोड पहुंची। एक व्यक्ति के पेड़ से लटका पाया गया। कॉलर हेड कांस्टेबल अनूप ने बताया कि बीट क्षेत्र में नियमित गश्त ड्यूटी पर रहते हुए उन्होंने व्यक्ति को पेड़ से लटके और तुरंत पुलिस स्टेशन को सूचित किया। मृतक की पहचान आकाश के रूप में हुई। मृतक के परिवार के सदस्यों से संपर्क किया गया और उनके बयान दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि आकाश शराब का आदी था। परिवार ने किसी भी तरह की गड़बड़ी या संदेह का आरोप नहीं लगाया है। उन्होंने आगे बताया कि पिछली रात को आकाश का परिवार के सदस्यों के साथ म्यूजिक सिस्टम को लेकर झगड़ा हुआ था। उसने अपने पिता की गाड़ी से म्यूजिक सिस्टम निकालकर अपनी गाड़ी में लगा लिया था। इसके बाद वह घर से चला गया और बाद में खाली प्लॉट में लटका हुआ पाया गया।

### रेलवे पुलिस ने किया बैग चोर गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की रेलवे यूनिट ने भीड़भाड़ वाले रेलवे स्टेशनों पर बैग चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह सीसीटीवी से बचने के लिए कपड़ा व्यापारी के वेश में घूमता था। इनके नाम बिहार निवासी अमित कुमार (37), करण कुमार (27), गौरव (33) और पुनीत महतो (38) बताये गये हैं। बदमश विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर ट्रेन में चढ़ने और उतरने वाले यात्रियों को निशाना बनाते थे। पुलिस के अनुसार यह गिरोह नीले या काले रंग के बैग चुराता था और सीसीटीवी से बचने के लिए चोरी किए गए बैग को उसी रंग के अन्य बैग से बदल देते थे। तीन जुलाई को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर माता वैष्णो देवी कटरा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के डिब्बे ए-1 से पांच बैग चोरी होने की शिकायत मिली। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पुलिस टीम संदिग्धों का पीछा करते हुए पहाड़गंज के एक होटल पहुंची और बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरोह कपड़ा व्यापारी बनकर रेलवे स्टेशन के पास होटल में रुकता था। वे कई खाली काले और नीले बैग ले जाते थे, जिनका इस्तेमाल चोरी की वारदात के समय यात्रियों के बैग से अदला-बदली के लिए करते थे।

### 'भाजपा पुरानी गाड़ियां को बचाने के लिए लाए कानून'

**नई दिल्ली।** अगर भाजपा एक सप्ताह में कानून नहीं लाती है तो साफ हो जाएगा कि उसकी वाहन निर्माता, डीलर्स और स्क्रैपर्स से सांठगांठ है। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने भाजपा सरकार को घेरते हुए मंगलवार को यह आरोप लगाए है। आतिशी ने कहा कि भाजपा कोर्ट जाने का ड्रामा बंद करे, मिडिल क्लास के हित में पुरानी गाड़ियों को बचाने के लिए कानून लाए।

# आजादपुर में किशोर को गोली मारी, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ तीन हमलावरों ने दिया वारदात को अंजाम

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के आजादपुर इलाके में तीन हमलावरों ने एक किशोर पर गोलियां बरसा दी। हमले में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। जहांगीरपुरी निवासी आर्यन (17) को दो गोली लगी हैं और उसे सिविल लाइंस स्थित ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

पुलिस को अस्पताल से घटना की सूचना सोमवार रात करीब सवा 10 बजे मिली। घटना की प्रत्यक्षदर्शी आर्यन की मां नीतू ने पुलिस को बताया कि वह अपने बेटे और दो अन्य लोगों रंजीता और निखिल के साथ आजादपुर में एक कॉलोनी के मुख्य द्वार के सामने पैदल पार पथ के पास खड़ी थीं तभी तीन लोगों ने गोलीबारी शुरू कर दी। शिकायतकर्ता महिला ने हमलावरों की पहचान लड्डू, शमशेर और शानू के रूप में की है। सभी जहांगीरपुरी के रहने वाले हैं। फायरिंग के घायल आर्यन को अन्य लोगों की मदद से तुरंत अस्पताल ले जाया गया। अपराध और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। आदर्श नगर थाने में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई है। पुलिस पीड़ित परिवार से बातचीत कर गोलीबारी की वजह का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# प्रेमी युगल संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिले, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ नजफगढ़ के नंगली इलाके का मामला

नजफगढ़ के नंगली इलाके में 20 वर्षीय युवक और एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में घर में मृत पाये गये। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बताया गया कि घटना रविवार शाम करीब चार बजे द्वारका के नजफगढ़ स्थित नंगली इलाके में स्थित किशोरी के घर पर घटी। दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

पुलिस के अनुसार शुरुआती तहकीकात में पता चला कि युवक (20) और किशोरी (17) ने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि उनके परिवारों ने उनके रिश्ते को अस्वीकार कर दिया था। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि अग्निशमन विभाग के कर्मी पहले ही लोहे का गेट तोड़ चुके थे, जो कमरे में प्रवेश करने का एकमात्र रास्ता था। उन्होंने बताया कि कमरे के अंदर पुलिस ने युवक और किशोरी को बेहोश हालत में फर्श पर पड़ा हुआ पाया। मृतक एक ही इलाके में रहते थे और उनके बीच प्रेम संबंध की बात सामने आई है। इस कारण दोनों के परिवारों के बीच पहले विवाद भी हुआ था। मामला कथित तौर पर कानूनी कार्यवाही तक पहुंच गया था, लेकिन बाद में समझौता हो गया था। दोनों में से किसी के भी शरीर पर कोई बाहरी चोट नहीं पाई गई है। चिकित्सकों की प्रारंभिक जांच में मौत का कारण फांसी लगना बताया गया है, लेकिन पुलिस पोस्टमार्टम की विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस दोनों मृतकों के परिजनों व रिश्तेदारों के बयान दर्ज कर आगे की पड़ताल में जुटी है। हालांकि, मृतक युवक के परिवार ने आरोप लगाया है कि किशोरी के घर बुलाकर साजिश के तहत उसकी हत्या की गई है।

## अमन विहार पुलिस के हत्थे चढ़े चार बदमाश

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले की अमन विहार पुलिस ने चार शातिर चोर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की चार बाइक, एक स्कूटी, तीन लूटे गए मोबाइल फोन, एक चांदी की चेन और अपराध में इस्तेमाल किया गया एक चाकू बरामद हुआ है। डीसीपी रोहिणी राजीव रंजन के अनुसार एसीपी अजय वेदवाल की देखरेख में अमन विहार थाने की एक टीम ने स्नैचिंग, लूट और वाहन चोरी में शामिल इन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी के मुताबिक हाल ही में अमन विहार क्षेत्र में स्नैचिंग और लूट की घटनाएं हुई थी। एक घटना में सेक्टर-22, रोहिणी निवासी शशांक कुमार (34) से उनकी चांदी की चेन और आई फोन लूट लिया गया था। तीन जुलाई को रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने घर के पास टहल रहे थे। बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें चाकू से घायल कर इस वारदात को अंजाम दिया था। शिकायतकर्ता लुटेरों की बाइक की नंबर प्लेट के केवल 4 अंक ही बता सका था। एक अन्य घटना में रविशंकर निवासी डी-1/93, प्रताप विहार, पार्ट-3 केएसएन, दिल्ली से भी उनका मोबाइल फोन छीना गया था। अपराधियों की तलाश के दौरान 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। वारदात में इस्तेमाल उक्त मोटरसाइकिल बहादुरगढ़, हरियाणा में मौजूद पाई गई। वह मोटरसाइकिल एक जुलाई बहादुरगढ़ से चोरी की गई थी। जिस स्थान से मोटरसाइकिल चोरी हुई थी, वहां के सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तो पाया कि तीन व्यक्तियों ने मोटरसाइकिल चुराई है। आरोपियों की तस्वीरें मुखबिरों के साथ शेयर की गई। अपने अथक प्रयासों से पुलिस ने आखिरकार चार लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। इनके नाम आकाश निवासी किराड़ी सुलेमान नगर, किशन गौड़ उर्फ कोच निवासी जेड-1/3, बुध बाजार रोड प्रेम नगर-3, किराड़ी, विष्णु निवासी डी-57, गली नंबर 2, प्रेम नगर-3 और शिवम उर्फ भोला निवासी गली नं.-2, प्रेम नगर-3 पता चलें।

# बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों को तत्काल दूर करें अधिकारी : रविन्द्र इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ रोहिणी सेक्टर 20 में सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य का किया शुभारंभ

बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों को अधिकारी तत्काल दूर करें। समाज कल्याण एवं एससी/एसटी कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने मंगलवार को रोहिणी के सेक्टर 20 में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा आंतरिक सड़कों के सुदृढ़ीकरण के कार्य के शुभारंभ के बाद यह निर्देश अधिकारियों को दिए। मंत्री ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ तय समय पर पूरा किए जाने के निर्देश दिए। इस कार्य के अंतर्गत पॉकेट 10 से पॉकेट डी-4, पॉकेट 14 से पॉकेट सी 1, पॉकेट 8 से पॉकेट 9, पॉकेट बी से पार्क तक, पॉकेट 13 से पॉकेट 9, पॉकेट 5 से पॉकेट 6 तक की जर्जर सड़कों को दुरुस्त किया जाएगा।

इस अवसर पर रविन्द्र इंद्राज सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार की प्राथमिकता लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। क्षेत्र में सड़कों की खराब स्थिति को देखते हुए यह कार्य शुरू किया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी और जीवन की गुणवत्ता में सुधार आएगा। इसके बाद कैबिनेट मंत्री ने स्थानीय निवासियों के साथ क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया।

## कांग्रेस ने उठाए भाजपा जिला कमेटी कार्यालयों की भव्यता पर सवाल, दी मोदी महल की संज्ञा

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने एक बार फिर भाजपा पर सीधा हमला बोलते हुए जिला कमेटी कार्यालय की भव्यता पर निशाना साधते हुए कहा कि यह मोदी महल बन रहे है। उन्होंने आरोप लगाए कि भाजपा नेताओं के ऐशो-आराम का यह दौर चल रहा है जिसमें विधानसभा अध्यक्ष के आलीशान निवास स्थल व सीएम रेखा गुप्ता के फूल कुमारी निवास के बाद अब मोदी महल बनने लगे है। यादव ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा द्वारा महरौली, बाहरी और पश्चिमी दिल्ली में तीन नये जिला कार्यालयों के डिजिटल उद्घाटन पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि जहां दिल्ली की जनता मूलभूत सुविधाओं, स्कूल, अस्पताल, सड़क, फ्लाई ओवर की प्रतीक्षा में है, वहीं भाजपा नेताओं को केवल अपनी भव्य इमारतें और ऐशो आराम की सुविधाएं जुटाने में लगी हुई है। उन्होंने जिला कार्यालयों को मोदी महल बताते हुए सवाल उठाया कि इन आलीशान दफ्तरों के लिए पैसा कहाँ से आया। यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शीशमहल बनाकर दिल्ली में शाही संस्कृति की नींव रखी, जिस पर चलकर भाजपा नेता भी आक्रामकता से आगे बढ़ा रहे हैं। एक ओर दिल्ली जलभराव, बिजली-पानी संकट और यमुना में जहरीले झाग से जूझ रही है, वहीं भाजपा नेता खुद के लिए वातानुकूलित महल बनाने में व्यस्त हैं।

## डीयू के हिंदी विभाग पर एबीवीपी ने किया विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दिल्ली विश्वविद्यालय इकाई ने मंगलवार को हिंदी विभाग में व्याप्त प्रशासनिक अनियमितताओं, शैक्षणिक कार्यों में हो रही अनावश्यक देरी, एवं छात्रों की समस्याओं की अनदेखी के विरोध में एक व्यापक प्रदर्शन का आयोजन किया। जहां विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता व आम विद्यार्थियों ने एक स्वर में प्रशासन की निष्क्रियता और लापरवाही के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा यह था कि पीएचडी नामांकन के परिणामों की घोषणा में विभाग द्वारा जानबूझकर विलंब किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक योजना और भविष्य की दिशा प्रभावित हो रही है। इस प्रदर्शन में एबीवीपी दिल्ली की प्रदेश सह-मंत्री अपराजिता, डूसू के उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, डूसू की सचिव मित्रवृंदा कर्णवाल तथा विभाग संयोजक गार्गी जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

**रेल पहिया कारखाना/बेला**
(जिला - सारण), बिहार - 841221

**ई–निविदा संख्याः– एच डब्लू एल–25, दिनांकः 04.07.2025,** उप–मुख्य यांत्रिक अभियंता/अनुरक्षण, रेल पहिया कारखाना, बेला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु भारतीय रेलवे की विशेष निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित ऑनलाइन खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः– **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधिः–** आरडब्ल्यूपी बेला में रिम क्वेंचर, ड्रा फर्नेस, सीडीएलआर और डब्ल्यूएफपीएस के कार्य की अनुसूची के अनुसार इलेक्ट्रिकल कार्य सहित हॉट व्हील क्षेत्र का पुनरुद्धार। **अनुमानित लागतः– ₹ 88,50,000.00 ब्याना (ई एम डी) की राशिः– ₹ 1,77,000.00 निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः–** 30.07.2025 को 15:00 बजे। **वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण विवरण देखी जा सकती हैः–** पूर्ण विवरण और टेंडर/बोली प्रस्तुत करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे के विशेष निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर जाएं। उपरोक्त निविदा के संबंध में परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/रद्दीकरण सहित अद्यतन के लिए निविदाकर्ता(ओं)/बोलीदाता(ओं) को IREPS पोर्टल www.ireps.gov.in से जुड़े रहने के लिए निर्देशित किया जाता है।

कृते उप–मुख्य यांत्रिक अभियंता/मेंटेनेंस/रेपका/बेला
आरडब्ल्यूपी/सीपीआरओ/ए डी भी टी/2025–26/35

## गंदे पानी की आपूर्ति व जल संकट को लेकर कांग्रेस ने दी मटका फोड़ आंदोलन की चेतावनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने दिल्ली में गंदे पानी की आपूर्ति करने व जल संकट को लेकर दिल्ली सरकार को चेतावनी दी है कि अगर इनका समाधान जल्द नहीं किया गया तो मटका फोड आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने बयान जारी करते हुए कहा कि लंबे समय से दिल्ली में जल संकट गहराया हुआ है। जहां कहीं अगर आपूर्ति हो भी रहा है गंदा पानी आपूर्ति किया जा रहा है। इस समस्या से दिल्ली का प्रत्येक नागरिक परेशान है। इसलिए दिल्ली कांग्रेस भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार से इसे सुधारने की मांग करती है और अनसुनी करने पर दिल्ली में जगह जगह मटका फोड़ आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वैसे तो दिल्ली के कई इलाकों में पानी आता ही नहीं और जहां आता भी है तो वह इस कदर प्रदूषित है कि उसमें नालियों और सीवर का पानी मिला प्रतीत होता है। उन्होंने आरोप लगाए कि भ्रष्टाचार में डूबे अधिकारियों को 50 करोड़ की खुली छूट देकर सरकार ने जनता की समस्याओं से ही पल्ला झाड़ लिया है। राजधानी के तीन करोड़ लोग आज भी साफ पीने के पानी से वंचित हैं और उन्हें सीवर मिश्रित, बदबूदार और प्रदूषित पानी पीने के लिए मजबूर किया जा रहा है। जबकि दिल्ली जल बोर्ड को 50 करोड़ तक की परियोजनाओं को बिना किसी उच्च स्तरीय स्वीकृति के खुद ही मंजूरी देने का अधिकार देकर खुल भ्रष्टाचार का लाइसेंस दे दिया गया है।

# शिक्षा के लिए 900 करोड़ रुपए से अधिक की राशि को दी मंजूरी : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार की 10वीं कैबिनेट बैठक में दिल्ली में स्मार्ट क्लासरूम और एनईपी-2020 के कार्यान्वयन के लिए 900 करोड़ रुपए से अधिक की राशि को मंजूरी दी गई है। मीडिया को संबोधित करते हुए दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई 10वीं कैबिनेट बैठक में दिल्ली के शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधारों को मंजूरी दी गई। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के तहत दिल्ली के स्कूली बुनियादी ढांचे में अब तक के सबसे महत्वाकांक्षी परिवर्तनों में से एक है। एनईपी-2020 में अनुभवात्मक शिक्षण, वैयक्तिकृत कोचिंग और व्यक्तिगत शिक्षण अनुभवों पर विशेष बल दिया गया है। इन संस्थानों के निजीकरण के लिए स्मार्ट ब्लैक बोर्ड्स की अत्यधिक आवश्यकता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **बुधन विंद, पुत्र** किशोर विंद, **पताः** झुग्गी नंबर 13, शिव मंदिर के पास, निलोठी, दिल्ली **FIR No. 03/2018, U/s 324 IPC, पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बुधन विंद,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बुधन विंद,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **बुधन विंद, FIR No. 03/2018, U/s 324 IPC, पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
कोमल गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03 (पश्चिम)
कमरा नं. 292 तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8947/OD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सूरज, पुत्रः सुरेन्द्र मंडल, निवासीः ए–509, शकूरपुर, दिल्ली** मे **FIR No. 88/24 U/s 457/380/411 IPC, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सूरज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सूरज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अभियुक्त **सूरज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 12.09.2025** या इससे पहले हाजिर हो।


आदेशानुसार
सुश्री दिव्या अरोड़ा
जेएमएफसी – 04, कोर्ट नं. – 112,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8928/NW/2025

## जनसंघ के संस्थापक मुखर्जी के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन

# राष्ट्रीय अध्यक्ष व सीएम सहित कई भाजपा नेताओं ने देखा नाटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली भाजपा ने जनसंघ के संस्थापक एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर आधारित एक नाट्य 'राष्ट्रवाद के आदिपुरुष' की प्रथम प्रस्तुति मंगलवार को नई दिल्ली के कमानी ऑडिटोरियम में रखी जिसे कार्यकर्ताओं के साथ देखने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी पहुंचे। इसके अलावा अन्य गणमान्य दर्शकों में केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, दिल्ली सरकार में मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, आशीष सूद, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, बांसुरी स्वराज प्रमुख थे। साथ ही वरिष्ठ नेता विनय सहस्त्रबुद्धे एवं श्याम जाजू, अनेक विधायक, पार्षद एवं प्रदेश पदाधिकारी आदि प्रमुख थे।

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने डॉ. मुखर्जी के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन की कल्पना की और मंगलवार को नाट्य करवा कर एक नई प्रेरक रचनात्मक प्रस्तुति कार्यकर्ताओं के समक्ष रखी। इसे देखने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि नाट्य 'राष्ट्रवाद के आदिपुरुष' का चित्रण कर एक अनूठी शुरुआत की है और हम डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों को दिल्ली के जन जन तक लेकर जायेंगे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचार हों या कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए बलिदान हो यह आगे आने वाली सदियों तक भारतवासियों को प्रेरणा देते रहेंगे। वहीं, सचदेवा ने कहा कि इस नाटय के निर्माण के पीछे हमारा भाव था सरल भाषा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, उनकी शिक्षा, राजनीतिक कार्यों एवं कश्मीर के प्रति समर्पण को जनता के समक्ष रखना। नेशनल स्कूल एवं ड्रामा एवं श्रीराम कला केंद्र के 58 कलाकारों के साथ एक मुख्य निर्देशक एवं 16 टेक्निकल स्टाफ सहित 75 लोगों की टीम ने प्रबल भूमिका निभाई है।

## दिल्ली सरकार ने बजट का एक और वादा किया पूरा

# जरूरी विकास कार्यों को बिना किसी बाधा के किया जा सकेगा पूरा : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को बुलाई गई केबिनेट की बैठक में एकीकृत जिला परियोजना निधि/जिला परियोजना निधि (इंटीग्रेटेड डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट फंड/डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट फंड) को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार ने अपने बजट की एक और घोषणा को आज पूरा कर दिया है। उन्होंने बताया कि यह पहल 'परफॉर्म, रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के स्मार्ट सुशासन मंत्र पर आधारित है। हमारी सरकार सिस्टम का विकेंद्रीकरण करना चाहती है, ताकि हर स्तर पर विकास योजनाओं को तेजी से पूरा किया जा सके। कैबिनेट की इस बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अलावा अन्य कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, रविंद्र इंद्राज, कपिल मिश्रा, डॉ पंकज कुमार सिंह, मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**सभी सरकारी जिलों में छोटे लेकिन जरूरी विकास कार्यों को बिना किसी बाधा से पूरा किया जा सकेगा। इन योजनाओं के लिए 53 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी।**



### विकास कार्यों को सरकारी निकायों से कराया जाएगा

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि इस योजना का लक्ष्य दिल्ली के सभी 11 सरकारी जिलों में तात्कालिक प्रकृति के छोटे विकास कार्यों को पूरा करना है। सभी आवश्यक विकास कार्यों को पीडब्ल्यूडी, सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली नगर निगम आदि के माध्यम से कराया जाएगा। यह योजना संबंधित क्षेत्रों में रहने वाले सभी लोगों के लाभ के लिए बनाई गई है।

### कुल 53 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की

मुख्यमंत्री के अनुसार यह योजना पूर्णतः दिल्ली सरकार द्वारा वित्तपोषित है। दिल्ली सरकार ने दोनों योजनाओं के लिए कुल 53 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। इस राशि में से 20 करोड़ रुपये 'इंटीग्रेटेड डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट फंड' के लिए तथा 33 करोड़ रुपये 'डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट फंड' के लिए विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं। इस हिसाब से हर जिले को 3 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इस योजना का संचालन प्रोजेक्ट अप्रूवल कमेटी (पीएसी) द्वारा किया जाएगा।

### डीएम होंगे प्रोजेक्ट अप्रूवल कमेटी के अध्यक्ष

बताया गया कि पीएसी के अध्यक्ष जिलाधिकारी (डीएम) होंगे और सदस्य सचिव अतिरिक्त जिलाधिकारी (एडीएम) होंगे। समिति में एसडीएम (मुख्यालय), बीडीओ, वरिष्ठतम लेखा अधिकारी तथा लाभार्थी विभाग का प्रतिनिधि सदस्य होंगे। इसका लाभ यह होगा कि छोटे लेकिन जरूरी कार्यों में पूरी तरह से पारदर्शिता होगी और वे तेजी से पूरे हो पाएंगे। मुख्यमंत्री के अनुसार इस योजना का उद्देश्य है कि जिला अधिकारी अपने स्तर पर ही छोटे व जरूरी विकास कार्य तुरंत करवा सकेंगे। उन्होंने इसके लिए किसी से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी।

### बुनियादी सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराई जा सकेंगी

मुख्यमंत्री ने इस योजना की जानकारी देते हुए बताया कि ये योजनाएं दिल्ली के ज़मीनी स्तर पर विकास को गति देंगी और लोगों को बुनियादी सुविधाएं जल्द और प्रभावी रूप से उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इस योजना का उद्देश्य ऐसी विकास परियोजनाओं के लिए फंड उपलब्ध कराना है जो बुनियादी ढांचे, सामुदायिक सुविधाओं और सामाजिक कल्याण पर केंद्रित हों। इस फंड से सड़कों, स्कूलों, डिस्पेंसरियों, सामुदायिक केंद्रों आदि जैसी विभिन्न परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य स्थानीय आवश्यकताओं की पहचान करना, परियोजनाओं की योजना बनाना तथा जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए संसाधनों का आवंटन करना है।

### मच्छरों के प्रजनन को लेकर एक्शन में एमसीडी



**नई दिल्ली।** मानसून के बाद हुए जलभराव और उससे उत्पन्न हो रहे डेंगू मच्छरों के मामले में दिल्ली नगर निगम अब एक्शन लेने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। इसे लेकर दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग ने 55 ऐतिहासिक एवं पर्यटक स्थलों पर मच्छरों के प्रजनन की जांच की जिसमें से 16 स्थानों पर मच्छरों का प्रजनन प्रजनन पाया गया जिसे स्थल पर ही नष्ट किया गया। निगम के जन स्वास्थ्य विभाग ने 16 कानूनी नोटिस जारी किए एवं 6 अभियोजन भी दायर किए। मंगलवार को निगम प्रशासन ने यह जानकारी दी। बताया गया कि दिल्ली नगर निगम का जन स्वास्थ्य विभाग मच्छरों के प्रजनन के इन सभी संभावित स्थलों की सघन जांच करता है। इसी दिशा में कार्य करते हुए निगम के जन स्वास्थ्य विभाग ने दिल्ली के स्मारकों एवं पर्यटक स्थलों जैसे हुमायूं का मकबरा, राष्ट्रीय जूलॉजिकल पार्क, कुतुबमीनार कॉम्प्लेक्स, लोटस पौंड सुंदरनगरी नर्सरी आदि स्थलों पर मच्छरों के प्रजनन की जांच की। इस विशेष अभियान के अंतर्गत 55 स्मारकों एवं पर्यटक स्थलों की जांच की गई। स्त्रोत को नष्ट करके मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सकता है। दिल्ली नगर निगम में उपस्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय हांडा ने बताया कि एडीज मच्छर ड्रमों, कूलरों, टीन, टायरों, कबाड़, गमलों, मनी प्लांट और पानी की टंकियों आदि में जमा साफ पानी में पनपता है। जलजमाव के स्त्रोत को नष्ट करके मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सकता है। दिल्ली में स्थित विभिन्न विभागों जैसे निर्माण स्थलों, पार्कों एवं नर्सरी, सरकारी दफ्तर, पुलिस थाने एवं मालखाने, डीटीसी डिपो, डीडीए, दिल्ली जल बोर्ड, नालियां, जल स्त्रोत, स्मारकों, पर्यटक स्थलों आदि में मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल परिस्थितियां पाई जाती हैं।

## एलजी ने 410 अंशकालिक व्यावसायिक शिक्षकों की सेवा मार्च 2026 तक जारी रखने को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में 410 अंशकालिक व्यावसायिक शिक्षकों को मार्च 2026 तक सेवा विस्तार दे दिया है। इसके साथ ही एलजी ने इनके वेतन में वृद्धि करने को भी हरी झंडी दे दी है। इस बारे में राजनिवास सचिवालय की तरफ से मंगलवार को यह जानकारी दी गई। राज निवास के अनुसार दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग ने 402 अर्हता प्राप्त और आठ गैर-अर्हता प्राप्त अंशकालिक व्यावसायिक शिक्षकों के लिए एक अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026



तक सेवाओं के विस्तार की मांग की थी। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव को उपराज्यपाल सक्सेना ने मंजूरी दे दी है। एक अधिकारी ने बताया कि सरकार ने अंशकालिक व्यावसायिक शिक्षकों के पारिश्रमिक और सतत व्यावसायिक शिक्षा के लिए 36 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। सक्सेना ने आतिथ्य एवं पर्यटन व्यावसायिक विषय के अंतर्गत नियुक्त दो संविदा अंशकालिक व्यावसायिक शिक्षकों के अनुबंधों के नवीनीकरण को भी एक मार्च 2025 से 28 फरवरी 2026 तक की अवधि के लिए मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए दिल्ली के चार सरकारी सहायता प्राप्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों में वर्तमान में तैनात नौ अंशकालिक व्यावसायिक शिक्षकों की सेवा को जारी रखने का भी प्रावधान है। अंशकालिक व्यावसायिक शिक्षक 1970 के दशक के अंत से और 2000 के दशक के प्रारंभ से आकस्मिक या संविदा के आधार पर दिल्ली के स्कूलों में काम कर रहे हैं। उन्हें मूल रूप से व्यावसायिक विषय पढ़ाने के लिए नियुक्त किया गया था और वे राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के तहत ऐसा करना जारी रखे हैं, जिसे केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने पूर्ववर्ती व्यावसायिक स्ट्रीम के स्थान पर लागू किया था। एक अधिकारी ने बताया कि ये शिक्षक वर्तमान में एनएसक्यूएफ के अनुरूप कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने में लगे हुए हैं। विभाग के अनुसार, सेवानिवृत्ति और नयी भर्ती के अभाव के कारण अंशकालिक व्यावसायिक शिक्षकों की संख्या में लगातार कमी आ रही है, जिससे कौशल शिक्षा में निरंतरता के लिए मौजूदा शिक्षकों को बनाए रखना महत्वपूर्ण हो गया है।

### निगम की सरकारी जमीन पर कब्जा, प्रशासन मौन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार और नगर निकायों ने दिल्ली में सरकारी जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जों के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। हाल ही में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज देखी गई है। राजस्व विभाग, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और नगर निगम (एमसीडी) के संयुक्त अभियान के तहत कई इलाकों में बुलडोजर चलाया गया है। लेकिन दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन के अंतर्गत आने वाली एक सरकारी जमीन पर हुए कब्जे को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया जा रहा है। भ्रष्टाचार विरोधी संस्थान के अध्यक्ष सुखबीर खत्री ने बताया कि नरेला स्थित पुरानी अनाज मंडी के पास सैनी स्वीट के सामने निगम की जमीन पर अवैध कब्जा कर दुकानें बनाई गई हैं और उसकी शिकायत उपराज्यपाल, निगमायुक्त, क्षेत्रीय निगम उपायुक्त, एसडीएम, क्षेत्रीय पुलिस स्टेशन को भी दी गई लेकिन कोई भी एक्शन नहीं लिया गया है।

### डीटीसी ने जलभराव वाले स्थानों से गुजरने वाली कुछ बस रूटों में किया अस्थाई परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने मानसून के चलते जलभराव वाले कुछ स्थानों को चुना है जहां से होकर गुजरने वाली डीटीसी बसों के रूट में अस्थाई परिवर्तन किया है। डीटीसी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार बारिश के दौरान जलभराव से प्रभावित होने वाले मिन्टो रोड ब्रिज, प्रहलादपुर अंडरपास, जखीरा अण्डरपास व आजाद मार्केट अण्डरपास आदि से होकर गुजरने वाली बसों के रूटों में अस्थाई परिवर्तन किया गया है। डीटीसी मिली जानकारी अनुसार मिन्टों रोड़ ब्रिज के नीचे से गुजरने वाले रूट संख्या 185, 210, 213, 273, 433, 440, 4404, 445, 460, 500, 505, 604, 615, 729, 951. आर एल -77, 752, आर एल-77 एक्स. आदि रूटों की बसें शामिल है। जबकि प्रहलादपुर अंडरपास से होकर गुजरने वाले रूटों में 34. 34 ए, 433, 440 ए, 473 ए, 511, 511 ए, 525. 544, 717, 717 ए आदि रूटों में परिवर्तन हुआ है। जबकि जखीरा अण्डरपास के तहत 108, 234, 2344, 778. 801, 816, 617 एन, 832. 917, 968 व अन्य रूटों को इसमें शामिल किया है। जबकि आजाद मार्केट अण्डरपास से 219, 21951, 232, 233, 2335, 236, 2368, 247 आदि रूटों की बसों को जलभराव के दौरान वैकल्पिक वाया से होकर चलाया जाएगा। डीटीसी ने यात्रियों से अपील की है कि वह यात्रा से पहले पूरी जानकारी लेकर ही निकले। इसके लिए डीटीसी की हेल्पलाइन आदि से जानकारी ली जा सकती है।

### तीन जिला कांग्रेस कमेटियों ने आयोजित किए प्रशिक्षण शिविर

**नई दिल्ली।** संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटियां के प्रशिक्षण शिविरों की श्रृंखला में मंगलवार को पटपड़गंज, नजफगढ़ और चॉदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटियों में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें संबंधित जिला अध्यक्ष, लोकसभा और जिला आब्जर्वर, ब्लाक अध्यक्ष, जिला पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम पटपड़गंज जिला कांग्रेस कमेटी में ध्वजारोहण हुआ और ज्योति प्रज्वलित करने के बाद प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की गई। इस बारे में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि जिला प्रशिक्षण शिविरों में में शामिल होने वाले पदाधिकारी प्रशिक्षण लेकर आने वाले समय की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो रहे है। इन जिला प्रशिक्षण शिविरों में प्रशिक्षण शिविरों में अ भा क कमेटी के सचिव प्रभारी सुखविंदर सिंह डैनी और दानिश अबरार, पूर्व मंत्री हारुन युसूफ और डॉ नरेन्द्र नाथ कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज आदि मौजूद थे।

### टाटा पावर ने जरूरतों और चुनौतियों से निपटने के लिए मिलाया आईआईएमके से हाथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

निजी बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लि. (टाटा पावर डीडीएल) ने ऊर्जा क्षेत्र में उभरती जरूरतों और आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए कुशल पेशेवर तैयार करने के मकसद से भारतीय प्रबंधन संस्थान-कोझीकोड (आईआईएमए) के साथ हाथ मिलाया है। कंपनी प्रवक्ता के अनुसार मंगलवार को हुए इस समझौता ज्ञापन पर टाटा पावर के मुख्य मानव संसाधन और औद्योगिक संबंध मामलों के अधिकारी प्रवीण अग्रवाल और आईआईएम कोझिकोड के निदेशक प्रोफेसर देबाशीष चटर्जी ने हस्ताक्षर किये। टाटा पावर के अनुसार इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा यह भागीदारी ऊर्जा क्षेत्र में भविष्य की जरूरतों के लिए पेशेवरों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। नए पेशेवर न सिर्फ तकनीकी दृष्टि से दक्ष होंगे बल्कि रणनीति के स्तर पर भी जागरूक होंगे, जो तेजी से बदल रहे ऊर्जा परिदृश्य में नवोन्मेष और बदलाव को साकार कर सकते हैं। वहीं दूसरी तरफ चटर्जी ने कहा कि इस भागीदारी ने राष्ट्रीय महत्व के क्षेत्रों को सशक्त बनाने में व्यापक बदलाव लाने वाली शिक्षण-प्रशिक्षण के मामले में आईआईएम-कोझिकोड की प्रतिबद्धता को दोहराया है। टाटा पावर-डीडीएल की परिचालन संबंधी उत्कृष्टता और आईआईएम-कोझिकोड की शैक्षणिक साख मिलकर कुशल और जिम्मेदार ऊर्जा नेतृत्व की नई पीढ़ी तैयार करने में मददगार साबित होगा। जो भारत समेत दुनिया के अन्य भागों के लिए भी अधिक स्मार्ट और पर्यावरण अनुकूल भविष्य का निर्माण करेंगे। विस्तार से जानकारी देते हुए टाटा पावर ने बताया कि इस पार्टनरशिप का उद्देश्य, डोमेन संबंधी क्षमता-निर्माण प्रोग्रामों को तैयार करना, एग्जीक्युटिव एजुकेशन उपलब्ध कराना तथा पावर डिस्ट्रिब्यूशन की बदलती आवश्यकताओं के मद्देनजर एप्लायड रिसर्च जैसे प्रयासों को मिल-जुलकर आगे बढ़ाना है। साथ ही, इसमें नेशनल और इंटरनेशनल कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट्स, इंडस्ट्री एकेडमिक वर्कशॉप और अनुभवात्मक स्टडी टूर्स का आयोजन भी शामिल है।

### सेंट्रल जोन में मिली सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने की हरी झंडी : आईवीपी


**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) की मांग पर दिल्ली के महापौर एवं दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति अध्यक्ष ने सेंट्रल जोन में बिगड़ी हुई सफाई व्यवस्था को ठीक करने के लिए हरी झंडी दे दी है। आईवीपी के नेता एवं वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल एवं हेमचंद गोयल ने बताया कि उन्होंने सोमवार को महापौर राजा इकबाल सिंह एवं स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा से मिलकर सेंट्रल जोन में सफाई व्यवस्था का कार्य तुरंत किसी ऐजेंसी को दिये जाने की मांग की थी। इसके बाद उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर निगम के अधिकारियों की बैठक बुलाकर सेंट्रल जोन में लगातार बिगड़ती जा रही सफाई व्यवस्था को सुचारू करने के लिए जरूरी आदेश जारी कर दिये हैं। गौरतलब है कि आईवीपी के निगम पार्षद हेमचंद गोयल ने बीते शुक्रवार को संपन्न हुई सेंट्रल जोन की बैठक में भी लगातार ध्वस्त होती जा रही सफाई व्यवस्था के मुद्दे को जोर शोर से उठाया था। दोनों नेताओं ने कहा कि सेंट्रल जोन में ठप हुई सफाई व्यवस्था और कॉन्ट्रैक्ट रद्द होने के लिए पूर्व में निगम की सत्ता में रही आम आदमी पार्टी जिम्मेदार है।

**स्वास्थ्य विभाग की हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक**

# बुराड़ी अस्पताल में 55 डायलिसिस मशीनों को किया गया स्थापित : डॉ पंकज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के बुराड़ी अस्पताल में 55 डायलिसिस मशीनों को स्थापित किया जा चुका है। दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में की अध्यक्ष डॉ पंकज कुमार सिंह ने की, इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह को बताया कि उन्होंने कहा कि बुराड़ी और उसके आस-पास के सघन इलाको में रहने वाले



हजारों लोगों को ध्यान में रखते हुए इन 55 डायलिसिस मशीनों को स्थापित किया गया है, जिससे अस्पताल पहुंचने वाले रोगियों की बेहतरीन देखभाल की सुविधा सुनिश्चित होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बहुत जल्द दिल्ली के किसी भी नागरिक को डायलिसिस करवाने के लिए अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़े। उन्होंने बताया कि इस महीने के अंत तक 118 परीक्षणों की सुविधाओं वाला मॉडल डायग्नोस्टिक लैब जनता को समर्पित किया जाएगा।

### 'स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली' के लिए प्रतिबद्ध

बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारी सरकार 'स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली' विजन पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। राजधानी के प्रत्येक नागरिकों को सस्ती, सुलभ और विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए दिल्ली सरकार हेल्थ सेक्टर के इंफ्रास्ट्रक्टर से लेकर सभी तरह की बुनियादी ढांचे को लगातार मजबूत करने में जुटी है।

### हर सरकारी अस्पताल में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र हो जाएंगे स्थापित

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में अब तक 21 प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र चालू हो चुके हैं। इस महीने के अंत तक दिल्ली के प्रत्येक सरकारी अस्पताल में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापित हो जाएंगे। जिससे दिल्ली के आम नागरिक को सस्ती और सुलभ दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।



## खबर संक्षेप

### तोड़फोड़ से पहले निवासियों का पुनर्वास



**फरीदाबाद।** नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि नेहरू कॉलोनी में प्रस्तावित तोड़फोड़ की कार्रवाई के संबंध में कॉलोनी के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया गया। कॉलोनीवासियों की चिंताओं और सुझावों को गंभीरता से सुना गया। आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ की कार्रवाई से पूर्व इस विषय को राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो पर किया 2500 का चालान



**फरीदाबाद।** सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एनआईटी क्षेत्र के एक चौराहे पर एक थ्री-व्हीलर चालक द्वारा सड़क पर लगाए गए एक प्लास्टिक बैरिकेड को जानबूझकर पैर से दबाकर क्षतिग्रस्त करते हुए देखा गया। ट्रैफिक पुलिस ने इस वीडियो का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई की। थ्री-व्हीलर की पहचान कर प्रशासनिक नियमों के तहत उसका चालान किया गया। डीसीपी ट्रैफिक जयवीर राठी ने कहा कि सार्वजनिक एवं सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना एक गंभीर विषय है।

### लड़ाई-झगड़े के मामले में तीन गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** लड़ाई-झगड़े के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने तीन आरोपियों को काबू किया है।रिजवान ने शिकायत दी कि 13 जून की रात को जब वह अपने भाई साहिल व इरफान के साथ खाना खाने गया था। खाना खाने के बाद साहिल गाडी लेने मस्जिद के पास गया तो वहां पहले से ही कुछ लड़के खड़े थे। जिन्होंने साहिल के ऊपर लाठी व डंडो, लोहे की राड, धारदार हथियार से हमला कर उसको घायल कर दिया।

### महिला सहित दो नशा तस्कर काबू, गांजा बरामद



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा ऊंचा गांव व डीएलएफ की टीम ने अलग-अलग मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 686 ग्राम गांजा बरामद किया है। अपराध शाखा की टीम ने कार्रवाई करते हुए रंजीत निवासी राहुल कॉलोनी को 284 ग्राम गांजा के साथ तथा अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने स्नेह के पास से 402 ग्राम गांजा सहित काबू किया है, जिनके विरुद्ध संबंधित थानों में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के अंतर्गत मामले दर्ज किए गए।

### अवैध हुक्का बार चलाने वाले दो युवक गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** थाना मसूरी पुलिस ने अवैधरूप से हुक्काबार चलाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 4 हुक्का, 1 काली नोजल, 1 काली चिलम, नौ पैकेट तम्बाकू, 5 गोल्ड फ्लैग, 5 पैकेट मौलासिस, 2 पैकेट 7 एक्स अफजल तम्बाकू बरामद किया गया है । एसीपी लिपि नगाइच ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर जुनैद निवासी डासना को गिरफ्तार किया।

---

### जीडीए भी जुटा कांवड़ यात्रा की तैयारी में

# उपाध्यक्ष ने दिए कांवड़ रूट पर गड्ढे भरने व बिजली के खंबों को पूरी तरह प्लास्टिक शीट से ढकने के निर्देश

प्राधिकरण उपाध्यक्ष शने कावंड यात्रा के मद्देनजर प्राधिकरण के अभियंत्रण और विद्युत अनुभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

कावंड यात्रा को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देशन मे गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने भी तैयारियां तेज कर दी है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष शने कावंड यात्रा के मद्देनजर प्राधिकरण के अभियंत्रण और विद्युत अनुभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की । इस दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि प्राधिकरण के देखरेख वाली कालोनियों में कावंडियों की वापसी के दौरान किसी तरह की असुविधा न हो,इसके लिए सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के साथ साथ स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत आदि का कार्य पूरा कर लिया जाए। संबंधित अनुभाग के अधिकारियों के द्वारा अवगत कराया गया कि प्राधिकरण के अभियंत्रण अनुभाग के द्वारा राजनगर एक्सटेंशन के खासतौर से आशियाना वाली 24 मीटर रोड के साथ ही वीवीआईपी और देविका स्काईपर्स रोड के आस-पास सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का कार्य तेज कर दिया है।




### तेजी से कराया जा रहा स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त

कावंडियों की वापसी के दौरान रात्रि में दूर तक अंधकार न रहे इसके लिए स्ट्रीट लाइटों को भी ठीक कराया जा रहा है। मनन धाम फाटक से मधुबन बापू धाम गोल चक्कर के आस-पास लगभग दो किलो मीटर के हिस्से में अस्थाई तरीके से पिछले सालों की तरह लाइटें लगवाई जा रही है,ताकि मनन धाम,मधुबन बापू धाम होते हुए शहर के विभिन्न हिस्सों में लौटने वाले कावंडियों को किसी तरह की असुविधा न हो।

### बरसात के दौरान अनहोनी से बचने के उपाय पर दिया जा रहा जोर

प्राधिकरण के द्वारा टीलामोड से लोनी फ्लाई ओवर के बीच के भी लाइटों को ठीक कराया जा रहा है। इसके साथ साथ प्राधिकरण की देखरेख में आने वाली कालोनियों में बिजली और स्ट्रीट लाइट के पोलों को प्लास्टिक की सीट से कवर कराने का भी कार्य तेज कर दिया गया है,ताकि बरसात के दौरान करंट उतरने से किसी तरह की अनहोनी की आशंका को पहले से दूर किया जा सकें।

---

### कैबिनेट मंत्री पर लगाया आरोप

# पुलिस का नोटिस मिलने पर भरी सभा में फूट-फूट कर रोई मानेसर की मेयर

मानेसर की मेयर डॉ इंद्रजीत यादव भरी पंचायत में फूट-फूटकर रोने लगी। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें हयातपुर में आयोजित पंचायत में उन्होंने कहा कि केंद्रीय और राज्यमंत्री के बीच के विवाद में उनका परिवार पिस गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

खेड़कीदौला थाना में दर्ज हुए पार्षद के चचेरे भाई का किडनेप कर मारपीट के मामले में पति नाम सामने आने पर मानेसर की मेयर डॉ. इंद्रजीत यादव भरी पंचायत में फूट-फूटकर रोने लगी। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें हयातपुर में आयोजित पंचायत में उन्होंने कहा कि केंद्रीय और राज्यमंत्री के बीच के विवाद में उनका परिवार पिस गया है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री राव



नरबीर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे अपने चहेते प्रत्याशी की हार बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं जिसके कारण उनके पति पर झूठे केस दर्ज कराकर उन पर दबाव बना रहे हैं। इंद्रजीत यादव ने राव नरबीर पर आरोप लगाया कि वह चाहते हैं कि नगर निगम मानेसर के यह चुनाव रद्द हो जाएं और दोबारा चुनाव उनके मन मुताबिक हो। ऐसे में वह हर संभव प्रयास कर उनके परिवार पर एक षड़यंत्र के तहत दबाव बना रहे हैं।

डॉ. इंद्रजीत ने कहा कि पार्षद दयाराम के चचेरे भाई पर हुए हमले के मामले में उनके पति राकेश का नाम गलत तरीके से एफआईआर में लिखवाया है। जबकि वारदात के समय पति राकेश उनके साथ मौजूद थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कैबिनेट मंत्री पहले भी उनके साथ ऐसा कर चुके हैं।

### पार्षद के चचेरे भाई ने कराया केस दर्ज

मानेसर के पार्षद पार्षद दयाराम के चचेरे भाई प्रदीप पर हमला हुआ था। आरोप है कि हमलावरों ने उसके गले से 2 तोले की सोने की चेन, जेब से 12,000 कैश भी छीन लिया। उनके हक में वोट नहीं देने पर मरवाने की धमकी दी । पुलिस ने परमजीत सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, जिसमें मेयर के पति के नाम का जिक्र किया गया है।

### मेयर के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को हराया

आपको बता दें कि नगर निगम मानेसर चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुंदर लाल यादव को निर्दलीय प्रत्याशी डॉ इंद्रजीत ने धूल चटाई थी। बताया जा रहा है कि जहां सुंदर लाल को जिताने में कैबिनेट मंत्री राव नरबीर ने पूरा जोर लगा दिया था। वहीं, चर्चा यह भी है कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने अंदरखाने निर्दलीय प्रत्याशी को सपोर्ट किया था। ऐसे में दोनों मंत्रियों के बीच चले आ रहे मतभेद में मानेसर नगर निगम की मेयर पिस रही हैं। डॉ इंद्रजीत यादव ने पंचायत में कहा कि जिस तरह की राजनीति कर उनके परिवार पर दबाव बनाया जा रहा है उससे साफ है कि जनता की सेवा करने वाले को राजनीति का शिकार बनाकर अपना उल्लू सीधा करने का पुरजोर प्रयास किया जा रहा है। वहीं, पंचायत में मौजूद लोगों ने साफ कर दिया कि वह हर हालत में डॉ इंद्रजीत और उनके परिवार के साथ हैं।

### मेयर के पति राकेश को पुलिस ने भेजा नोटिस

*पार्षद के चचेरे भाई पर हमले की एफआईआर को लेकर मेयर के पति राकेश को पुलिस ने नोटिस दिया था और इस पूरे मामले में थाने में आकर जवाब देने की बात कही थी, लेकिन नोटिस देने के बावजूद भी राकेश अपने बयान दर्ज करने नहीं पहुंचा। जिसके बाद पुलिस ने राकेश यादव से पूछताछ के लिए उसके घर दबिश कर दी। हालांकि इस दौरान राकेश घर पर मौजूद नहीं था, लेकिन इस बीच मेयर इंद्रजीत यादव के समर्थक बड़ी संख्या में उनके घर के पास जुटने लगे। इसके बाद गांव के ही अंबेडकर भवन में एक पंचायत रखी गई। जिसमें मेयर इंद्रजीत यादव पहुंची और अपने पति के पक्ष में लोगों से अपील की के उनके साथ खड़े हो।*

---

### परिजनों ने दर्ज नहीं कराई एफआईआर

# ज्योति मर्डर केस में महिला पुलिस कर्मी की शिकायत पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

राजेंद्रा पार्क इलाके में हुए ज्योति मर्डर केस में महिला के मायके और ससुराल जनों की ओर से शिकायत दर्ज नहीं कराने पर महिला पुलिस कर्मी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आनंद गार्डन चौकी में तैनात महिला हेड कॉन्स्टेबल मेनका की शिकायत पर पुलिस ने ज्योति के पति केतन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जिसके बाद पुलिस ने मंगलवार को एसजीटी मेडिकल कॉलेज में ज्योति का पोस्टमॉर्टम करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं लव मैरिज के चलते ज्योति के परिजन अभी भी नाराज हैं, वे उसका शव तक लेने के लिए सामने नहीं आए हैं। जिसके चलते ससुरालवालों की सहमति से ज्योति का अंतिम संस्कार राजेंद्र पार्क में ही किया जाएगा।

### ससुराल वालों की सहमति से होगा अंतिम संस्कार

शिकायत में लेडी हेड कॉन्स्टेबल मेनका ने बताया कि वह चौकी में अपनी ड्यूटी पर थी। इसी दौरान एक बुजुर्ग और युवक वहां पहुंचे। कहा कि उसने अपनी पत्नी को मार दिया है, पुलिस कार्रवाई की जाए। जिस पर वह राजेंद्रा पार्क थाना में अधिकारियों को सूचना देकर उनके मकान पर पहुंची। जहां पहले फ्लोर पर ज्योति मृत हालत में पड़ी थी। वहीं जांच अधिकारी इंद्रवेश फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। लेकिन ज्योति के मायके और ससुराल जनों की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली तो पुलिस केस दर्ज नहीं कर सकी। पोस्टमॉर्टम भी नहीं हुआ। इस बाबत पुलिस ने ज्योति के मायके वालों से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि लव मैरिज होने के दौरान ही 6 साल पहले उन्होंने ज्योति से संबंध समाप्त कर लिया था।

### छह साल पहले की थी लव मैरिज

पुलिस जांच में सामने आया कि राजेंद्रा पार्क के बी-ब्लॉक में केतन अपने परिवार के साथ रहता है। वह नोएडा के जेवर एयरपोर्ट पर कार्गो में काम करता है। करीब छह साल पहले केतन ने ज्योति से लव मैरिज की थी। उसकी पत्नी ज्योति (31) दिल्ली के बिंदापुर की रहने वाली है और एक कंपनी में नौकरी करती थी। दोनों की नौकरी के दौरान ही मुलाकात हुई थी और उन्होंने शादी कर ली। प्रेम विवाह के बाद ही ज्योति (मृतका) के परिवार वालों ने उससे दूरी बना ली थी। शादी के बाद केतन और ज्योति की दो बेटियां हैं, जिसकी उम्र चार साल व दो साल है।

---

# साइबर ठगी केस में अकाउंट मुहैया कराने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर क्राइम मानेसर थाना पुलिस ने स्टॉक ट्रेडिंग में इन्वेस्टमेन्ट करके अच्छा मुनाफा कमाने का प्रलोभन देकर ठगी करने के मामले में अकाउंट मुहैया कराने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आगामी कार्रवाई के लिए आरोपियों को अदालत में पेश करेगी।

दरअसल, साइबर क्राइम मानेसर थाना में बीती 26 जुलाई को एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि जालसाजों ने उसके साथ व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से स्टॉक ट्रेडिंग में इन्वेस्टमेन्ट करके अच्छा मुनाफा कमाने का प्रलोभन देकर ठगी कर ली। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

मामले में कार्रवाई करते हुए एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान की अगुवाई में साइबर क्राइम मानेसर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार की टीम ने इस ठगी केस में



अकाउंट मुहैया कराने वाले तीन आरोपियों को गुड़गांव से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान राजस्थान के कोटा निवासी सिद्धार्थ मेघवाल, दीपेंद्र नागर व यूपी के इटावा निवासी शिवकुमार के रुप में हुई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि इस केस में ठगी गई राशि में से लगभग 13 लाख रुपए आरोपी राजकुमार के बैंक खाते में ट्रांसफर हुए थे। आरोपी राजकुमार ने यह बैंक खाता आरोपी दीपेंद्र को 10 हजार रुपए में बेचा था। आरोपी दीपेंद्र ने यह बैंक खाता आरोपी सिद्धार्थ को 20 हजार रुपए में बेचा था व आरोपी सिद्धार्थ ने यह बैंक खाता किसी अन्य व्यक्ति को 30 हजार रुपए में बेचा था।

---

### डासना में अवैध कालोनियों पर जीडीए का बुलडोजर

# कल्लूगढ़ी के 54 व कुशलिया के 4 बीघा अवैध कॉलोनी ध्वस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए का बुलडोजर मंगलवार को डासना क्षेत्र मे अवैध कालोनियों पर चला। जिसके दो कालोनियों को धवस्त कर दिया गया।

अवैध निर्माण/ अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 के नेतृत्व में मौ दानिश एवं शनितिन द्वारा खसरा संख्या-1618, 1619, 1620, 1627, 1628, 1629 व 1630, ग्राम डासना देहात, कल्लूगढ़ी, गाजियाबाद पर लगभग 44.00 बीघा में, असलम चौधरी व मौलाना अहमद मदनी व महसूर असन मदनी द्वारा खसरा संख्या-2524क, 2525 व 2526, डासना एनएच-24, गाजियाबाद पर लगभग 10 बीघा में व मोहम्मद फरमान व मौ. शकील द्वारा खसरा सं-1126, ग्राम-कुशलिया, गाजियाबाद पर लगभग 4 बीघा में अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल, सड़क, नाली आदि के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/ निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियंत्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गयी कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों का क्रय/विक्रय न करें।

---

### महिला एवं बाल विकास विभाग की सराहनीय पहल

# विशेष आवश्यकता वाले बच्चे को अमेरिका में मिला घर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

महिला एवं बाल विकास विभाग फरीदाबाद के अंतर्गत कार्यरत जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति एवं निजी संस्थान के समन्वित प्रयासों से एक विशेष आवश्यकता वाले बच्चे को अमेरिका के केंटकी शहर में स्थायी रूप से गोद लिया गया। यह एक प्रेरणादायक और भावनात्मक पल रहा, जो सामाजिक सहभागिता एवं संवेदनशीलता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है।

इस संबंध में जिला बाल संरक्षण इकाई की अधिकारी गरिमा ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त बच्चा पिछले लंबे समय से फरीदाबाद स्थित निजी संस्थान की देखरेख में रह रहा था। संस्थान द्वारा उसकी शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य एवं विशेष देखभाल की व्यवस्था निरंतर की जा रही थी। अब यह बच्चा अंतरराष्ट्रीय दत्तक प्रक्रिया के माध्यम से केंटकी अमेरिका के एक दंपत्ति द्वारा गोद लिया गया है, जहां उसे सुरक्षित, सम्मानजनक और समुचित देखभाल के साथ जीवन यापन का अवसर प्राप्त होगा।

### जगी नई आशा अधिकार व अवसर

इस अंतरराष्ट्रीय दत्तक प्रक्रिया में बाल कल्याण समिति और जिला बाल संरक्षण इकाई ने सभी वैधानिक एवं कानूनी प्रावधानों का संपूर्ण पालन करते हुए पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ प्रक्रिया को पूर्ण कराया। गरिमा ने कहा कि यह केवल एक गोद लेने की घटना नहीं, बल्कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक नई आशा, अधिकार और अवसर का प्रतीक है। यह पहल समाज को यह संदेश देती है कि ऐसे बच्चों को भी स्नेह, सम्मान और जीवन में आगे बढने का पूरा अवसर मिलना चाहिए।

---

### 11 एवं 12 जुलाई को दो दिवसीय विशाल आयोजन

# हरिद्वार में आयोजित होगा अग्रवाल भव्य वैश्य समाज का सावन पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा की अग्रणी संस्था अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा द्वारा आगामी 11 एवं 12 जुलाई 2025 को पवित्र नगरी हरिद्वार में सावन पर्व का दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। समाज के प्रदेश संगठन मंत्री केदारनाथ अग्रवाल ने बताया कि सावन मास की पवित्रता एवं हरियाली से ओतप्रोत आयोजन की शुरुआत 11 जुलाई को प्रातः11 बजे होगी। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कार्यसमिति की बैठक, समाज के लिए विशेष कार्य करने वाले पदाधिकारियों का सम्मान समारोह, हर की पावन पैडी पर गंगा स्नान एवं महाआरती तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अध्यक्षता में होने वाले आयोजन में 11 जुलाई को ऋषिकेश के विधायक एवं उत्तराखंड के पूर्व कैबिनट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल मुख्यातिथि, प्रसिद्ध समाजसेवी नवीन गोयल व राष्ट्रीय नवचेतना मंच के चेयरमैन विजय सोमाणी विशिष्ट अतिथि एवं सोनीपत के भाजपा जिला प्रभारी पंकज जैन बतौर स्वागताध्यक्ष कार्यक्रम में शिरकत करेंगे तथा 12 जुलाई को जिला अधिकारी देहरादून सविन बंसल मुख्यातिथि, आयुक्त नगर निगम नमामी बंसल बतौर विशिष्ट अतिथि होंगी।

### उद्देश्य वैश्य समाज को एक साथ जोड़ना

उन्होंने कहा कि हरिद्वार स्थित श्री राधाकृष्ण धाम के परिसर में संपन्न होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य वैश्य समाज को एक साथ जोड़ना सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना तथा सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाना है। इस मौके पर उन्होंने अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस सावन पर्व में सपरिवार सहभागी बनकर आयोजन की गरिमा को बढ़ाएं और इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाएं। यह आयोजन वैश्य समाज की समरसता, सहयोग व बंधुत्व के नए आयाम स्थापित करेगा।

---

# ग्रेफा एसोसिएशन ने सीपी और डीसीपी से मुलाकात कर उठाए सुरक्षा एवं प्रशासनिक मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद की विभिन्न सोसायटियों की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के प्रतिनिधित्व में गठित ग्रेफा एसोसिएशन के सदस्यों ने मंगलवार को फरीदाबाद के पुलिस आयुक्त सतेंद्र गुप्ता एवं डीसीपी सेंट्रल ऊषा रानी से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नहर पार क्षेत्र की सोसायटियों में रह रहे हजारों नागरिकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुरक्षा और जनसुविधा संबंधित मुद्दे प्रमुखता से रखे।

बैठक के दौरान ग्रेफा एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने पुलिस आयुक्त के समक्ष क्षेत्र में घटती गश्त, असामाजिक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों, ट्रैफिक अव्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा, सीसीटीवी कवरेज की कमी तथा स्थानीय पुलिस की आरडब्ल्यूए के साथ समन्वय की कमी जैसी गंभीर समस्याएं रखीं। इस पर पुलिस आयुक्त सतेंद्र गुप्ता ने पूरी गंभीरता से बातों को




सुना और डीसीपी सेंट्रल को निर्देश दिए कि वह इन समस्याओं के समाधान हेतु जरूरी कदम उठाएं और संबंधित अधिकारियों के साथ तत्काल बैठक करें। पुलिस आयुक्त के निर्देशों के बाद ग्रेफा प्रतिनिधिमंडल ने डीसीपी सेंट्रल ऊषा रानी से मुलाकात की। वहां डीसीपी ने प्रतिनिधियों से विस्तृत जानकारी ली और आश्वासन दिया कि प्रशासन आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्रेफा से आग्रह किया कि वे एक विस्तृत समस्या सूची लिखित रूप में तैयार कर शुक्रवार तक कार्यालय में प्रस्तुत करें।

### रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने पर चर्चा

इस बैठक में क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने, महिला सुरक्षा के लिए पुलिस पेट्रोलिंग पॉइंट स्थापित करने, ट्रैफिक प्रबंधन में सुधार लाने तथा स्थानीय थानों और आरडब्ल्यूए के बीच संवाद एवं समन्वय को बेहतर करने जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। ग्रेफा एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट ओपी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बैठक नागरिकों की सुरक्षा और प्रशासनिक सुधारों की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि सोसायटियों के निवासी लंबे समय से बुनियादी सुरक्षा सुविधाओं की मांग कर रहे हैंए जिन्हें अब प्रशासन के सहयोग से पूरा किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ग्रेफा एसोसिएशन का उद्देश्य केवल शिकायत करना नहीं, बल्कि प्रशासन के साथ मिलकर समाधान निकालना है। शुक्रवार को होने वाली बैठक में सभी सोसायटियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे और मिलकर एक रोडमैप तैयार किया जाएगा ताकि ग्रेटर फरीदाबाद को सुरक्षित, व्यवस्थित और नागरिकों के लिए सुगम बनाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### तेजस्वी ने पत्नी का नाम क्यों बदलवाया: गिरिराज



**पटना।** केंद्रीय मंत्री और सांसद गिरिराज सिंह ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है। कहा कि तेजस्वी खुद को समाजवादी बताते हैं। फिर अपनी पत्नी का नाम क्यों बदल दिया। अगर उनकी पत्नी क्रिश्चन थी तो इससे क्या दिक्कत है। वो किस तरह से वोटर बनीं हैं, इसकी जांच होनी चाहिए। आधार कार्ड पर स्पष्ट लिखा है कि यह नागरिकता को प्रमाण नहीं करता है।

### दाल में प्याज देख भड़के कांवरियां, तोड़फोड़ की



**मुजफ्फरनगर।** यहां एक होटल पर खाना खाते समय कांवरियों का गुस्सा भड़क गया। दाल में प्याज देख कांवरियां आक्रोशित हो गए और ढाबे पर बवाल काटा। जमकर तोड़फोड़ की। इस दौरान एक कर्मचारी घायल हो गया। एक कांवरियां को भी चोट लग गई है। अन्य कर्मचारियों ने भागकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह कांवरियों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

### शिक्षक ने 9 साल की बच्ची से किया बलात्कार



**रांची।** झारखंड के सिमडेगा जिले में एक सरकारी स्कूल टीचर द्वारा कथित तौर पर नौ साल की लड़की से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। सिमडेगा के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद अर्शी ने बताया कि आरोपी सरकारी स्कूल टीचर और दो अन्य को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि लड़की की मां ने कुर्डेग पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।

# जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की आलीशान कोठी पर चला बुलडोजर

ये कोठी सरकारी जमीन पर बनाई गई है। इसको लेकर नोटिस जारी किया गया था। बेदखली का आदेश भी दिया गया। जिसके बाद अब कोठी पर बुलडोजर एक्शन हुआ है। इसी कोठी में जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा अपने गैंग के लोगों के साथ रहता था और यहीं से अपने काले सामाज्य का संचालन करता था।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में अवैध धर्मांतरण गैंग चलाने वाले जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की आलीशान कोठी पर बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया है। ये कोठी अवैध तरीके से बनाई गई थी। बताया जा रहा है कि यह वही कोठी है जिसमें छांगुर बाबा अपने गैंग के लोगों के साथ रहता था और यहीं से अपने काले साम्राज्य का संचालन करता था। गौरतलब है कि बलरामपुर में छांगुर बाबा के अवैध धर्मांतरण के काले कारनामे उजागर होने के बाद पुलिस-प्रशासन भी हरकत में आ गया है। जांच-पड़ताल के दौरान पता चला कि छांगुर बाबा ने कोतवाली उतरौला क्षेत्र के मधपुर गांव में जो आलीशान कोठी बनवा रखी है, वह अवैध है। ये कोठी सरकारी जमीन पर बनाई गई है। इसको लेकर नोटिस जारी किया गया था। बेदखली का आदेश भी दिया गया। जिसके बाद अब कोठी पर बुलडोजर एक्शन हुआ है। मौके पर एसडीएम, सीओ समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



**अवैध धर्मांतरण केस में एक्शन, बलरामपुर में फोर्स तैनात**

### अवैध अतिक्रमण करके बनाई गई थी कोठी

जानकारी के मुताबिक इस कोठी में छांगुर बाबा, नवीन रोहरा और नीतू रोहरा के साथ रहता था। जिस जमीन पर यह कोठी बनाई गई है वह गाटा संख्या 337/370 की जमीन में अवैध अतिक्रमण करके बनाई गई है। यह जमीन नीतू नवीन अरोड़ा के नाम से है। जमीन की पैमाइश पूरी होने के बाद बुलडोजर की कार्रवाई की गई। इससे पहले जिला प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण हटाने का नोटिस चस्पा किया था। हालांकि, छांगुर बाबा के परिजनों के विरोध की वजह से कल पैमाइश नहीं हो सकी थी।

### जिला प्रशासन की टीम तीन बुलडोजर लेकर कोठी पहुंची थी

दरअसल, मंगलवार सुबह जिला प्रशासन की टीम तीन बुलडोजर लेकर कोठी पहुंची और अवैध निर्माण को तोड़ना शुरू किया। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। कोठी के मेन गेट पर ताला लगा हुआ था। कहा जा रहा है कि ये कोठी करीब 3 करोड़ लागत से 3 बीघा जमीन में बनी है, जो कि छांगुर की करीबी नीतू उर्फ नसरीन के नाम पर है।

## बिहार कैबिनेट बैठक में 43 एजेंडों पर लगी मुहर

# सरकारी नौकरियों में महिला आरक्षण का लाभ अब दूसरे राज्य की लड़कियों को नहीं

नीतीश कैबिनेट की बैठक में 43 एजेंडों पर मुहर लगाई गई। विभिन्न विभागों से जुड़े बेहद ही खास एजेंडों पर मुहर लगाई गई है। खास तौर पर बिहार युवा आयोग के गठन की मंजूरी दी गई है। इसके अलावा नीतीश कैबिनेट में महिलाओं को लेकर बेहद खास फैसला लिया गया कि अब सिर्फ बिहार की मूल निवासी महिलाओं को सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी नौकरियों में प्रभावी तौर पर डोमिसाइल बढ़ाकर 74 प्रतिशत कर दिया है। जातीय और आर्थिक आरक्षण वाली 60 फीसदी सीटों पर पहले से ही बिहार के लोगों का हक था। नीतीश कैबिनेट ने अब बिहार की सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 2016 से लागू 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का दायरा बिहार की मूल निवासी महिलाओं के लिए रिजर्व कर दिया है। इसका असल असर अनारक्षित वर्ग के 40 फीसदी पदों पर होगा, जिसका 35 प्रतिशत 14 बनता है। नीतीश कैबिनेट के फैसले से 74 फीसदी पद पर एक तरह से डोमिसाइल प्रभावी हो गया है।

### विधानसभा में उठे सवाल पर निर्णय लिया गया



अब दूसरे राज्य की लड़कियों को बाहरी लड़कों की तरह अनारक्षित (सामान्य) सीटों की मेरिट लिस्ट में ही जगह बनानी होगी। बिहार में तीन चरण में संपन्न हो चुकी शिक्षक बहाली में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल समेत दूसरे राज्यों की महिलाओं का बड़ी संख्या में चयन हुआ है। इनका चयन अनारक्षित 40 फीसदी सीटों के जरिए हुआ है। जातीय और आर्थिक आधार पर आरक्षित 60 फीसदी रिजर्व सीटों पर बिहार के लोग ही आवेदन कर सकते हैं। दूसरे प्रदेश की लड़कियों को बड़ी संख्या में नौकरी मिलने के बाद विधानसभा में इस पर सवाल उठा था, जिसके बाद से सरकार पर दबाव था कि वो महिलाओं के आरक्षण को बिहार के लिए रिजर्व करे। यह फैसला उसी मकसद से हुआ है। अगर आपके मन में सवाल हो कि बिहार की सरकारी नौकरियों में डोमिसाइल 74 परसेंट कैसे हो गया है, तो इसका गणित समझिए। जाति आधारित सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने 9 नवंबर 2023 को जातीय आरक्षण को बढ़ाकर 65 परसेंट किया था, जिसे हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। बिहार में इस समय अति पिछड़ा वर्ग को 18 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग को 12 फीसदी, अनुसूचित जाति को 16 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 1 परसेंट और ओबीसी महिलाओं को 3 प्रतिशत आरक्षण है। इसके ऊपर आर्थिक पिछड़ा वर्ग को 10 फीसदी कोटा मिला है। टोटल 60 परसेंट।

### दिव्यांगजनों के लिए फैसला

नीतीश कैबिनेट में दिव्यांगजनों को लेकर भी फैसला लिया गया कि मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और सामान्य वर्ग के पुरुष दिव्यांग अभ्यर्थियों को बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 50 हजार और यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण होने पर एक लाख की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### इन विभागों से जुड़े मुद्दे पर मिली स्वीकृति

*वहीं नीतीश कैबिनेट की बैठक में कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वित्त विभाग के अलावा कई अन्य विभागों को लेकर अहम मुद्दों पर मंजूरी दी गई। नीतीश कैबिनेट के जरिए अनियमित मानसून और सूखे जैसी स्थिति में फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को डीजल अनुदान देने को लेकर 100 करोड़ रुपए खर्च की स्वीकृति दी है।*

### गोपाल खेमका मर्डर केस में पुलिस का खुलासा

# बिल्डर अशोक साह ने कराया मर्डर 4 लाख में डील, जमीन को लेकर था विवाद, डेढ़ महीने पहले रची गई साजिश



एजेंसी ▶▶ पटना

यहां गोपाल खेमका मर्डर केस की गुत्थी लगभग सुलझ गई है। मंगलवार को पटना पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर पहले एक आरोपी को एनकाउंटर में मार गिराया, फिर कारोबारी अशोक साव को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले सोमवार को पुलिस ने शूटर उमेश यादव को गिरफ्तार कर लिया था। माना जा रहा है कि कारोबारी अशोक साव ही इस पूरे हत्याकांड का मास्टरमाइंड है जिसने उमेश को गोपाल खेमका की सुपारी दी थी।

### शूटर उमेश यादव ने ली थी खेमका की सुपारी

एक दिन पहले पुलिस ने उमेश यादव नाम के एक शूटर को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसे मालसलामी इलाके से गिरफ्तार किया। उमेश कुमार की निशानदेही पर कोतवाली थाना से सटे उदयगिरी अपार्टमेंट में एसटीएफ और पटना पुलिस ने छापेमारी की थी। शूटर उमेश ने ही खेमका के नाम की सुपारी ली थी। पुलिस ने गंगा किनारे से हथियार भी बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि छापेमारी में अशोक साह के घर पर भारी मात्रा में जमीन के कागजात और 70 राउंड गोलियां मिली हैं। पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि इस केस की जांच में पटना के सभी सीसीटीवी को खंगाला गया, तकनीकी सबूत जुटाए गए।

### विकास उर्फ राजा ने दिए थे हथियार

वहीं पटना पुलिस ने एनकाउंटर में विकास उर्फ राजा नाम के एक आरोपी को मार गिराया है। पटना के माल सलामी इलाके में रात 2:45 बजे हुई इस मुठभेड़ में राजा मारा गया। माना जा रहा था कि उसके तार शूटर उमेश यादव से जुड़े थे। घटनास्थल से पुलिस ने एक पिस्टल, गोलियां और खोखे बरामद किए गए हैं। राजा ने ही गोपाल खेमका की हत्या के लिए उमेश को हथियार मुहैया कराया था।

## पेज एक का शेष

### भारत-अमेरिका व्यापार...

टैरिफ से जुड़ी उक्त समय सीमा को 1 अगस्त तक बढ़ाने का तर्क भी दिया गया है। वहीं, सूत्रों ने भारत-अमेरिका के बीच हुए समझौते को मिनी यानी सीमित व्यापार समझौते के रूप में परिभाषित करते हुए कहा कि 8 जुलाई की देर रात इसकी घोषणा संभव है। जिसे भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का औपचारिक ऐलान के तौर पर माना जाएगा।

**भारत से समझौते के करीबः ट्रंप :** यहां बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते सोमवार को व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ द्विपक्षीय रात्रिभोज के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा था कि अमेरिका भारत के साथ एक व्यापार समझौता करने के करीब है। उन्होंने कहा कि हमने ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौता किया है, चीन के साथ भी एक व्यापार समझौता किया गया है और अब हम भारत के साथ भी एक ट्रेड डील करने के करीब हैं। बाकी देशों के साथ भी हम मिले हैं। लेकिन हमें नहीं लगता कि हम उनके साथ किसी प्रकार का समझौता करने की स्थिति में हैं। इसलिए हमने उन्हें एक पत्र भेजा है। जिसमें साफ है कि अगर आप हमारे साथ खेलेंगे तो आपको उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह पत्र कुछ ऐसा ही है। ट्रंप प्रशासन ने बीते 7 जुलाई को बांग्लादेश, जापान, कजाकिस्तान, मलेशिया, सर्बिया, लाओ पीपल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक, बोस्निया और हर्जेगोविना, कंबोडिया, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और ट्यूनीशिया जैसे देशों को यह पत्र भेजा है। जिसमें उनके उत्पादों पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले टैरिफ का आंकड़ा बताया गया है।

### फिर छेड़ा भारत-पाक ....

*रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ खुश नहीं हूं। उक्त रात्रिभोज के दौरान इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए नोबेल पुरस्कार की सिफारिश करने वाला एक पत्र उन्हें सौंपा। जिसके लिए ट्रंप ने नेतन्याहू के प्रति आभार व्यक्त किया।*

### भारत अगले साल...

मंच के रूप में प्रस्तुत करेगा। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के लिए जलवायु परिवर्तन केवल ऊर्जा से जुड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि यह जीवन और प्रकृति के बीच संतुलन से जुड़ा एक नैतिक दायित्व है। उन्होंने जलवायु न्याय को भारत की नैतिक जिम्मेदारी बताते हुए जोर दिया कि यह मुद्दा पूरी मानवता के उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत पहले ही पेरिस जलवायु समझौते के लक्ष्य समय से पहले हासिल कर चुका है और अब वैश्विक सौर गठबंधन, आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन, ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस, बिग कैट अलायंस, मिशन लाइफ, और एक पेड़ मां के नाम जैसी पहलें आगे बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री ने विकासशील देशों के लिए सस्ती वित्तीय मदद और तकनीक हस्तांतरण की जरूरत पर बल दिया ताकि वे जलवायु परिवर्तन से प्रभावी तरीके से निपट सकें। उन्होंने ब्रिक्स द्वारा अपनाए गए जलवायु वित्त ढांचे को एक सकारात्मक कदम बताया। स्वास्थ्य सुरक्षा पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के मंत्र को अपनाया है और कोविड महामारी के समय दुनियाभर के देशों की मदद की। उन्होंने भारत की डिजिटल स्वास्थ्य योजनाओं, आयुष्मान भारत (जो 50 करोड़ से ज्यादा लोगों को कवर करती है), और आयुर्वेद, योग, यूनानी और सिद्ध जैसे पारंपरिक चिकित्सा तंत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत का अनुभव अब वैश्विक दक्षिण के साथ साझा करने को तैयार है।

### ब्रिक्स को क्षमता...

ब्रिक्स के सहयोग को और मजबूत करने वाला बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ब्रिक्स को क्षमता निर्माण, सहयोग और सतत विकास का माध्यम बनाकर लचीलेपन और नवाचार के मंच में बदला जाएगा। ब्रिक्स सम्मेलन के बाद पीएम मोदी ब्रासीलिया पहुंचे, जहां उन्होंने ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ भारत-ब्राजील द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा ची। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के अंत में कहा कि भारत ने जैसे जी-20 की अध्यक्षता में वैश्विक दक्षिण की आवाज को बुलंद किया, वैसे ही ब्रिक्स की अध्यक्षता में भी भारत मानवता पहले के दृष्टिकोण से सभी देशों के साथ मिलकर काम करेगा।

### पुलवामा हमले में...

सार्वजनिक की गई है।

**भारत ने पाक के आतंकी कनेक्शन पर चेताया :** गौरतलब है कि भारत की एजेंसियों ने लगातार इस बात को दुनिया के सामने चेतावनी के रूप में रखा है कि आतंकवाद का सबसे बड़ा समर्थक पाकिस्तान है। वह इन्हें हथियार मुहैया कराने के लिए बहुआयामी ढंग से फंड्स की व्यवस्था करता है। साथ ही ये भी कहा है कि ये वो ही पाकिस्तान है, जो कि संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की आतंकियों की प्रतिबंधित सूची में नामित आतंकियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है। इन मामलों को देखते हुए भारत का यह मानना है कि पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जाना चाहिए। संस्था ने कहा, ईपीओएम अमेजन के जरिए आतंकियों ने कुछ कम मूल्य की चीजों को बाजार में बेचा भी है। जिसके जरिए उनका मकसद अपनी गतिविधियों से धन जुटाना था। इस माध्यम का आतंकियों ने ट्रेड आधारित मनी लॉन्ड्रिंग स्कीम से प्रभावित से प्रभावित होकर फंड जुटाने के लिए किया। ऑनलाइन फंड ट्रांसफर वाली पेमेंट सर्विस का भी उन्होंने इस्तेमाल किया। क्योंकि इसमें वित्तीय आदान-प्रदान करने वालों यानी पैसा भेजने वाले और उसे लेने वाले को पहचानना मुश्किल होता है। यहर वायर ट्रांसफर के मुकाबले अधिक पारदर्शी है।

**गोरखनाथ मंदिर से जुड़ी केस स्टडी :** वैश्विक संस्था ने गोरखनाथ मंदिर पर 3 अप्रैल 2022 में हुए आतंकी हमले को लेकर एक केस स्टडी अपनी रिपोर्ट में साझा की और उसमें बताया कि इसमें ऑनलाइन माध्यम से वित्तीय धनराशि के आदान-प्रदान की जानकारी तब मिली। जब इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड लेवेंट (आईएसआईएल) की विचारधारा से प्रभावित एक व्यक्ति ने मंदिर के सुरक्षाकर्मी पर हमला किया। पकड़े जाने पर हमले के लिए वित्तीय मदद मिलने को लेकर हुई पूछताछ में ये पता चला कि इसके लिए उसने पेपोल के जरिए 6,69841 अमेरिकी डॉलर विदेशों को भेजे थे। जिससे आईएसआईएल के लिए बाकी देशों से सहयोग मिल सके। आईपी एड्रेस का पता न चल सके, उससे बचने के लिए वीपीएन सर्विस का प्रयोग किया गया। उक्त व्यक्ति ने इस दौरान 10,323.35 रुपए मिलने के बारे में भी बताया। पेपोल के अकाउंट को स्थगित कर दिया गया है।

**ई-कॉमर्स, पेमेंट साइट से आतंकियों को लाभ :** वित्तीय भुगतान से जुड़ी ये सभी ऑनलाइन साइट आतंकी संगठनों के लिए काफी लुभावनी इसलिए हैं। क्योंकि इनके जरिए उन्हें कम कीमत में तेजी के साथ पैसा स्थानांतरित के तरीके मिल जाते हैं। जिससे हमले के आयोजकों और इसके लाभकर्ताओं की फर्जी खातों के उपयोग की क्षमता बढ़ जाती है। सभी प्रकार के आतंकी संगठनों द्वारा यूरोपोल एक्सेस की सेवाओं का सामान्य रूप से प्रयोग किया जाता है। पी2पी पेमेंट सर्विस सैन्य उपकरणों, केमिकल तत्वों और प्रोपेगेंडा से जुड़ी जानकारी के लिए ई-कॉमर्स के प्रयोग का चलन है।

### बिटचैट लॉन्चः बिना...

सकते हैं। यह मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पूरी तरह से ब्लूटूथ लो इनर्जी नेटवर्क पर काम करता है। यह स्मार्टफोन का लोकल क्लस्टर तैयार करता है और एक डिवाइस से दूसरे डिवाइस पर एनक्रिप्टेड मैसेज शेयर करता है। यह ब्लूटूथ नेटवर्क पर काम करता है। इसका मतलब आपको मैसेजिंग के लिए वाई-फाई या सेलुलर नेटवर्क की जरूरत नहीं पड़ती है। इसमें किसी तरह के डेटाबेस की जरूरत नहीं पड़ती है। यूजर के भेजे गए मैसेज सिर्फ सेंडर और रिसीवर के डिवाइस में स्टोर रहते हैं।

### विकसित गांवों और समृद्ध ...

निदेशक प्रोफेसर राजीव आहूजा, एसवीपीयूएटी के कुलपति डॉ. केके सिंह तथा अन्य गणमान्यों की उपस्थिति बनी रही। प्रधान ने सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को समय की बदलती जरूरतों के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए बधाई दी और कहा कि इससे भारतीय किसानों को बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि विकसित गांवों और समृद्ध किसानों के बिना विकसित भारत की परिकल्पना अधूरी है और यह पहल उस दिशा में एक सार्थक और ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत हाल ही में केंद्रीय बजट में 'उत्कृष्टता केंद्र' की स्थापना की घोषणा की गई है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एआई, मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का लाभ भारत के कृषि क्षेत्रों तक पहुंचे। जयंत चौधरी ने ग्रामीण युवाओं और किसानों को कृषि तकनीक से प्रेरित प्रगति के नए युग को अपनाने के लिए सशक्त बनाने में हब के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने परंपरा को प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में एसवीपीयूएटी में मॉडल स्मार्ट फार्म में प्रौद्योगिकी प्रदर्शन पर एक सत्र आयोजित किया गया। एग्रीटेक में अकादमिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी रोपड़ और एसवीपीयूएटी के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। बीस एग्रीटेक स्टार्टअप की एक प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें उनके अभिनव उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया गया। आधुनिक और टिकाऊ खेती के तरीकों में उनके योगदान के लिए कुछ प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रौद्योगिकी प्रदर्शन, किसान-केंद्रित पहल और आगामी स्टार्टअप और कौशल कार्यक्रमों की घोषणाएं भी शामिल थीं, जो उत्तर प्रदेश में भविष्य के लिए तैयार कृषि संस्कृति के निर्माण की दिशा में एक साहसिक कदम का संकेत था। एग्री-टेक इनोवेशन हब में आईओटी-सक्षम सेंसर, स्मार्ट सिंचाई प्रणाली, स्वचालन तकनीक और एक एनालिसिस प्लेटफॉर्म है, जो उत्तम खेती और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देता है। हब का उद्देश्य किसानों, प्रौद्योगिकीविदों, शोधकर्ताओं, नवप्रवर्तकों और राज्य कृषि विभागों, शिक्षाविदों और कृषि-तकनीक स्टार्टअप के हितधारकों को एक साथ लाना है ताकि क्षेत्र-विशिष्ट, स्केलेबल समाधानों का सह-निर्माण और जिसे अपनाना संभव हो सके। आईआईटी रोपड़ अपने साइबर-फिजिकल सिस्टम (सीपीएस) लैब से घटकों का योगदान देगा- जिसमें आईओटी सेंसर, स्वचालन प्रणाली और क्लाउड कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं- जिसकी प्रतिबद्धता 75 लाख रुपये तक है।

### 7 से 9 जुलाई तक...

से मुलाकात की।

**आईओआर में साझा हितों को मिलेगा बढ़ावा :** मंत्रालय ने कहा कि मेजर जनरल हुमैद अब्दुल्ला अलरेमीथी ने सीडीएस से मुलाकात से पहले नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जाकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की थी। रक्षा मंत्रालय के प्रांगण में उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिसके बाद उनकी नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी के साथ एक द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों की नौसेनाओं के शीर्ष अधिकारियों ने समुद्री बलों के बीच आपसी भागीदारी बढ़ाने, संरचित प्रशिक्षण भागीदारी और समुद्री सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की। मेजर जनरल अलरेमीथी की भारत यात्रा भारत-यूएई संबंधों के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसका मकसद सहयोग को गहरा करना और हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में साझा हितों को बढ़ावा देना है।

### केरल की रहने वाली...

है। बल्कि निमिषा के परिवार के भी लगातार संपर्क में है। जिसका उद्देश्य उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करना है।

**यूं अकेले यमन में फंस गई निमिषा :** निमिषा ने वर्ष 2008 में नर्सिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने गृह राज्य केरल में ही नौकरी की शुरुआत की। इसके तीन साल बाद 2011 में टॉमी थॉमस नामक शख्स के साथ उनकी शादी हुई। इसके अगले साल 2012 में दोनों पति-पत्नी यमन चले गए। जहां निमिषा ने वहां राजधानी सना के एक अस्पताल में नर्स की नौकरी की शुरुआत की। 2014 में आर्थिक तंगी की वजह से प्रिया के पति और एक बेटी भारत वापस लौट आए। लेकिन निमिषा ने यमन में ही अपना कामकाज जारी रखा। इसी बीच यमन में गृहयुद्ध छिड़ गया। जिसकी वजह से भारत ने नए वीजा जारी नहीं किए और निमिषा का परिवार वापस यमन नहीं जा सका और न ही वो भारत आ सकी।

**गलत साबित हुआ क्लिनिक खोलने का निर्णय :** इन सबके बीच 2015 में निमिषा ने यमन में ही अपना क्लिनिक खोलने का फैसला किया। जिसके लिए यमन के किसी स्थानीय नागरिक से भागीदारी के कानूनी प्रावधान का पालन करना अनिवार्य था। इसी के साथ मामले में तलाल अब्दो महदी नामक शख्स की एंट्री हुई। जिसके साथ मिलकर निमिषा ने यमन में अपना क्लिनिक खोला। तलाल महदी ने नर्स की शादी की एक तस्वीर चुरा कर उसमें छेड़छाड़ की और फिर निमिषा को अपनी पत्नी बताकर उन्हें डराना, धमकाना और शारीरिक शोषण करना शुरू किया। निमिषा की मां प्रेमा कुमारी का दावा था कि महदी ने निमिषा के क्लिनिक के मालिकाना हक वाले दस्तावेजों में भी हेरफेर किया।

**दवा की ओवरडोज से मरा महदी :** निमिषा की मां के दावे के मुताबिक, तलाल महदी ने ये दावा भी किया कि निमिषा प्रिया उसकी पत्नी है और फिर उसने उसकी कमाई का हिस्सा लेना भी शुरू कर दिया। इसके बाद उसने निमिषा का पासपोर्ट भी जब्त कर लिया और वह उसे प्रताड़ित करने लगा। जिससे तंग आकर जुलाई 2017 में निमिषा प्रिया ने तलाल अब्दो महदी को बेहोश करने के लिए नशे का इंजेक्शन लगाया था। जिसका उसपर कोई खास असर नहीं हुआ। इसके बाद प्रिया ने उसे दवा की ओवरडोज दी। जिसकी वजह से तलाल की मौत हो गई। फिर निमिषा और उनकी सहकर्मी हनान (यमनी नागरिक हैं) ने शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की। मामले में यमन छोड़ने की कोशिशों के बीच निमिषा प्रिया को गिरफ्तार कर लिया गया और 2018 में यमन की ट्रायल कोर्ट ने उन्हें मामले में दोषी ठहराते हुए मौत और हनान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। निमिषा प्रिया 2018 से यमन की जेल में बंद हैं।

**ट्रायल कोर्ट के फैसले पर लगी अंतिम मुहर :** 2018 से ही नर्स का परिवार अपनी बेटी की रिहाई के लिए संघर्ष कर रहा है। निचली अदालत (ट्रायल कोर्ट) के फैसले के खिलाफ उन्होंने यमन के सुप्रीम कोर्ट में भी अपील की थी। लेकिन 2023 में उनकी अपील खारिज हो गई और शीर्ष अदालत ने भी निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा।

### भाजपा ने साधा कांग्रेस...

गहराई से समाई हुई है। इससे पहले भी कांग्रेस ने दलित समुदाय से आने वाले पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी का अपमान किया था। कांग्रेस पार्टी में दलित विरोधी मानसिकता व्याप्त है। खड़गे ने राष्ट्रपति के नाम को अशोभनीय तरीके से बोलते हुए कहा कि "मुरमा जी को हमने राष्ट्रपति बनाया।" उन्होंने 'आदरणीय' या 'माननीय' नहीं कहा, न ही 'द्रौपदी मुर्मू' जी कहा। इसी तरह पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नाम को अशोभनीय तरीके से संबोधित किया और कहा कि हमने राष्ट्रपति बनाया, क्यों बनाया? हमारे लिए बनाया? हमारी संपत्ति छीनने के लिए बनाया? हमारे जंगल छीनने के लिए बनाया? भाटिया ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे जी राष्ट्रपति जी को 'भूमाफिया' तक कह देते हैं। कहते हैं कि क्या उन्हें हमारी संपत्ति और जंगल छीनने के लिए बनाई गई हैं? भाटिया ने कहा कि जब आप 'भू-माफिया' की बात करते हैं, तो पूरा देश जानता है कि अगर किसी परिवार पर यह तमगा चिपकता है, तो वह नकली गांधी परिवार है। वही परिवार जिसमें रॉबर्ट वाड्रा आते हैं, जो किसानों की ज़मीन हड़पने के मामलों में कुख्यात हैं। इससे पूर्व में भी कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने माननीय द्रौपदी मुर्मू जी और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी के खिलाफ़ कई बयान दिए थे। ये बयान कांग्रेस की जहरीली मानसिकता को उजागर करते हैं। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा था कि "द्रौपदी मुर्मू जैसी राष्ट्रपति किसी भी देश को न मिले। चमचागिरी की भी हद होती है। वो कहती हैं कि 70 फीसद लोग गुजरात का नमक खाते हैं। खुद कभी नमक खाकर जिंदगी जीतीं, तब शायद समझ आता।"

### आज केंद्रीय ट्रेड ...

है कि सरकार ने मजदूरों की मांगों को नजरअंदाज किया और कॉरपोरेट हितों को बढ़ावा दिया। इस भारत बंद का आह्वान 10 केंद्रीय श्रमिक संगठनों और उनसे जुड़ी सहयोगी इकाइयों ने सरकार की श्रम विरोधी, किसान विरोधी और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ किया है। राजधानी भोपाल से लेकर देश भर में कर्मचारियों की हड़ताल का असर देखने को मिल सकता है। यूनियन की हड़ताल के दौरान बैंकिंग सेवाएं, डाक सेवाएं, बीमा सेवाएं प्रभावित होंगी। इसके अलावा सरकार परिवहन भी प्रभावित होगी। वहीं शेयर मार्केट खुला रहेगा, इसके साथ ही सराफा बाजार भी खुला रहेगा। मप्र कर्मचारी मंच हड़ताल में शामिल होगा।

### ममता बनर्जी महिलाओं...

घट चुकी हैं, जिनमें ना तो पीड़ितों को न्याय मिला है और ना ही उनका कोई आता पता है। बिप्लब देब ने ये आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं के प्रति हिंसा और अपराध बढ़ता ही जा रहा है और एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद वहां महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं।



# विजय ने टाइटैनिक से की अर्जुन रेड्डी की तुलना

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म किंगडम को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस दौरान विजय ने अपनी सबसे बड़ी हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वो नहीं चाहते कि लोग अर्जुन रेड्डी को भूल जाएं। जैसे मैं लियोनार्डो डिकैप्रियो की टाइटैनिक को हमेशा याद रखूंगा, लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि वह कोई और अच्छा काम नहीं कर सकते या नहीं करेंगे। लेकिन, वह हमेशा इससे जुड़े रहेंगे। इसलिए लोगों का मेरे साथ ऐसा रिश्ता हो सकता है और अर्जुन रेड्डी की वजह से उनका मेरे प्रति लगाव हो सकता है। इसलिए मैंने उस लड़ाई को एक तरफ रख दिया है।



लाइफ Style

# शेफाली

## हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की हुईं दीवानी

शेफाली शाह ने इंस्टाग्राम पर सोमवार रात एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हॉलीवुड एक्टर के अभिनय को जमकर सराहा रही हैं। साथ ही लोगों से एक गुजारिश भी कर रही हैं। आखिर क्यों इस कदर शेफाली शाह पर ब्रैड पिट का खुमार छाया हुआ?

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' रिलीज हुई। यह फिल्म भारत में भी कमाल का कलेक्शन कर रही है। फिल्म की कहानी फॉर्मूला वन रेसिंग के ईद-गिर्द घूमती है। इस फिल्म और ब्रैड पिट की तारीफ शेफाली शाह कर रही हैं। वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'अगर आपने फिल्म एफ1 नहीं देखी है, तो अभी जाइए। आपको स्पोर्ट्स में इंट्रेस्ट हो या न हो। चाहे आपको रेसिंग के बारे में कुछ पता हो या न हो, चाहे आपको रेसिंग कारों में दिलचस्पी हो या न हो, बस इसे देखने जाइए। शेफाली शाह आगे अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखती हैं, 'यह फिल्म रेसिंग के बारे में है। लेकिन, यह सफलता और असफलता के बारे में हैं। दोस्ती, जुनून और टीम बॉन्डिंग के बारे में है। फिल्म और इसकी कहानी के बारे में शेफाली तारीफों के पुल बांधती हैं। आखिर में वह लिखती हैं, 'ओह, मैंने ब्रैड पिट बारे में जिक्र नहीं किया? किया भी नहीं जा सकता है, क्योंकि कहने को तो मेरे पास शब्द ही नहीं हैं। ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 53.20 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया। इस फिल्म को भारतीय सिनेमाघरों में 11 दिन हो चुके हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# सुपरमैन 11 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी डीसी सिनेमैटिक यूनिवर्स की रीबूट 'सुपरमैन' फिल्म इस शुक्रवार, 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच अमेरिका में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। इसमें कुछ पत्रकार भी शामिल थे। हालांकि, मेकर्स ने फिल्म के रिव्यूज पर रिलीज तक रोक लगा रखी थी, लेकिन अमेरिकी वेबसाइट 'द डेली बीस्ट' ने इस पाबंदी को अनसुना कर 'सुपरमैन' का फर्स्ट रिव्यू शेयर कर दिया। मजेदार बात ये है कि समय रहते मेकर्स ने इसे वेबसाइट से हटवा दिया है।



# डकोटा को क्रिस के साथ लाने के लिए मां कर रही हैं प्रयास

**लॉस एंजिल्स।** डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन का अफेयर चर्चा में रहा है। लेकिन, बीते दिन आई इनके ब्रेकअप की खबर ने सबको चौंका दिया है। बताया गया कि कथित तौर पर करीब आठ साल साथ रहने के बाद दोनों ने अपने रिश्ते को खत्म कर दिया है। जबकि पहले की रिपोर्टों में ऐसा दावा किया गया था कि ये फैसला दोनों ने आपसी रजामंदी से लिया है। लेकिन, नई जानकारी के मुताबिक, दोनों के लिए ये ब्रेकअप मुश्किलभरा रहा है। अब डकोटा की मां ने इनके रिलेशनशिप पर रिएक्ट किया है। दरअसल, डकोटा जॉनसन की मां मेलानी ग्रिफिथ इनके ब्रेकअप को मानने के लिए तैयार ही नहीं हैं। उन्हें अभी भी लगता है कि इनका रिश्ता ठीक हो सकता है। 'मेलानी अपनी बेटी डकोटा के क्रिस के साथ इस बिखरे रिश्ते को सही करने की कोशिश कर रही हैं।



# बदनाम होकर भी नाम कमाने का गुमान

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर पूरे देश में बवाल मचा था। समय रैना और उस विवादित एपिसोड में आए सभी गेस्ट रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्वा मखीजा और आशीष चंचलानी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। लेकिन, अपूर्वा का कहना है कि वो आभारी और खुश हैं कि ये विवाद हुआ। 'बदनाम हुए तो क्या नाम ना होगा...' ये कहावत अपूर्वा पर खूब फब रही है। खुद उनका भी कुछ यही कहना है। कुछ महीने पहले कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर जमकर विवाद हुआ था। इस विवादित एपिसोड में शामिल हुईं अपूर्वा को भी खूब खरी-खोटी सुननी पड़ी थी। अब 'द रिबेल किड' का कहना है कि वो बहुत खुश हैं कि ये विवाद हुआ। हालांकि, उन्होंने ये भी खुलासा किया कि अगर ये किसी और के साथ हुआ होता तो सह नहीं पाता।



# स्टार पत्नियों की कहानी दिखाएंगे मधुर

**मुंबई।** अपनी कहानियों के जरिए फैशन और ग्लैमर इंडस्ट्री के पीछे की कहानी दिखाने वाले निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर अब एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाने की कोशिश करेंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स'बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को उजागर करेगी। फिल्म मंगलवार से फ्लोर पर आ गई है। 'द वाइव्स' में सोनाली कुलकर्णी, मौनी रॉय, रेजिना कैसंड्रा, राहुल भट्ट, सौरभ सचदेवा, अर्जन बाजवा और फ्रेडी दारूवाला जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की मंगलवार से शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म को लेकर मधुर भंडारकर का कहना है कि 'द वाइव्स' के साथ मैं समाज की एक और ग्लैमरस परत को हटाना चाहता हूं।

## टीवी मसाला





# 25 साल बाद सीरियल की वापसी कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई शूटिंग

**नई दिल्ली।** एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का सीजन भी जल्द टीवी पर टेलीकास्ट होगा। नए सीजन में भी दर्शकों को स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय, तुलसी और मिहिर के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही सीरियल में अपनी वापसी के बारे में स्मृति ईरानी ने भी ऑफिशियल स्टेटमेंट दिया है। इन दिनों सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की शूटिंग चल रही है। मगर, इस शूटिंग को पूरी तरह से सीक्रेट रखा जा रहा है। सेट पर मोबाइल फोन लाने की इजाजत नहीं है। बताया जा रहा है कि सभी एक्टर्स के फोन पर टेप चिपका दिए गए हैं, जिससे कोई जानकारी बाहर न जा सके। सेट पर काम करने वाले सभी लोगों से गोपनीयता का समझौता साइन करवाया गया है। स्मृति ईरानी को जेड-प्लस की सुरक्षा दी गई। नए सीजन की कहानी का जहां तक सवाल है तो इस बार फैमिली इमोशन के साथ सोशल, पॉलिटिकल मुद्दों को भी सीरियल में जोड़ा जाएगा। इस बार सीरियल के महज 150 एपिसोड ही दर्शकों को देखने को मिलेंगे। बताते चलें कि 25 साल पहले 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने लगभग 1000 से अधिक एपिसोड पूरे किए थे। नया सीजन मिड जुलाई में टेलीकास्ट होगा।

## राम गोपाल बजाज बने मंजू देवी के पिता



**नई दिल्ली।** 'पंचायत' देश की सबसे हिट और पॉपुलर वेब सीरीज रही है, जिसके हर किरदार को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया है। हाल ही इसका चौथा सीजन आया, जिसकी खूब चर्चा रही। हालांकि, इस पर दर्शकों का उतना प्यार नहीं बरसा, जितना पिछले तीन सीजन पर बरसा, पर एक नए किरदार ने सबका दिल जीत लिया। ये किरदार न होता, तो शायद 'पंचायत सीजन 4' अधूरा रहता। यह किरदार है नाना जी का, जो फुलेरा गांव की प्रधान मंजू देवी के पिता और बृजभूषण दुबे के ससुर हैं। पर जिसने यह किरदार निभाया, उस एक्टर के बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। एनएसडी वाले भी इनके पैर छूते हैं और दिवंगत स्टार इरफान से इनका कनेक्शन है। यह किरदार एक्टर राम गोपाल बजाज ने निभाया है, जो मशहूर थिएटर डायरेक्टर हैं। उन्होंने नाना जी के किरदार में अचानक से 'पंचायत 4' में एंट्री मारी और हर सीन लूट ले गए। उनकी पंच लाइन और डायलॉग्स ने भी दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी नाना जी की ही चर्चा ज्यादा हुई। 'आशीर्वाद कोई जादू-टोना थोड़ी ना है, जैसी करनी वैसी भरनी।', 'जो जैसा काम करेगा, वैसा फल पाएगा'...ये डायलॉग दर्शकों की जुबां पर चढ़ गए।

# रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से सजी है सैयारा की कहानी



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की जोड़ी पहली बार साथ आई है और उनकी ये पेशकश 'सैयारा' पहले से ही रोमांटिक फिल्मों के प्रेमियों में जबरदस्त हलचल मचा रही है। ट्रेलर के रिलीज के साथ ही ये फिल्म चर्चा में आ गई है। रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से भरी इस कहानी ने यंग जनरेशन का दिल जीत लिया है। अहान पांडे और अनीत पड्डा इस फिल्म से अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। 'सैयारा' का ट्रेलर जैसे ही सामने आया, सोशल मीडिया पर प्यार की बारिश होने लगी। ट्रेलर में एक युवा कलाकार और उसकी लेखिका के बीच पनपता प्यार दिखाया गया है, जो वक्त के साथ एक भावुक मोड़ लेता है। दोनों डेब्यू कलाकारों की केमिस्ट्री इतनी सच्ची और गहराई लिए हुए है कि दर्शक खुद को रोक नहीं पा रहे। कहानी में जिस तरह से प्रेम, दूरी और दर्द को बुना गया है, उसने लोगों की भावनाओं को झकझोर दिया।

### संगीत बना फिल्म की जान

इस फिल्म का म्यूजिक पहले ही सुर्खियों में है और आलोचकों से लेकर दर्शकों तक सभी इसकी तारीफ कर रहे हैं। सैयारा का टाइटल ट्रैक फ़हीम-अर्सलान की जोड़ी ने कम्पोज किया है और ये श्रोताओं के दिलों में घर कर गया है। जुबिन नौटियाल की आवाज में बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह व मिथुन की जुगलबंदी में धुन, सभी गाने म्यूजिक चार्ट पर टॉप कर रहे हैं।

# ओटीटी पर इस हफ्ते स्पेशल ऑप्स 2

## आप जैसा कोई, मिट्टी समेत 9 नई सीरीज और फिल्में

**मुंबई।** जुलाई के इस नए हफ्ते में जहां सिनेमाघरों में राजकुमार राव एक्शन अवतार में मालिक बनकार आ रहे हैं, वहीं विक्रांत मैसी के साथ शनाया कपूर की डेबयू फिल्म आंखों की गुस्ताखियां भी रिलीज हो रही है। लेकिन, यदि आपका दिल थिएटर जाने का नहीं है, तो ओटीटी पर घर बैठे एक-दो नहीं, बल्कि 9 नई वेब सीरीज और फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं। इनमें सबसे खास जहां केके मेनन की स्पेशल ऑप्स 2 है, जिसमें वह रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह बनकर वापस आ रहे हैं। वहीं, आर माधवन और फातिमा सना शेख की आप जैसा कोई भी रिलीज हो रही है। टोविनो थॉमस की मलयालम एक्शन फिल्म नारिवेट्टा भी हिंदी में आ रही है। वहीं, गांव की सादगी भरी कहानी 'मिट्टी' भी रिलीज हो रही है।



**आप जैसा कोई :** आर माधवन और फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई लगातार चर्चा में है। अब यह ओटीटी पर इसी हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज हो रही है। कहानी एक शर्मीले स्वभाव वाले संस्कृत शिक्षक श्रीरेणु त्रिपाठी की है, जिसकी राहें एक फ्रेंच की टीचर मधु बोस से टकराती हैं। दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल उलट हैं। लेकिन, यहां अपोजिट अट्रैक्ट वाला फॉर्मूला काम करता है। दोनों के बीच प्यार पनपता है। पुरातन सोच, उम्र का बंधन, संस्कृतियों की दीवारें टूटती हैं।

**स्पेशल ऑप्स सीजन 2 :** केके मेनन तीसरी बार फिर से रॉ एजेंट हिम्मत सिंह बनकर ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने आ रहे हैं। नीरज पांडे की बेहद पॉपुलर वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स सीजन 2 भी इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। इससे पहले हम स्पेशल ऑप्स और स्पेशल ऑप्स1.5' में देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक मिशन की बानगी देख चुके हैं। इस नए सीजन में दुश्मन नए जमाने का है। कहानी सायबर-आतंकवाद पर है। सीरीज में इस बार फिर से जहां हमें करण टैकर, विनय पाठक, मुजम्मलि इब्राहिम, सैयामी खेर और मेहर विज देखने को मलेंगे, वहीं ताहिर राज भसीन और प्रकाश राज की भी एंट्री हुई है।

**मिट्टी: एक नई पहचान :** मिट्टी: एक नई पहचान एक दिल को छू लेने वाली ग्रामीण भारत की कहानी पर बनी है। सीरीज में इश्वाक सिंह, श्रुति शर्मा, दीक्षा जुनेजा, योगेन्द्र टिकू और अल्का अमीन प्रमुख किरदारों में हैं। यह एक ऐसे संसार की झलक है, जो अपनापन और परंपराओं से भरपूर है, लेकिन अब बदलाव की दहलीज पर है। कहानी के केंद्र में शहर का एक सफल विज्ञापन कार्यकारी राघव है, जिसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब वह उस गांव की ओर लौटता है, जिसे वह कभी अपना घर कहा करता था। अपने दादा को अंतिम विदाई देने के लिए शुरू हुआ राघव का यह सफर, धीरे-धीरे एक ऐसी यात्रा बन जाता है जहां उसे फिर से अपने उद्देश्य, अपने लोगों और उस जगह की तलाश है, जिसे वह कभी पीछे छोड़ चुका था। 'मिट्टी' वेब सीरीज गुरुवार, 10 जुलाई को रिलीज होगी।

चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में किया काम

# आरके स्टूडियो में मुलाकात, जहरीला इंसान के सेट पर प्यार

### कॅरियर के शीर्ष पर नीतू सिंह ने लिया शादी का फैसला

नीतू कपूर ने साल 1980 में ऋषि कपूर से शादी रचाई। अभिनेत्री जब कपूर परिवार की बहू बनीं, तो वे अपने कॅरियर के शीर्ष पर थीं। ऋषि कपूर के साथ उनकी लव स्टोरी भी कम फिल्मी नहीं। नीतू कपूर शुरुआत में चिंटूजी को पसंद तक नहीं करती थीं। फिर साथ काम करते-करते बातचीत शुरू हुई तो दोनों अच्छे दोस्त बने। यहां तक कि ऋषि कपूर की रूठी गर्लफ्रेंड को मनाने के लिए नीतू सिंह चिट्ठी लिखने में मदद करती थीं। फिर, एक पल ऐसा आया कि दोनों सितारे एक-दूजे को ही दिल दे बैठे।

### ऋषि कपूर को पसंद नहीं करती थीं नीतू

नीतू कपूर और ऋषि कपूर की पहली मुलाकात आरके स्टूडियो में हुई। फिर फिल्म जहरीला इंसान के सेट पर दोनों करीब आए। एक इंटरव्यू के दौरान नीतू कपूर ने बताया था कि, मैं पहली बार उनसे (ऋषि) आरके स्टूडियो में मिली थी, जहां उनकी फिल्म 'बॉबी' की शूटिंग चल रही थी। लेकिन, हमारी ठीक से जान-पहचान फिल्म जहरीला इंसान के सेट्स पर हुई। मुझे पहली बार उनसे मिलकर बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। वो मुझे बात-बात पर टोकते रहे और मुझे लगा कि वो एक बहुत ही रूखे इंसान हैं। लेकिन, फिर आहिस्ता-आहिस्ता दोस्ती हो गई और फिर शादी।

*मुंबई। 'माफ करना जमुना मैंने तुम्हें पगली कहा', अगर आप इंस्टाग्राम की दुनिया से परिचित हैं तो इस डायलॉग पर रील आपकी नजरों से जरूर गुजरी होंगी। सोशल मीडिया पर इस पर धड़ाधड़ रील बन रही हैं। बता दें कि यह डायलॉग साल 1968 में आई फिल्म 'दो कलियां' का है। फिल्म में यह डायलॉग जिस बच्ची ने बोला, आज जमाना उसे अभिनेत्री नीतू कपूर के नाम से जानता है। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया है।*



### चिंटू जी ने इस तरह कही दिल की बात

ऋषि कपूर और नीतू कपूर की ऑनस्क्रीन जोड़ी भी सुपरहिट रही। 70 के दशक में इनकी जोड़ी दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई। ऋषि कपूर और नीतू सिंह के बीच अच्छी दोस्ती का रिश्ता बन चुका था। एक दिन ऋषि कपूर ने नीतू कपूर से पूछा कि वे इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हैं, क्या उन्हें शादी-वादी नहीं करनी है? इस पर नीतू ने जवाब दिया, 'किससे करूं मैं शादी'? बस इसी पल ऋषि कपूर ने अभिनेत्री को प्रपोज कर दिया और कहा, 'मुझसे'। इस तरह दोनों की शादी हो गई। ऋषि कपूर अब इस दुनिया में नहीं हैं। अप्रैल 2020 में उनका निधन हो गया।

### ऋषि कपूर ने प्यार और शादी पर कही थी ये बात

*एक बार दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर ने अपनी और नीतू की पहली मुलाकात का किस्सा याद करते हुए कहा था कि 'हम एक-दूसरे के लिए बने थे। बस, जो कहा वो पूरा हो गया। हमारी मुलाकात बहुत जल्दी हो गई थी। जब मैंने अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, तब डिंपल कपाड़िया की शादी हो गई थी, ऐसे में मेरे पास काम करने के लिए कोई हीरोइन नहीं थी। इस तरह मैंने नीतू के साथ बहुत सारा काम किया। कभी-कभी तो एक दिन में दो शिफ्ट्स भी किए। एक-दूसरे के साथ हम ज्यादा समय बिताने लगे, जिसकी वजह से हमारे बीच नजदीकियां भी बढ़ने लगीं और हम प्यार में पड़ गए। हम शादी करना चाहते थे। हमारी बड़ी ही नार्मल लाइफ रही है। दूसरे कपल की तरह हमारे बीच भी झगड़े और बहस होते हैं, पर अंत में सब ठीक हो जाता है। हमारे लिए ये सब बहुत आसान रहा है'।*

# नेक्स्ट होराइजन-बिल्डिंग सिटीज ऑफ टुमारो' थीम पर 11 जुलाई को इंदौर में मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव

▸ राज्य के शहरी विकास और निवेश के लिए नए क्षितिज खोलेगी यह कॉन्क्लेव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र में रीयल एस्टेट की गतिविधियों के विस्तार के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग की ओर से 11 जुलाई को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। 'नेक्स्ट होराइजनः बिल्डिंग सिटीज़ ऑफ टुमारो' थीम पर आधारित यह कॉन्क्लेव राज्य के शहरी विकास और निवेश के लिए नए क्षितिज खोलने का माध्यम बनेगा। 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025' के अंतर्गत इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश की नगरीय अधोसंरचना को भविष्योन्मुखी बनाना, सतत विकास को गति देना और व्यापक निवेश आकर्षित करना है।

मप्र देश के केन्द्र में रणनीतिक भौगोलिक स्थिति के कारण महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसलिए यहां से आसानी से देश भर से लॉजिस्टिक संपर्क किया जा सकता है। प्रदेश में तेज गति से होता शहरीकरण, विशेष रूप से टियर-2 और टियर-3 इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन जैसे शहरों में सशक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है। राज्य में सस्ती भूमि और श्रम, सरल प्रशासनिक प्रक्रियाएं हैं।

## निवेश और विकास के प्रमुख क्षेत्र



प्रदेश में विकास और निवेश शहरी परिवहन (मेट्रो, ई-बस, मल्टीमॉडल हब), किफायती आवास, स्लम पुनर्विकास, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, जलापूर्ति, सीवेज नेटवर्क, झील संरक्षण, डिजिटलीकरण, ई-गवर्नेंस, भवन स्वीकृति प्रणाली और स्वच्छ ऊर्जा, हरित भवन, रिन्यूएबल इनफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। निवेशक इन क्षेत्रों में निवेश कर भविष्य में होने वाले लाभ के सहभागी हो सकते हैं।

## प्रमुख आगामी अधोसंरचना विकास परियोजनाएं

मप्र के भोपाल और इंदौर में मेट्रो रेल परियोजना, स्मार्ट सिटी के तहत इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर्स, इंडस्ट्रियल टॉउनशिप्स, न्यू टॉउन डेवलपमेंट प्लान, नगरीय निकायों में आधुनिक वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट्स और स्ट्रीट वेंडिंग जोन, शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण जैसी परियोजनाएं चल रही हैं और कुछ भविष्य के लिए प्रस्तावित हैं।

### निवेश को साकार करने सुदृढ़ इको-सिस्टम

प्रदेश उद्योग विकास निगम उद्योगों को वन-स्टॉप सुविधा उपलब्ध करा रहा है। ई-नगर पालिका पोर्टल पर भी संबंधित सेवाएं रियल-टाइम ऑनलाइन उपलब्ध हैं। निवेशकों के लिए स्पेशल पॉलिसी इंसेंटिव्स भी प्रारंभ किये गये हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश के अलावा विदेश के निवेशकों से भी सघन सम्पर्क स्थापित किए गए हैं। उक्त के दृष्टिगत अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय डेवलपर्स के साथ करार होने की बड़ी संभावनाएं भी हैं। मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव राज्य को नगरीय पुनर्निर्माण और वैश्विक निवेश के पथ पर अग्रसर करेगा। यह आयोजन न केवल भौतिक अवसंरचना बल्कि डिजिटल, सामाजिक और आर्थिक विकास का भी सशक्त मंच बनेगा। प्रदेश सरकार इस अवसर को नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ने के एक निर्णायक कदम के रूप में देख रही है।

## सीएम डॉ. यादव ने लुधियाना में उद्योगपतियों को निवेश के लिए दिया आमंत्रण

# वन टू वन चर्चा में बोले- शांति और संसाधनों का लाभ उठाएं

## जहां जरूरी होगा, वहां नियम बदलने से हिचकिचाएंगे नहीं

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में गारमेंट और टैक्सटाइल सेक्टर के लिए विशेष अवसर उपलब्ध हैं और राज्य सरकार इस दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है।

प्रदेश में औद्योगिक निवेश के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को लुधियाना में थे। यहां उन्होंने रोड शो किया और उद्योगपतियों से वन टू वन चर्चा कर उन्हें निवेश के लिए मप्र आने का आमंत्रण दिया। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में आएं और गतिशीलता, शांति, संसाधनों का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि जहां आपके हित में जहां जरूरी होगी, वहां हम कैबिनेट के जरिए नियम को बदलने से हिचकिचाएंगे नहीं। इसके साथ डॉ. यादव ने उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश की समावेशी, उदार और निवेश-अनुकूल नीतियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार न केवल उद्योग लगाने और निवेश बढ़ाने के लिए तैयार है, बल्कि यदि किसी सेक्टर में संभावना दिखती है, तो आवश्यकतानुसार नियमों में परिवर्तन भी किया जाएगा।

**खास बातें**

- डॉ. यादव ने उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश की समावेशी, उदार और निवेश-अनुकूल नीतियों की जानकारी दी
- उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री से विस्तार से चर्चा कर प्रदेश की नीतियों की सराहना की




### इन उद्योगपतियों से की वन टू वन चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से वन टू वन चर्चा करने वाले उद्योगपतियों में टैक्सटाइल सेक्टर से नाहर ग्रुप के सीएमडी दिनेश ओसवाल, एसईएल ग्रुप के सीएफओ नवनीत गुप्ता, बॉन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि मंजीत सिंह, टीके स्टील समूह के एमडी लोकेश जैन, आईओएल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स के एमडी वरिंदर गुप्ता और एमआरएम मेध्या ग्रीनटेक के डायरेक्टर पुनीत अग्रवाल ने निवेश प्रस्ताव रखे। खाद्य प्रसंस्करण और चाय उद्योग से जुड़े भगवती लैक्टो वेजिटेरियन एक्सपोर्ट्स के एमडी सुशील मित्तल और केजी एक्सपोर्ट टीम के सदस्य हरीश दुआ ने मध्यप्रदेश के लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, कृषि उत्पाद उपलब्धता और फूड पार्क्स पर चर्चा की। इंजीनियरिंग सेक्टर से हीरो साइकिल के एमडी एसके राय और हाईलैंड एथेनॉल के एमडी अमित कुमार मोदी ने निवेश के लिए औद्योगिक क्षेत्रों की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त, बेक्टर्स फूड्स के एमडी अनूप बेक्टर और एवी कोटस्पिन इंडस्ट्री के डायरेक्टर दीपक गर्ग ने मुख्यमंत्री से विस्तार से चर्चा कर प्रदेश की नीतियों की सराहना की।

### प्रदेश में निवेश के लिए 15,606 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न उद्योगपतियों से प्रदेश में निवेश के लिए 15,606 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे लगभग 20,275 से अधिक रोजगार सृजन की संभावना है -

| कंपनी का नाम | मालिक | प्रस्तावित स्थान/ क्षेत्र | निवेश प्रस्ताव | अनुमानित रोजगार |
|---|---|---|---|---|
| ट्राइडेंट ग्रुप | राजेन्द्र गुप्ता, चेयरमैन | बुधनी | 5000 | 6000 |
| रालशन टायर्स लिमिटेड | संजीव पाहवा, चेयरमैन | एसआईपी पीथमपुर | 2200 | 2000 |
| वर्धमान इंडस्ट्रीज | एसपी ओसवाल, चेयरमैन | पीएम मित्रा पार्क, धार | 1581 | |
| एबी कोटस्पिन इंडस्ट्री | दीपक गर्ग, मैनेजिंग डायरेक्टर | पीएम मित्रा पार्क, धार | 1300 | 1500 |
| नाहर ग्रुप | दिनेश ओसवाल, सीएमडी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर | पीएम मित्रा पार्क, धार | 1100 | 1000 |
| दीपक फास्टनर्स लिमिटेड | मिसेज बेक्टर्स फूड स्पेशियलिटीज लि. | सीहोर | 1000 | 1800 |
| मिसेज बेक्टर्स फूड स्पेशियलिटीज लि. | अनूप बेक्टर, एमडी | पीथमपुर | 700 | 500 |
| हाईलैंड एथनॉल | अमित मोदी | नरसिंहपुर | 600 | 1000 |
| ए एंड एम एग्री वेंचर्स प्रालि | | भोपाल | 600 | 1000 |
| भगवती लैक्टों वेजिटेरियन एक्सपोर्ट्स प्रालि | सुशील मित्तल, चेयरमैन | मोहासा बाबई, नरसिंहपुर | 500 | 300 |
| बॉन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज | मंजीत सिंह, एमडी एवं चेयरमैन | इंदौर | 200 | 750 |
| एमआरएम मेध्या ग्रीनटेक | प्रालिपुनीत अग्रवाल, निदेशक मोहासा बाबई, | नरसिंहपुर | 100 | 125 |
| टीके स्टील एवं स्टील उद्योग समूह | लोकेश जैन, एमडी, चेयरमैन | सीआईआई लुधियाना चैप्टर | 200 | 300 |
| केजी एक्सपोर्ट्स एंड टीम | हरीश दूआ, ईपीसी सदस्य | | 400 | 1000 |
| दिनेश ओसवाल, सीएमडी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर | चैतन्य डावर, डायरेक्टर | | 125 | 500 |
| | | कुल | 15,606 | 20,275 |

### गारमेंट, टैक्सटाइल के लिए विशेष अवसर

-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में गारमेंट और टैक्सटाइल सेक्टर के लिए विशेष अवसर उपलब्ध हैं और राज्य सरकार इस दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि इंदौर की हुकुमचंद मिल को पुनर्जीवित करने की दिशा में कार्य हो रहा है और मजदूरों के हितों को प्राथमिकता देते हुए सौ करोड़ रु. से अधिक के सेटलमेंट क्लीयर किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों और श्रमिकों के साथ सरकार की प्रतिबद्धता हर स्तर पर बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि ग्वालियर की जेसी मिल और उज्जैन की हीरा मिल के मामले में भी राज्य सरकार ने सहृदयता से निर्णय लिए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में टैक्सटॉइल, एग्री बेस्ड इंडस्ट्री, इंजीनियरिंग गुड्स, स्टील प्रोसेसिंग, रिन्यूएबल एनर्जी और आईटी जैसे सेक्टरों में व्यापक अवसर उपलब्ध हैं।

### लुधियाना और पंजाब के निवेशकों को मध्यप्रदेश में किया आमंत्रित

- ▸ निवेशकों को राज्य की औद्योगिक नीतियों से कराया अवगत
- ▸ मप्र में निवेश करें और विकसित भारत के निर्माण में बने भागीदार
- ▸ पंजाब और मप्र मिलकर करेंगे देश का विकास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश में औद्योगीकरण बढ़ा है, अब हम विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। लुधियाना भारत का मैन्चेस्टर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पंजाब की उद्योग नगरी लुधियाना में मप्र में निहित निवेश की संभावनाओं के संबंध में निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा करने वाले उद्योगपतियों में टेक्सटाइल सेक्टर से नाहर ग्रुप के सीएमडी ओसवाल, एसईएल ग्रुप के सीएफओ नवनीत गुप्ता और बॉन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि मंजीत सिंह शामिल रहे। स्टील क्षेत्र से टीके स्टील समूह के एमडी लोकेश जैन ने प्रदेश में संभावित निवेश अवसरों पर चर्चा की।

## अगले दो दिनों तक बारिश का सिलसिला थमना मुश्किल

# भारी बारिश के बीच मौसम विभाग ने दिया एक और चक्रवात का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



बीते तीन दिनों से लगातार झमाझम बारिश हो रही है। इस बीच मौसम विभाग ने एक और चक्रवात के छत्तीसगढ़ में प्रवेश लेने के संकेत दिए है। जिसे लेकर कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। दुर्ग, रायपुर संभाग के जिलों में बीती देर रात से लगातार बारिश होने से लोग घरों में कैद रहे। बालोद में एक दिन जिले में औसत 35 मिमी बारिश दर्ज की गई। दिनभर से बारिश से जीवन प्रभावित रहा। वहीं अगले दो दिनों तक बारिश थमने वाला नहीं है।

### बढ़ा नदी-नालों का जलस्तर

मौसम विभाग की माने तो अब बारिश की गतिविधियों में इजाफा होगा। नदी नालों का जलस्तर बढ़ गया है। साथ ही जिले के प्रमुख बड़े व लघु जलाशयों में तेजी से जलभराव भी होने लगा है। इसी के साथ ही एक और द्रोणिका सक्रिय होने वाला है। इसे लेकर चेतावनी जारी किया गया है। ताजा अपडेट के अनुसार एक चक्रीय चक्रवाती सिस्टम अगले दो दिनों में उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर प्रवेश करेगा। जिसके असर से तेज बारिश होगी।

### आवाजाही पर पड़ा मौसम का असर

बारिश लगातार होने के कारण सुबह से लोग अपने घरों में दुबके रहे। स्कूल, कॉलेजों एवं सरकारी दतरों में भी विद्यार्थियों व कर्मचारियों की उपस्थिति कम रही। विभागीय कार्यालयों में लोगों की संया भी कम रही। ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से एक निन दाब का क्षेत्र गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास बन गया है। साथ ही ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। यह पश्चिम उत्तर, पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड और उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर दो दिनों में पहुंचने की संभावना है। इसके अलावा एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से गंगेटिक पश्चिम बंगाल में स्थित निम्न दाब के क्षेत्र तक, उत्तर गुजरात, मध्य मध्यप्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़, दक्षिण झारखंड होते हुए 3.1 किमी से 5.8 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से उत्तरी छत्तीसगढ़ और इससे लगे मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में भारी बारिश की संभावना है।

# कार्यकर्ता जनता की चिंता करें, उनकी संगठन करेगा: खंडेलवाल

▸ इंदौर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल का समारोह में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को इंदौर में स्वागत समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ता हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से पार्टी आज बुलंदियां छू रही है। कुशाभाऊ ठाकरे, प्यारेलाल खण्डेलवाल जैसे अनेक महापुरूषों के त्याग और तपस्या से पाटी संगठन को मध्यप्रदेश में मजबूत किया। पार्टी के संस्थापक सदस्यों ने गांव-गांव घूमकर कार्यकर्ता तैयार किए और संगठन को मजबूत बनाया। कार्यकर्ता जब-जब मुझे याद करेंगे, वे मुझे अपने बीच ही पाएंगे।

### भाजपा में कार्यकर्ता खुद को प्रदेश अध्यक्ष से कम न समझें

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा देश का एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जिसमें कार्यकर्ता किसी भी पद पर पहुंच सकता है। मैं भी पार्टी का सामान्य कार्यकता हूं। भाजपा संगठन का हर कार्यकर्ता खुद को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष से कम न समझें। सभी कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान हमेशा बरकरार रखा जाएगा। आप सभी कार्यकर्ता किसी दायित्व में रहें या न रहें, पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करते रहे।

### कार्यकर्ता सेवा के साथ समाज की विकृति दूर करने का कार्य करते हैं: विजयवर्गीय

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कार्यकताओं को संबोधित करते कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है। भारतीय जनता पार्टी ही सामान्य कार्यकर्ता को भी शीर्ष पर बैठाती है और कोई राजनीतिक दल के पास ऐसा उदाहरण नहीं है। हमें लगातार जन-जन से संपर्क करते हुए पोलिंग बूथ को मजबूत करना है। जब पोलिंग बूथ मजबूत हो जाता है तो चुनाव जीतना हमारे लिए बहुत आसान हो जाता है।

## राजीव टंडन ने ग्रहण किया मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष का पदभार



**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग के सदस्य राजीव कुमार टण्डन ने सोमवार को मप्र मानव अधिकार आयोग में अध्यक्ष (कार्यवाहक) का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोग के समस्त वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम- 2025 में प्रशिक्षण ले रहे विधि संकाय के विद्यार्थी मौजूद रहे। जिन्होने आयोग अध्यक्ष (कार्यवाहक) राजीव कुमार टण्डन का कार्यालय में पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## बीजापुर के आवापल्ली थाना क्षेत्र की घटना

# आईईडी विस्फोट में दो जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर



जिले के आवापल्ली थाना क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 229वीं बटालियन के दो जवान घायल हो गए। घटना तिमापुर और मुरदण्डा के बीच के मार्ग पर हुई। जानकारी के मुताबिक सीआरपीएफ 229वीं बटालियन की टीम आवापल्ली बासागुड़ा मार्ग पर आरएसओ ड्यूटी पर निकली हुई थी। इस दौरान माओवादियों द्वारा तिम्मापुर व मुरदण्डा के बीच पहले से लगाए गए आईईडी के कारण जोरदार विस्फोट हुआ, जिसमें दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों को तत्काल प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल बीजापुर रेफर लाया गया है। सुरक्षा बलों द्वारा क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

## दो माह पहले हुआ था विवाह, एक ही चिता पर अंतिम संस्कार

# सड़क हादसे में नवदंपति की दर्दनाक मौत




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग में खुर्सीपार के पास रविवार और सोमवार की दरयानी रात एक सड़क हादसे में नवविवाहित दंपती कोहका सुपेला निवासी मुकेश कुर्रे 28 साल और कमलेश्वरी कुर्रे 26 की मौत हो गई। सोमवार को मृतक नवदंपती का गमगीन माहौल में एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया। दोनों की एक साथ अर्थी उठी तब तमाम लोगों की आंख नम हो गई। दो माह पहले ही इनकी शादी हुई थी। मुकेश विज्ञापन का डिजाइनर था।

### जमकर हुआ हंगामा

*सड़क हादसे के बाद पति-पत्नी का शव सड़क पर पड़ा रहा। पुलिस ने रास्ता से जाम को जल्द हटाने के लिए शव को एंबुलेंस से की जगह पुलिस के वाहन में ही रखकर लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल, मरच्यूरी, सुपेला रवाना किया। इसको देखकर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस के अधिकारियों ने पहुंचकर पीड़ित परिवार को समझाया, तब जाकर मामला शांत हुआ। दुर्घटना उस वक्त हुई, जब नवदंपति खुर्सीपार में रहने वाली मौसी के घर से खाना खाकर अपने घर कोहका लौट रहे थे। खुर्सीपार ओवर ब्रिज नाला के समीप पावर हाउस ओवर ब्रिज के पास आईटीआई के पहले ट्रक ने दोपहिया को चपेट में ले लिया। इससे दोनों ट्रक के जद में आकर कुचल गए। दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मुकेश का विवाह 9 मई 2025 को हुई थी। 9 जुलाई को दो माह पूरा होता।*

## महिला टीआई की रील वायरल होने के बाद पीएचक्यू का आदेश

# जो वर्दी वाले 'रील' बनाएंगे, उन पर होगी रीयल कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों के द्वारा रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने के मामले को पुलिस मुख्यालय ने गंभीरता से लिया है। वहीं, इस तरह के मामले में पुलिस अफसर और कर्मचारियों को हिदायत दी गई है कि विभागीय कार्यों के अलावा सोशल मीडिया पर और कोई पोस्ट न करें। इसी को लेकर डीआईजी रीवा ने एक आदेश भी जारी किया गया है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि ऐसे पुलिसकर्मी जो ड्यूटी के दौरान रील बनाकर सोशल मीडिया पर डालते हैं, उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

**खास बातें**

- पुलिस मुख्यालय ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है
- विभागीय कार्यों के अलावा और कोई पोस्ट न करने को चेताया

### रील बनाना पद और गरिमा के प्रतिकूल



हाल ही में रीवा जोन में पदस्थ सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा की सोशल मीडिया एक रील वायरल हुई थी जिसको लेकर वो काफी ट्रोल हुईं। वहीं, विभाग की भी किरकिरी हुई। रीवा के डीआईजी राजेश सिंह चंदेल ने इस मामले में सोमवार को आदेश जारी कर ऐसे पुलिसकर्मियों को चेतावनी देते हुए सख्त हिदायत दी है। जिसमें रीवा जोन में आने वाले सभी 6 जिलों के पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। उन्होने अपने आदेश में लिखा कि देखा जा रहा है कि बहुत से पुलिसकर्मी वर्दी में अथवा सिविल में अपनी रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करते हैं। पुलिस जैसे अनुशासित विभाग में रहकर किसी भी पुलिसकर्मी द्वारा ऐसा किया जाना अनुशासन के विपरीत होकर उसकी पद और गरिमा के भी प्रतिकूल है। जिससे जनता के बीच पुलिस की छवि पर भी अत्यधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए रीवा, सीधी, सतना, मैहर, सिंगरौली, मऊगंज जिलों के अधीनस्थ समस्त पुलिसकर्मियों को कड़ी हिदायत दी जाती है कि विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य कोई भी पोस्ट सोशल मीडिया पर न प्रेषित करें। इसी प्रकार किसी भी स्तर के अधिकारी / कर्मचारी द्वारा स्वयं की कोई रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड न की जाए। यदि भविष्य में इस किस्म की कोई भी पोस्ट सोशल मीडिया पर प्रकाशित होती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## चिंतन

# अमेरिका से टैरिफ वार्ता में अधिक सावधान रहे भारत

अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को अंतिम रूप देने में भारत को अत्यधिक सावधानी बरतनी होगी। अमेरिका अपने जीएम समेत अन्य कृषि व पोल्ट्री उत्पादों के लिए भारतीय बाजार को गिद्ध नजर से देख रहा है। यह नजर बहुत लंबे समय से है। भारत ने जब अंतरराष्ट्रीय दबाव में गैट (अब डब्ल्यूटीओ) समझौते को वर्ष 1994 में स्वीकृति दी थी, उसके बाद से ही भारत पर अपने कृषि व संबद्ध क्षेत्र को खोलने का अमेरिकी दबाव है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत पर शुल्क (टैरिफ) को लेकर अधिक दबाव है। अमेरिका को लगता है कि भारत अपने सामानों पर अमेरिका से अधिक टैरिफ वसूलता है, जबकि अमेरिकी सामानों पर कम शुल्क देता है। बेशक वस्तुओं के व्यापार भारत के पक्ष में हैं, लेकिन अमेरिका भूल जाता है कि सेवाओं के ट्रेड में अमेरिका का पलड़ा भारी है। भारत को अमेरिका के साथ ट्रेड वार्ता में सर्विस ट्रेड के मुद्दे को प्रमुखता से रखना चाहिए। अमेरिका ने नौ जुलाई तक जवाबी शुल्क को निलंबित कर दिया था। इस कारण भारत पर दबाव था कि वह नौ जुलाई से पहले ही ट्रेड वार्ता पूरी कर ले, लेकिन अब अमेरिका ने अपनी समय सीमा को एक अगस्त तक बढ़ा दिया है। यानी कि अब एक अगस्त तक पुराने टैरिफ तरीके से ही व्यापार चलते रहेंगे। इससे भारत के निर्यातकों को राहत मिली है, इसी के साथ भारत को ट्रेड वार्ता के लिए अब तीन हफ्ते का वक्त और मिल गया है। ऐसे में भारतीय वार्ताकारों को असहमति वाले मुद्दों को सुलझाने में निगोशिएट करने को अधिक सोच-विचार का समय होगा। हालांकि, यदि भारत इस महीने के अंत तक अमेरिका के साथ कम से कम वस्तुओं पर बीटीए (द्विपक्षीय व्यापार समझौता) को अंतिम रूप दे देता है तो तुलनात्मक रूप से अधिक फायदे में होगा। वित्त वर्ष 2021-22 से अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है। वस्तुओं का आपसी व्यापार 2024-25 में 131.84 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। इसमें 86.51 अरब डॉलर का निर्यात व 45.33 अरब डॉलर का आयात था। भारतीय कृषि संगठनों ने सरकार से अमेरिकी कृषि व पोल्ट्री उत्पादों के लिए भारतीय बाजार न खोलने की अपील की है, हालांकि नीति आयोग के कई सदस्य जीएम फसलों की पैरवी कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जरूर दावा किया है कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौता करने के करीब हैं, लेकिन भारत को किसी भी अमेरिका झांसे व दबाव में नहीं आना चाहिए, ट्रेड और टैरिफ में अपना हित देखना जरूरी है। भारत को अपने कृषि व संबद्ध क्षेत्र और एमएसएमई की रक्षा करनी चाहिए। सरकार को आर्थिक शोध संस्थान थिंक टैंक जीटीआरआई के अमेरिका के साथ व्यापार समझौते संबंधी सुझावों को गंभीरता से लेना चाहिए। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने चेताया है कि डोनाल्ड ट्रंप का 'रेसिप्रोकल टैरिफ मॉडल' मुक्त व्यापार समझौते का नहीं, बल्कि अमेरिकी धौंस है। इसलिए भारत को अमेरिकी समय सीमा के जाल में नहीं फंसना चाहिए। जिन टैरिफ मुद्दों पर आपसी सहमति बनती जा रही है, उसे चरणबद्ध तरीके से लागू करते जाना चाहिए। असहमति वाले मुद्दों पर वार्ता जारी रखनी चाहिए। एकतरफा अमेरिकी शुल्क वृद्धि विश्व व्यापार संगठन के नियमों का भी उल्लंघन है और इससे वैश्विक व्यापार प्रवाह बाधित होने, अमेरिका में उपभोक्ता कीमतों में वृद्धि होने और वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला में जटिलताएं उत्पन्न होने की आशंका है। शुल्क वृद्धि अमेरिका पर भारी पड़ेगी, भारत को तनिक भी डरने की जरूरत नहीं है।

# अमेरिका से ट्रेड समझौते में रुकावटें



आर्थिकी
प्रो. अश्वनी महाजन

अमेरिका अपने व्यापार भागीदारों पर अमेरिकी उत्पादों पर उनके द्वारा लगाए गए शुल्क को कम करने और अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने के लिए दबाव डालता हुआ दिखाई दिया, ताकि अमेरिका द्वारा पारस्परिक शुल्क लगाए जाने से बचा जा सके। उधर, भारतीय नीति आयोग द्वारा तैयार कार्य पत्र ने किसान संगठनों में भारी रोष पैदा कर दिया है। उनका कहना है कि अगर ये सुझाव मान लिए गए तो इससे बहुत नुकसान हो सकता है। इसी तरह, समझौते में लघु उद्योग क्षेत्र के हितों की रक्षा करने की आवश्यकता है। डेटा संप्रभुता और आईपीआर भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। ऐसा लगता है कि अमेरिका हमे जितना दे सकता है, उससे कहीं अधिक मांग कर रहा है।

भारत अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते पर 2017 से ही चर्चा चल रही है, लेकिन अभी तक इस समझौते को मूर्त रूप नहीं मिल पाया है। कई बार तो यह समझौता इतना नजदीक नजर आता था कि मीडिया ने एफटीए के मुख्य तत्वों की घोषणा भी कर दी थी, लेकिन अचानक कुछ बाधाएं सामने आतीं और एफटीए ठंडे बस्ते में चला जाता। आखिरी बार ऐसी घटना 2020 में हुई थी। मीडिया में खबरें आ रही थीं कि भारत-अमेरिका एफटीए पर हस्ताक्षर होने वाले हैं और यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) का भारत दौरा प्रस्तावित था, लेकिन अचानक पता चला कि यूएसटीआर ने अपना भारत दौरा रद कर दिया है और तब से भारत-अमेरिका एफटीए पर कोई चर्चा नहीं हुई।

हाल ही में इस एफटीए, तो कभी सीमित एफटीए के बारे में खबरें फिर से आना शुरू हुई। पिछले चार महीनों में जब से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में सत्ता की बागडोर संभाली है, तब से ये चर्चाएं एक बार फिर सामने आने लगी हैं। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने व्यापार भागीदारों पर पारस्परिक शुल्क लगाने का फैसला किया, जिससे अब शुल्क अमेरिका के लिए डब्ल्यूटीओ द्वारा सहमत बाध्य दरों के आधार पर नहीं, बल्कि राष्ट्रपति ट्रम्प की सनक के आधार पर, पारस्परिकता के तथाकथित विचार पर तय किए जा रहे थे। अमेरिका अपने व्यापार भागीदारों पर अमेरिकी उत्पादों पर उनके द्वारा लगाए गए शुल्क को कम करने और अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने के लिए दबाव डालता हुआ दिखाई दिया, ताकि अमेरिका द्वारा पारस्परिक शुल्क लगाए जाने से बचा जा सके। ऐसी परिस्थितियों में, व्यापार विशेषज्ञ, जो मुक्त व्यापार के समर्थक माने जाते हैं, ने कहना शुरू कर दिया कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने का यह सही समय है, अब एफटीए के पक्ष में तर्क दिया जा रहा है ताकि हम पारस्परिक शुल्क से बच सकें, और अमेरिका के साथ पूर्ण मुक्त व्यापार समझौते के आधार पर भारत-अमेरिका व्यापार को बढ़ावा दे सकें। बातचीत चल रही थी और मीडिया में यह बताया जा रहा था कि भारत-अमेरिका एफटीए किसी भी समय हो सकता है और किसी भी दिन इस पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं।

हालांकि शुक्रवार, 13 जून को ऐसी खबरें आना शुरू हो गई कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में एक बार फिर से बाधा आ गई है और शायद भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जल्द ही नहीं होगा। इस बार तथाकथित अवरोध भारत के इस स्पष्ट रुख से आया है कि वह जीएम खाद्य उत्पादों के आयात की अनुमति नहीं दे सकता, जबकि अमेरिका जीएम खाद्य उत्पादों के लिए भारत के बाजार को खोलने पर जोर दे रहा है। अमेरिकी व्यवसायों द्वारा भारत में डेटा होस्ट करने के लिए सर्वर की अनुमति नहीं देने के खिलाफ डेटा स्थानीयकरण पर हमारा जोर, और कुछ अन्य मुद्दों के कारण प्रस्तावित एफ़टीए फिर से खटाई में पड़ता दिखाई दे रहा है। 2006-08 के आसपास, रणनीतिक और वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने की व्यापक बातचीत के बीच भारत-अमेरिका एफटीए का विचार सामने आया था। हालांकि, प्रमुख मतभेदों के कारण कोई औपचारिक वार्ता शुरू नहीं हुई। यह उल्लेखनीय है कि अमेरिका भारतीय




बाजारों में, विशेष रूप से खुदरा, कृषि आदि में, अधिक पहुंच और आईपीआर पर डब्ल्यूटीओ के तहत अनुमत से अधिक रियायतें चाहता था, जिसे हम डब्ल्यूटीओ प्लस कहते हैं। भारत के इस रुख के कारण, कि इस समझौते से नीतिगत गुंजाइश खत्म हो सकती है, खासकर कृषि, दवा, आईपीआर और निवेश नियमों के मामले में। जबकि कई विशेषज्ञ भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के खाके के बारे में चिंता जता रहे हैं, हमें अमेरिका की मांगों को समझने की जरूरत है, और किसी एक या अधिक मुद्दों पर झुकने से भारत को कैसे नुकसान हो सकता है, इस पर बहस करने की जरूरत है।

हमें यह जानने की जरूरत है कि चूंकि कई अमेरिकी टैरिफ भारत द्वारा निर्यात नहीं किए जाने वाले उत्पादों को लक्षित करते हैं, इसलिए पारस्परिक शुल्क भारतीय निर्यातकों को महत्वपूर्ण रूप से नुकसान नहीं पहुंचा सकते हैं। हम व्यापार सौदों के माध्यम से श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात को बढ़ावा देने का प्रयास कर सकते हैं, जो कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो पार्ट्स और सौर उपकरण जैसे विनिर्माण उद्योगों को भारत के मेक इन इंडिया अभियान के साथ तालमेल बिठाते हुए, अमेरिकी बाजारों तक पहुंचने और पैमाने हासिल करने में मदद कर सकता है। अगर यह सीमित व्यापार सौदों के माध्यम से भी हासिल किया जा सकता है, तो यह एक बेहतर विकल्प हो सकता है, क्योंकि एक पूर्ण मुक्त व्यापार समझौते से सरकारी खरीद, कृषि सब्सिडी, आईपी अधिकार और उदारीकृत डेटा प्रवाह पर दबाव आयेगा। ये वे क्षेत्र हैं, जिनका भारत लंबे समय से विरोध करता रहा है। पूर्ण व्यापार सौदे का एक और नकारात्मक पहलू यह है कि अमेरिका भारत पर ऊर्जा और रक्षा वस्तुओं के आयात को बढ़ाने का दबाव डाल सकता है, जब तक कि इसका प्रतिकार नहीं किया जाता है, तब तक भारत की व्यापार स्थिति खराब हो सकती है। इसलिए, यह उचित होगा, अगर भारत शून्य से शून्य टैरिफ की पेशकश करे, जैसे कि यह संवेदनशील क्षेत्रों को छोड़कर कम जोखिम वाली श्रेणियों में टैरिफ में कटौती का आदान-प्रदान हो। साथ ही हमें सेवाओं, सरकारी खरीद, आईपी और कृषि पर बाध्यकारी समझौतों से बचने की जरूरत है। प्रस्तावित भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते में दो प्रमुख विवादास्पद मुद्दे कृषि और एमएसएमई के हैं। हम जानते हैं कि कृषि भारत के 45 प्रतिशत से अधिक कार्यबल को रोजगार देती है, और कोई भी समझौता जो कृषि को प्रभावित करता है, वह राष्ट्र की आजीविका और खाद्य सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है। इस बीच, आश्चर्यजनक रूप से नीति आयोग ने एक कार्य पत्र जारी किया है, जिसमें अमेरिका से आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) सोयाबीन और मक्का जैसे कृषि उत्पादों के आयात पर शुल्क कम करने और साथ ही पोल्ट्री और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करने का सुझाव दिया गया है।

नीति आयोग द्वारा तैयार कार्य पत्र ने किसान संगठनों में भारी रोष पैदा कर दिया है। उनका कहना है कि अगर ये सुझाव मान लिए गए तो इससे बहुत नुकसान हो सकता है। इसी तरह, समझौते में लघु उद्योग क्षेत्र के हितों की रक्षा करने की आवश्यकता है। डेटा संप्रभुता और आईपीआर भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। ऐसा लगता है कि अमेरिका हमे जितना दे सकता है, उससे कहीं अधिक मांग कर रहा है। हमें यह समझने की जरूरत है कि अमेरिका के साथ समझौता हो या न हो, भारत से अमेरिका को निर्यात बिना रोक-टोक जारी रहेगा और कोई कारण नहीं है कि हम एक सीमा से अधिक रियायतें दें, जिससे भारतीय कृषि, लघु उद्योग और अर्थव्यवस्था के भविष्य के विकास को नुकसान पहुंचे।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

नाली व्यवस्था
पंकज चतुर्वेदी



# ऐसे शहर तो डूबेंगे ही

पिछले एक दशक में 25 हजार करोड़ बस इस बात को खर्च किए गए कि देश के प्रगति के प्रतिमान कहलाने वाले शहर बरसात में दरिया न बन जाएं, लेकिन हालत बदले नहीं। मौसम की बरसात के शुरुआत में ही दरिया बन गए और जो समाज कुछ दिनों पहले तक नालों में पानी की एक-एक बूंद के लिए त्राहि-त्राहि कर रहा था, अपने गली-मुहल्लों में गर्दन तक पानी में डूब गया। जो चौड़ी सड़कें या फ्लाईओवर यातायात को फर्राटे से निकालने के लिए बने हैं, वहां मीलों तक वाहनों का जाम हो जाता है। यह रोग अब महानगरों में ही नहीं, जिला स्तर के नगरों में भी आम है। चूंकि बरसात के दिन कम हो रहे हैं, सो लोग इसे अस्थाई दिक्कत मानकर बिसरा देते लेकिन जान लें कि अब हमारा देश भी शहरीकरण की ओर अग्रसर है। उसके चलते जल्द ही जलभराव गंभीर समस्या का रूप ले लेगा। पिछले साल बजट सत्र के आखिरी दिनों में यह बात संसद में स्वीकार की गई थी कि केंद्र सरकार बारिश के पानी की निकासी के लिए शहरों पर बीते 10 वर्षों में 25 हजार करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। इसके बावजूद हर बारिश के दौरान शहरों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाते हैं और पानी उतरने में घंटों लगते हैं। दुखद तो यह है कि देश के 100 शहर जिन्हें स्मार्ट सिटी घोषित कर दिया गया, पहले से अधिक डूब रहे हैं। सरकार कहती है कि जुलाई 2024 तक, 100 शहरों ने स्मार्ट सिटी मिशन के हिस्से के रूप में 1,44,237 करोड़ की राशि की 7,188 परियोजनाएं (कुल प्रोजेक्ट का 90 प्रतिशत) पूरी कर ली हैं। 19,926 करोड़ की राशि की शेष 830 परियोजनाएं भी पूरा होने के अंतिम चरण में हैं। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत देश के 35 शहरों में बाढ़ की समस्या के निपटने के लिए 1,005 करोड़ रुपये के 87 प्रोजेक्ट बनाए गए। इतना ही नहीं, 100 स्मार्ट सिटी में से 97 शहरों में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज में सुधार के लिए 603 प्रोजेक्ट बनाकर 21,182 करोड़ रुपये खर्च हुए। कहने की जरूरत नहीं कि ये सभी शहर बरसात में जलभराव के कारण ठप हुए। शहरीकरण आधुनिकता की हकीकत है और पलायन इसका मूल, लेकिन नियोजित शहरीकरण ही विकास का पैमाना है। गांवों का कस्बा बनना, कस्बों का शहर और शहर का महानगर बनने की प्रक्रिया तेज हुई है। विडंबना है कि हर स्तर पर शहरीकरण की एक ही गति-मति रही, पहले आबादी बढ़ी, फिर खेत में अनाधिकृत कॉलोनी काटकर या किसी सार्वजनिक पार्क या पहाड़ पर कब्जा कर अधकच्चे, उजड़े से मकान खड़े हुए। कई दशकों तक ना तो नालियां बनीं या सड़क और धीरे-धीरे इलाका 'अरबन-स्लम' में बदल गया। गौर करने लायक बात यह भी है कि साल में ज्यादा से ज्यादा 25 दिन बरसात के कारण बेहाल हो जाने वाले ये शहरी क्षेत्र पूरे साल में आठ से दस महीने पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसते हैं। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना का एक शोध बताता कि नदियों के किनारे बसे लगभग सभी शहर अब थोड़ी सी बरसात में ही दम तोड़ देते हैं। दिक्कत अकेले बाढ़ की ही नहीं है, इन शहरों की दुरमट मिट्टी में पानी सोखने की क्षमता अच्छी नहीं होती है। शहरों में अब गलियों में भी सीमेंट पोत कर आरसीसी सड़कें बनाने का चलन बढ़ गया है और औसतन बीस फीसदी जगह ही कच्ची बची है, सो पानी सोखने की प्रक्रिया नदी-तट के करीब की जमीन में तेजी से होती है। शहरों में बाढ़ का सबसे बड़ा कारण तो यहां के प्राकृतिक नदी-नालों, तालाब-जोहड़ों और उन तक नी लाने वाले मार्ग पर अवैध कब्जे, भूमिगत सीवरों की ठीक से सफाई ना होना है। इससे बड़ा कारण है हर शहर में हर दिन बढ़ते कूड़े का भंडार व उसके निबटान की माकूल व्यवस्था ना होना। जाहिर है कि बरसात होने पर यही कूड़ा पानी को नाली तक जाने या फिर सीवर के मुंह को बंद करता है। महानगरों में भूमिगत सीवर जलभराव का सबसे बड़ा कारण हैं। जब हम भूमिगत सीवर के लायक संस्कार नहीं सीख पा रहे हैं तो फिर खुले नालों से अपना काम क्यों नहीं चला पा रहे हैं ? एक बात और बंगलूरू या हैदराबाद या दिल्ली में जिन इलाकों में पानी भरता है यदि वहां की कुछ दशक पुरानी जमीनी संरचना का रिकार्ड उठा कर देखें तो पाएंगे कि वहां पर कभी कोई तालाब, जोहड़ या प्राकृतिक नाला था। महानगरों में बाढ़ का मतलब है परिवहन और लोगों का आवागमन ठप होना। जलभराव और बाढ़ मानवजन्य समस्याएं हैं और इसका निदान दूरगामी योजनाओं से संभव है ; यह बात शहरी नियोजनकर्ताओं को भली-भांति जान लेना चाहिए और इसी सिद्धांत पर भविष्य की योजनाएं बनाना चाहिए। शहर को डूबने से बचाना है तो कूड़ा कम करने, पॉलीथिन पर पाबंदी, सीवरों की ईमानदारी से नियमित सफाई जरूरी है। शहरों में अधिक से अधिक खाली जगह यानि कच्ची जमीन हो, ढेर सारे पेड़ हों। जलभराव वाली जगह भूजल रिचार्ज के प्रयास हों। प्राकृतिक जलाशयों, नदियों को उनके मूल स्वरूप में रखने तथा उसके जलग्रहण क्षेत्र को किसी भी किस्म में निर्माण ना हों।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## पसंद और नापसंद से मुक्त होना जरूरी



संकलित
**दर्शन**

आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।' क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि यह सोच सचमुच आपकी स्वाधीनता से जन्मा है? यह स्वाधीनता नहीं है, यह तो बेबसी है, लाचारी है। पसंद और नापसंद की बेड़ियों में आज लगभग पूरी मानवता जकड़ी हुई है। सभी पारिवारिक झगड़ों की जड़ में लोगों की व्यक्तिगत पसंद और नापसंद ही होती हैं। पसंद और नापसंद को लेकर समाज, राष्ट्र और धर्म तक बंटे हुए हैं। जब हमारे सोच का दायरा बहुत सीमित होता है, हम कई तरह के पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हो जाते हैं, फिर हम पर पसंद और नापसंद की सनक सवार हो जाती है। तब हम उसे नहीं देख पाते, जिसकी जरूरत है। हम वही करते हैं, जिसे हम पसंद करते हैं। वह नहीं करते, जिसे किए जाने की आवश्यकता है। फिर शुरू होता है अविराम झंझटों व विवादों का सिलसिला और उसी में उलझकर रह जाता है हमारा लघु-जीवन। योग परंपरा में भीतरी आयाम को बहुत गहराई से देखा गया और भीतरी पराधीनता से मुक्त होने की कई तकनीकों का आविष्कार किया गया, क्योंकि जो भीतरी पराधीनता का शिकार नहीं है, उसे कोई बाहरी शक्ति उस पर नियंत्रण नहीं कर सकती। पसंद और नापसंद की सनक से मुक्त होने के लिए हमें अपनी चेतना पर काम करना होगा। एक जागरूक व्यक्ति ही यह देख पाने में सक्षम होता है कि किसी विशेष परिस्थिति में क्या आवश्यक है और क्या किया जाना चाहिए।

## गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
**प्रेरणा**

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। राजा को शिक्षा ग्रहण करते हुए कई महीने बीत गए, मगर राजा को कोई लाभ नहीं हुआ। गुरु तो रोज खूब मेहनत करता थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिए। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजिएगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दियाः राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरुवर कृपा कर के आप शीघ्र इस प्रश्न का उत्तर दीजिए, राजा ने विनती की। गुरूजी ने कहाः राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहाँ पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**सरकार फर्जी लोन एप्स से कड़ाई से निपटे**

हमारे देश में विभिन्न कंपनियों ने एप्स के जरिए लोन देने की व्यवस्था की है, ताकि लोगों को आसानी से घर बैठे ही कुछ मिनटों में लोन उपलब्ध हो सके। लेकिन कुछ फर्जी एप्स भी हो सकते हैं। इसके लिए जागरूकता बहुत जरूरी है, ताकि किसी फर्जी एप्स के जरिए लिया गया लोन मुसीबत न बने। जब किसी को आर्थिक संकट आता है, या जब किसी का कोई परिवारजन बीमार होता है या जब किसी गरीब या मिडल क्लास के बच्चे की पढ़ाई का खर्चा पूरा न हो रहा हो या किसी व्यापारी को व्यापार के लिए धन की जरूरत हो तो ऐसे में इन सभी को सरकारी बैंकों या अन्य उचित एप्स से लोन आसानी से न मिल रहा है, तो ऐसे वर्ग के लोग फर्जी लोन एप्स के जंजाल में फंस जाते हैं और मुसीबत में पड़ जाते हैं। इसलिए सरकार को इन फर्जी एप्स से कड़ाई से निपटना चाहिए।

*- रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### चीन ने वीजा नियमों में ढील दी 74 देशों को नहीं लगेगा वीजा



चीन ने अपने वीजा नियमों में ऐतिहासिक रूप से ढील दी है, जिससे 74 देशों के नागरिक अब बिना वीजा के 30 दिनों तक इस एशियाई देश की यात्रा कर सकते हैं। इस नीति का उद्देश्य पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। पिछले वर्ष दो करोड़ से अधिक लोग बिना वीजा के चीन गए थे, जो 2023 के मुकाबले दोगुनी संख्या है। वीजा नियमों में ढील दिए जाने के बाद अब विदेशी पर्यटक चीन जा रहे हैं। ऑस्ट्रिया में रह रहे जॉर्जिया के एक नागरिक जॉर्जी शावाद्जे ने बीजिंग में 'टेम्पल ऑफ हेवन' की अपनी हालिया यात्रा के बारे में कहा, 'यह वास्तव में यात्रा को आसान बनाता है क्योंकि वीजा के लिए आवेदन करना और उसकी पूरी प्रक्रिया से गुजरना एक झंझट होता था। हालांकि, अधिकांश पर्यटन स्थल अब भी घरेलू पर्यटकों से भरे हैं, लेकिन पर्यटन उद्योग विदेशी आगंतुकों की संभावित बढ़ोतरी के लिए तैयार हो रहा है। कोविड-19 के कारण लगे कड़े प्रतिबंधों को हटाने के बाद चीन ने 2023 की शुरुआत में पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं फिर से खोल दी थीं, लेकिन उस वर्ष केवल 1.38 करोड़ लोग ही चीन गए थे, जो महामारी से पहले 2019 के 3.19 करोड़ के आंकड़े के आधे से भी कम है। दिसंबर 2023 में चीन ने फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्पेन और मलेशिया के लिए बिना वीजा के यात्रा की घोषणा की थी।

## ऑफ बीट

### चैटजीपीटी का उपयोग ठप कर सकता है मस्तिष्क को



चैटजीपीटी के लगभग तीन साल पहले आने के बाद से, सीखने पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीकों के प्रभाव पर व्यापक रूप से बहस हुई है। क्या वे व्यक्तिगत शिक्षा के लिए उपयोगी उपकरण हैं, या अकादमिक बेईमानी के प्रवेश द्वार हैं? सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बात की चिंता है कि एआई के इस्तेमाल से व्यापक रूप से "मूर्खता" पैदा होगी, या आलोचनात्मक ढंग से सोचने की क्षमता में गिरावट आएगी। तर्क यह है कि अगर छात्र बहुत जल्दी एआई टूल का इस्तेमाल करते हैं, तो उनमें आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान के लिए बुनियादी कौशल विकसित नहीं हो सकते। क्या वाकई ऐसा है? एमआईटी के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक हालिया अध्ययन के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि निबंध लिखने में मदद के लिए चैटजीपीटी का उपयोग करने से संज्ञानात्मक समझ और 'सीखने के कौशल में संभावित कमी' हो सकती है। तो अध्ययन में क्या पाया गया? चार महीनों के दौरान, एमआईटी टीम ने 54 वयस्कों से एआई (चैटजीपीटी), एक खोज इंजन या अपने स्वयं के मस्तिष्क (केवल मस्तिष्क समूह) का उपयोग करके तीन निबंधों की एक श्रृंखला लिखने के लिए कहा।

## X ट्रेंड

### बिहार युवा आयोग गठित



बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है और आज कैबिनेट द्वारा बिहार युवा आयोग के गठन की मंजूरी भी दे दी गई है।

**-नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**

### आपदा प्रभावितों का दर्द



आपदा प्रभावितों का दर्द सुनकर मन बहुत ही व्यथित है। सराज अभी भी दर्द में डूबा है। त्रासदी ने हमारी दशकों की मेहनत को कुछ सेकंड में ही तहस-नहस कर दिया। हमारे कई लोगों को हमसे छीन लिया। ईश्वर उन्हें सद्गति दे।

**-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल**

### भारत की शानदार जीत



एजबेस्टन में भारत की शानदार जीत। निडरता से खेले और इंग्लैंड को लगातार परेशान किया। सभी ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। सिराज और आकाश ने इस पिच पर जिस तरह की गेंदबाजी की, उसके लिए उनका विशेष उल्लेख है।

**-विराट कोहली, क्रिकेटर**

### चिंता रॉकिंग चेयर जैसी



चिंता रॉकिंग चेयर के जैसी होती है, जो हमें हिलाती है पर ले कहीं नहीं जाती। समस्या के बारे में सोचना 'चिंता' है और समाधान के बारे में विचारना 'चिंतन'। चिंता स्वीकारे बिना हम चिंतन तक नहीं पहुँच सकते।

**- आशुतोष राणा, अभिनेता**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

मुरादाबाद सहित कई शहरों में बारिश से मचा हाहाकार

# ट्रैक पर भर गया पानी, नदी-नाले उफने, 26 ट्रेनों पर ब्रेक

## उत्तरप्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में भारी बारिश, भूस्खलन से तबाही

एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद

यहा बारिश के कारण लाइनपार के नाले उफनाए तो रेलवे ट्रैक पर जलभराव हो गया। मुरादाबाद यार्ड में सिग्नल और प्वाइंट फेल हो गए। मुरादाबाद-दिल्ली, मुरादाबाद-लखनऊ और मुरादाबाद-सहारनपुर लाइन पर काफी देर तक रेल यातायात ठप हो गया।

26 ट्रेनों को जगह-जगह रोकना पड़ा। रात 10 बजे बारिश तेज हुई और 10:30 बजे तक यार्ड में प्वाइंट फेल होने शुरू हो गए। छोटे-छोटे स्टेशनों पर भी कई ट्रेनें रोक दी गईं। रेलवे ने जलनिकासी के लिए पंप लगाए।



### कई ट्रेनें घंटों देरी से पहुंचीं

*दिन में चलने वाली ट्रेनें भी लेट हो गईं। बरेली से चलने वाली आला हजरत एक्सप्रेस मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर ढाई घंटे देरी से पहुंची। शहीद एक्सप्रेस, मुंबई एक्सप्रेस भी डेढ़ घंटे लेट हो गईं। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि नालों के उफनाने के कारण यह समस्या हर साल होती है।*

## चमोली में बादल फटा, नंदानगर में घर छोड़कर भागे लोग, एक गोशाला ध्वस्त

**चमोली।** जिले के विकासखंड नंदानगर में अतिवृष्टि से उफान पर आए मोक्ष गाड ने भारी तबाही मचा दी। एक गौशाला पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है, जबकि 11 आवासीय मकान खतरे की जद में आ गए हैं। मोख मल्ला के बगड़ तोक में सिरपाख नाला उफान पर आ गया। गदेरे का पानी पैदल रास्तों तक पहुंच गया और आवासी घरों को छूने लगा। इससे आसपास के लोग घर छोड़कर भागने लगे।



### मंडी में भी भरा पानी

मंडी में जलभराव के चलते कारोबारियों के साथ किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बारे में फल विक्रेता कल्याण समिति के मीडिया प्रभारी विनोद शर्मा ने बताया कि पंप हाउस और तालाब का निर्माण कराया था लेकिन कुछ काम नहीं आ सका। इसी तरह कोलकाता में भी भारी बारिश के कारण सड़के जलमग्न हो गईं। वाहन को निकालने में परेशानी हुई।

## खबर संक्षेप

### उदयपुर के डूंगला मंदिर में तोड़फोड़ पर तनाव

**उदयपुर।** चित्तौड़गढ़ जिले की बड़ी सादड़ी तहसील के डूंगला थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन शिव मंदिर में तोड़फोड़ के बाद तनाव है। गुस्साए लोगों ने डूंगला बस स्टैंड के पास प्रदर्शन करते हुए करीब 5 घंटे तक मुख्य सड़क जाम रखी और टायर जलाकर विरोध जताया। 3 ठेलों को भी आग के हवाले कर दिया गया।



### हैदराबाद सिटी सिविल कोर्ट में बम की धमकी

**हैदराबाद।** सिटी सिविल कोर्ट में बम की धमकी मिली। बम निरोधक दस्ते और अन्य अधिकारी वर्तमान में कोर्ट परिसर की गहन तलाशी ली। मंगलवार सुबह 3:15 बजे बम की धमकी वाला मेल मिला। अन्य अधिकारी कोर्ट परिसर की गहन तलाशी ले रहे हैं। अभी तक कुछ नहीं मिला है। हम बाद में और जानकारी देंगे।



### 15.36 लाख की हेरोइन जब्त, दो लोग गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पुलिस ने एक लॉज से 15.36 लाख मूल्य की हेरोइन जब्त कर पंजाब के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मादक पदार्थ निरोधक प्रकोष्ठ ने 5 जुलाई को सीबीडी-बेलापुर क्षेत्र में एक लॉज के कमरे पर छापा मारा। प्रमजीत सिंह महेंद्र सिंह और सुखविंदर सिंह को गिरफ्तार किया। और उनके पास से 15.36 लाख रुपए मूल्य की 38.4 ग्राम हेरोइन जब्त की गई।

### काफिले की गाड़ियां टकराईं, मंत्री घायल

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ में शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी के काफिले में चल रही गाडियां आपस में टकरा गईं। हादसे में मंत्री गुलाबो देवी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। उन्हें भर्ती कराया गया है। मंत्री गुलाब देवी का काफिला दिल्ली से बिजनौर जा रहा था, उसी समय ये हादसा हो गया। ये एक्सीडेंट नेशनल हाइवे-9 पर पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में हुआ है।



हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने प्रदेश के मुख्य सचिव और सभी विभागों के प्रमुख सचिवों को इस संबंध में स्पष्ट आदेश दिया

# बड़ा फैसला : मध्य प्रदेश में अब सड़कों और चौराहों पर नहीं लगेंगी नई प्रतिमाएं

इस फैसले को प्रदेश में सार्वजनिक स्थलों पर सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और यातायात नियंत्रण को बेहतर बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे स्थानीय प्रशासन के निर्णयों में एकरूपता आएगी और चौराहों को लेकर होने वाले विवादों पर विराम लग सकेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश में अब किसी चौराहे या सड़क पर महापुरुषों या किसी अन्य की प्रतिमा नहीं लगेगी। हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने मुख्य सचिव व सभी विभागों के प्रमुख सचिवों को इस संबंध में आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने कहा है कि पूर्व में भी इस संबंध में आदेश दिया जा चुका है, उसका पालन सुनिश्चित करवाया जाए। हाई कोर्ट ने यह आदेश उज्जैन जिले के माकड़ोन तहसील निवासी राजेश कुमार की ओर से दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए सोमवार को दिया।

याचिका में कहा गया था कि माकड़ोन में कुछ समय पहले चौराहे पर लगी डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को पाटीदार समाज के लोगों ने तोड़ दिया था। वे वहां सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा लगाना चाहते थे। डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा तोड़ने के बाद वहां स्थिति अनियंत्रित हो गई थी। कई दिनों तक यह स्थिति बनी रही। इसके बाद कई समाजिक संस्थाओं ने माकड़ोन नगर परिषद से अलग-अलग महापुरुषों की प्रतिमा लगाने की अनुमति मांगी। परिषद ने विवाद से बचने के लिए उन्हें अलग-अलग स्थानों पर प्रतिमा लगाने की अनुमति देने का आश्वासन भी दिया।

**मुख्यपीठ द्वारा वर्ष 2023 में दिए गए आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाए**

**वर्तमान में लगीं प्रतिमाओं पर नहीं होगा कोई असर**




- ▶▶ याचिका में कहा गया- चौराहे-चौराहे प्रतिमा लग जाएंगी तो यातायात नियंत्रित करना मुश्किल हो जाएगा
- ▶▶ हर समाज अपने महापुरुष की प्रतिमा अपने पसंद के चौराहे पर लगाने के लिए अड़ेगा और फिर दूसरे समाज से लड़ेगा

मुख्यपीठ ने कहा था...

### ऐसे किसी कृत्य की अनुमति नहीं दी जा सकती, जिससे यातायात बाधित होता हो

याचिकाकर्ता ने इस संबंध में अधिकारियों को ज्ञापन भी दिया, लेकिन कुछ नहीं किया गया। इसके बाद जनहित याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि हाई कोर्ट की जबलपुर मुख्य पीठ वर्ष 2023 में इस संबंध में स्पष्ट आदेश दे चुकी है। मुख्य पीठ ने चौराहों और सड़कों पर प्रतिमाएं लगाने पर रोक लगाते हुए कहा था कि ऐसे किसी कृत्य की अनुमति नहीं दी जा सकती, जिससे यातायात बाधित होता हो। इस स्पष्ट आदेश के बावजूद चौराहों पर प्रतिमा लगाने की अनुमति दे दी जाती है। हाई कोर्ट ने तर्क सुनने के बाद याचिका का निराकरण करते हुए आदेश दिया कि मुख्य सचिव और सभी विभागों के प्रमुख सचिव सुनिश्चित करें कि मुख्यपीठ द्वारा वर्ष 2023 में दिए गए आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाए। इस आदेश के बाद अब प्रदेशभर में चौराहे और सड़कों पर प्रतिमाएं स्थापित करने पर रोक लगेगी। हालांकि, इस आदेश का कोई असर वर्तमान में स्थापित प्रतिमाओं पर नहीं पड़ेगा।



फाइल फोटो

### हाईकोर्ट का स्पष्ट रुख

एडवोकेट मनीष यादव और नेहुल वर्मा के मुताबिक सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से यह भी बताया गया कि मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर मुख्य पीठ ने वर्ष 2023 में ही इस विषय में स्पष्ट आदेश दे दिया था, जिसमें चौराहों और सड़कों पर प्रतिमाएं लगाने पर पूरी तरह से रोक लगाई गई थी। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन द्वारा कई बार अनुमति दे दी जाती है, जिससे कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था दोनों प्रभावित होते हैं।

पश्चिम बंगाल के मालदा में बवाल

## मुहर्रम जुलूस के दौरान हिंदुओं पर निशाना, दुकानों पर बांस से हमला



एजेंसी ▶▶ मालदा

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में मुहर्रम के जुलूस के दौरान दो समुदायों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया। यह घटना इंग्लिशबाजार इलाके की है, जहां रविवार शाम ताजिया निकाले जाने के दौरान विवाद हुआ। बताया जा रहा है कि जब मुहर्रम का जुलूस लक्ष्मीकांतपुर गांव के पास से गुजर रहा था, तभी जुलूस में शामिल कुछ लोगों पर स्थानीय दुकानों पर बांस और लाठियों से हमला करने का आरोप लगाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जुलूस में शामिल कुछ लोगों ने दुकानों में तोड़फोड़ करने की कोशिश की। हालांकि पुलिस का कहना है कि यह विवाद अमरूद के पेड़ की डाल काटने को लेकर शुरू हुआ था। पुलिस के अनुसार, दो दुकानों पर बांस से हमला किया गया, लेकिन कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और मौके पर पहुंचकर पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया।

### सरकार के इंतजाम रहे नाकाफी

अब से 24 घंटे पहले देशभर में मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। पूरे देश में मोहर्रम के जुलूस के लिए खास इंतजाम किए गए थे। पुलिस-प्रशासन अलर्ट पर था। प्रशासन ने अपनी तरफ से हुड़दंग और हिंसा रोकने की पूरी तैयारी की थी, लेकिन कुछ कट्टरपंथियों ने मुहर्रम के जुलूस को शक्ति-प्रदर्शन में बदल दिया। बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश में जगह-जगह मुहर्रम जुलूस के दौरान हिंसा हुई। बिहार में पूर्वी चंपारण में अजय यादव की तलवार से काट कर हत्या कर दी गई. अजय स्थानीय राजनीति में सक्रिय थे। उनके बड़े भाई पंचायत का चुनाव लड़ चुके हैं।

### फिलिस्तीन का झंडा भी लहराया गया

इलाके में तनाव के चलते भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। फिलहाल स्थिति शांत बताई जा रही है, वहीं भाजपा ने आरोप लगाया है कि मुहर्रम के जुलूस में फिलिस्तीन का झंडा भी लहराया गया और इसके बाद ही बाजार में दुकानों पर हमला किया गया। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है और स्थानीय लोगों से बातचीत कर रही है ताकि आगे कोई विवाद न हो।

महाराष्ट्र में त्रिभाषा पर विवाद फिलहाल नहीं रुक रहा, पलटवार शुरू

## यहां विरोध मार्च से पहले ही मनसे कार्यकर्ता हिरासत में, सीएम फडणवीस ने दी सफाई

### ठाणे जिले में मीरा भयंदर शहर में रैली में बवाल, मंत्री ने कार्रवाई को गलत कहा

एजेंसी ▶▶ ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मीरा भयंदर शहर में प्रस्तावित प्रदर्शन रैली से पहले पुलिस ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। मीरा भयंदर में उस समय तनाव व्याप्त हो गया जब पुलिस ने मराठी एकीकरण समिति द्वारा प्रस्तावित रैली में भाग लेने के लिए एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों को घेर लिया।

राज्य के मंत्री प्रताप सरनाईक ने पुलिस की कार्रवाई को गलत बताया और कहा कि यह सरकारी निर्देशों के अनुरूप नहीं है। महिलाओं सहित कई मनसे कार्यकर्ताओं को पुलिस वैन में भरकर ले जाने के वीडियो सोशल मीडिया पर आए हैं, लेकिन हिरासत में लिए गए लोगों की संख्या का खुलासा नहीं किया गया है।

### किसी की शर्तों पर अनुमति नहीं दी जाएगी: फडणवीस



*सीएम फडणवीस ने कहा कि विरोध मार्च निकालने की अनुमति किसी को भी दी जा सकती है लेकिन अगर कोई अपनी शर्तों पर इसे निकालना चाहता है और कानून-व्यवस्था को बिगाड़ना चाहता है तो यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें एक ही राज्य में रहना है। अगर सामान्य रास्ता अपनाया जाता है तो अनुमति दी जाएगी।*

### निशिकांत: इनको मारकर दिखाओ

*गुवाहाटी। राज ठाकरे की ओर से अपने कार्यकर्ताओं को दिए गए विवादित निर्देश 'मारो लेकिन वीडियो मत बनाओ' को लेकर निशिकांत दुबे ने पलटवार किया और कहा, अगर हिम्मत है तो हिंदी बोलने वालों को ही क्यों, उर्दू, तमिल, तेलुगू बोलने वालों को भी मारो। अगर इतने ही बड़े नेता हो, तो महाराष्ट्र से बाहर निकलो।*

### राउत ने निशिकांत को बताया दलाल

शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने भाजपा सांसद पर पलटवार करते हुए कहा कि जो व्यक्ति संसद में फर्जी डिग्री पेश करता है, वह हमें देश की एकजुटता पर ज्ञान नहीं दे सकता, निशिकांत दुबे एक दलाल है, उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हिंदी भाषी लोगों की संख्या लाखों में है, लेकिन शिवसेना ने कभी उन पर आपत्ति नहीं जताई। ये कौन है?

चीफ जस्टिस गवई ने इशारों में कही बड़ी बात

## न्यायपालिका संरक्षक और संविधान ने समान अधिकार दिए, सभी एक समान

### न्यायपालिका बनाम कार्यपालिका वाले विवाद पर यह बात कही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई को महाराष्ट्र विधानमंडल की ओर से सम्मानित किया गया। वे महाराष्ट्र मूल के हैं और उन्हें राज्य का गौरव बताते हुए दोनों सदनों ने सम्मानित किया। उन्होंने सदन को संबोधित भी किया और कहा न्यायपालिका बनाम कार्यपालिका वाले विवाद पर भी इशारों में बात की। संसद की सर्वोच्चता वाला बयान पिछले दिनों उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिया था। उन्होंने इशारों में ही कहा था कि संविधान के तहत कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका एक समान हैं।

### कोर्ट अधिकारों का प्रहरी और संरक्षक



उन्होंने इस बात को एक बार फिर से दोहराया। यह भी कहा कि अदालत को नागरिकों के अधिकारों की प्रहरी और संरक्षक के रूप में काम करना होगा। संविधान सर्वोच्च है। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब आंबेडकर ने कहा था कि हम सभी संविधान की सर्वोच्चता में विश्वास करते हैं। संविधान ने कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका को अधिकार दिए हैं। आंबेडकर ने कहा था कि न्यायपालिका को नागरिकों के अधिकारों की प्रहरी और संरक्षक के रूप में काम करना होगा।

### न कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त हो न्यायपालिका

जस्टिस गवई ने कहा कि आंबेडकर ने कहा था कि न्यायपालिका को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त होना चाहिए। आंबेडकर ने कहा था कि संविधान शांति और युद्ध के दौरान देश को एकजुट रखेगा।

विपक्ष के आरोपों पर ईसी की दो टूक

## यह पूरी तरह 'समावेशी' प्रक्रिया सभी आरोप बेबुनियाद व बेतुके

### मतदाता सूची संशोधन पर बिहार में सियासी तूफान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार की मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग पर तगड़ा हमला बोला है। इस बीच चुनाव अधिकारियों ने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह समावेशी है। इसमें सब कुछ समाहित किया गया है। इसे लेकर लगाए जा रहे सभी आरोप बेबुनियाद और बेतुके हैं। विपक्ष ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग पर हमला तेज कर दिया है। उनका कहना है कि इससे करोड़ों मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने भी सोमवार को बिहार में मतदाता सूची संसोधन या गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को सुनवाई करने पर सहमति जताई थी।




### कोर्ट भी पहुंचा मामला

विपक्षी दलों कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार गुट), शिवसेना (यूबीटी), समाजवादी पार्टी, जेएमएम, सीपीआई और सीपीआई (एमएल) के नेताओं ने मामले में मिलकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कई अन्य याचिकाएं भी इस साल के अंत में बिहार में होने वाले चुनावों से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण करने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई हैं।

सुप्रिया श्रीनेत ने उठाए गंभीर सवाल

# जेन स्ट्रीट घोटाला: सेबी की देरी और छोटे निवेशकों की तबाही

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि फॉलोअप

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और केंद्र की मोदी सरकार पर भारतीय शेयर बाजार में अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट द्वारा कथित हेरफेर और अवैध मुनाफाखोरी को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने सेबी की निष्क्रियता और छोटे निवेशकों को भारी नुकसान होने देने के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

श्रीनेत ने पत्रकारों से बातचीत में जेन स्ट्रीट के कथित घोटाले पर गंभीर सवाल उठाए। जेन स्ट्रीट कंपनी ने दो भारतीय कंपनियों के साथ-साथ हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर की दो विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक इकाइयों के जरिए भारतीय बाजार में सट्टेबाजी शुरू की। जनवरी 2023 से मार्च 2025 तक, जेन स्ट्रीट ने डेरिवेटिव्स और फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस मार्केट में 43,289 करोड़ का मुनाफा कमाया, जिसमें से 7,687 करोड़ का नुकसान हुआ, लेकिन शुद्ध मुनाफा 36,502 करोड़ रहा। सेबी ने इसे अब अवैध करार दिया है, लेकिन श्रीनेत ने सवाल उठाया कि इतने बड़े पैमाने पर हेरफेर के बावजूद सेबी साढ़े चार साल तक कुंभकर्ण की नींद क्यों सोता रहा? श्रीनेत ने दावा किया कि जेन स्ट्रीट बाजार बंद होने के समय शेयरों की कीमत को निर्धारित करता था, जो भारत और वैश्विक स्तर पर गैरकानूनी है। सुबह के समय भारी मात्रा में बैंक निफ्टी के स्टॉक्स (जैसे एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, और कोटक बैंक) के फ्यूचर्स खरीदकर इंडेक्स को ऊपर ले जाया जाता था। इसके बाद दोपहर में इन स्टॉक्स को आक्रामक तरीके से बेचकर इंडेक्स को नीचे गिराया जाता था। इस कृत्रिम उछाल और गिरावट का फायदा उठाकर जेन स्ट्रीट पुट और कॉल ऑप्शंस के जरिए भारी मुनाफा कमाता था। कांग्रेस प्रवक्ता ने उदाहरण देकर बताया कि 17 जनवरी 2024 को, कंपनी ने एक ही दिन में 735 करोड़ का मुनाफा कमाया।



इस रणनीति से जहां जेन स्ट्रीट ने भारी मुनाफा कमाया, वहीं मार्केट में 93 फीसदी छोटे निवेशकों को नुकसान हुआ। श्रीनेत ने कहा कि 2024 में जेन स्ट्रीट ने अमेरिकी अदालत में स्वीकार किया कि उसने 2023 में भारतीय डेरिवेटिव्स मार्केट से 1 बिलियन और 2024 तक 2.3 बिलियन डॉलर कमाए, जो उसकी वैश्विक आय का 11.2 फीसदी था। इसके बावजूद, सेबी न तो चेती न ही कोई कार्रवाई की। फरवरी 2025 में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने जेन स्ट्रीट को एक चेतावनी पत्र जारी किया, लेकिन कंपनी ने मई 2025 तक अपने हेरफेर को जारी रखा। श्रीनेत ने सवाल किया कि सेबी को इस चेतावनी के बाद भी कार्रवाई करने में पांच महीने क्यों लगे? कांग्रेस प्रवक्ता ने एक के बाद 15 सवालों की झडी सेबी के समक्ष लगाई है।

### बांग्लादेश, थाइलैंड सहित एक दर्जन पर लगा उच्च शुल्क

# अमेरिका के कदम से भारत को कपड़ा 'फुटवियर' क्षेत्रों में होगा लाभ : निर्यातक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश और थाइलैंड सहित एक दर्जन से अधिक देशों पर उच्च शुल्क लगाने के अमेरिका के फैसले के बाद भारत के परिधान और 'फुटवियर' जैसे निर्यात क्षेत्रों को वहां के बाजार में प्रतिस्पर्धी लाभ मिलने की उम्मीद है। निर्यातकों ने यह बात कही।

- अमेरिकी फैसले से भारत को लाभ मिलने की उम्मीद

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को जापान, दक्षिण कोरिया, कजाकिस्तान, मलेशिया, ट्यूनीशिया पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। वहीं दक्षिण अफ्रीका, बोस्निया-हर्जेगोविना पर 30 प्रतिशत, इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत, बांग्लादेश, सर्बिया पर 35 प्रतिशत, कम्बोडिया, थाइलैंड पर 36 प्रतिशत और लाओस और म्यांमा पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाने का ऐलान किया। ये शुल्क एक अगस्त से लागू होंगे।

**खास बातें**

- अमेरिका को परिधान निर्यात करने वाला बांग्लादेश तीसरा बड़ा देश
- परिधान क्षेत्र में भारत का अमेरिका को 2.5 अरब डॉलर का था निर्यात



### बांग्लादेश की बाजार हिस्सेदारी 13.15 फीसदी

बांग्लादेश 2024 में 13.15 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ अमेरिका को परिधान (बिना बुना हुआ) का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। इस क्षेत्र में भारत का अमेरिका को निर्यात 2.5 अरब डॉलर था। लेकिन भारत शीर्ष तीन देशों में नहीं है।

### कम्बोडिया भी परिधान निर्यात में भारत से आगे

बुने हुए परिधानों में कम्बोडिया की हिस्सेदारी करीब छह प्रतिशत है और वह भारत (5.09 प्रतिशत) से आगे है। एक निर्यातक ने कहा, ''अमेरिकी परिधान बाजार में भारत को बांग्लादेश और वियतनाम से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। बांग्लादेश पर उच्च शुल्क से अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।''

### भारत के रबड़ के निर्यात में भी हो सकेगी वृद्धि

निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो (फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन) के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि चमड़ा और परिधान जैसे क्षेत्रों को भारत के प्रतिस्पर्धी देशों से प्रतिस्पर्धी लाभ मिल सकता है। मुंबई के एक निर्यातक ने कहा कि थाइलैंड पर बढ़े हुए शुल्क से रबड़ और उसके उत्पादों के निर्यात में बढ़ोतरी हो सकती है।

### हमें चमड़ा क्षेत्र में लाभ मिलेगा

थाइलैंड, अमेरिका को रबड़ का सबसे बड़ा निर्यातक है। उसकी हिस्सेदारी 15.16 प्रतिशत है, जबकि भारत 2.93 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ चौथे स्थान पर है। निर्यातक ने कहा, ''हमें चमड़ा क्षेत्र में भी लाभ मिलेगा।''

### समझौते को अंतिम रूप देने में सावधानी से आगे बढ़े भारत : जीटीआरआई

आर्थिक शोध संस्थान टैंक जीटीआरआई ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देते समय भारत को सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए। 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव' (जीटीआरआई) ने कहा, ''अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 'मॉडल' मुक्त व्यापार समझौते का नहीं बल्कि अमेरिकी जवाबी शुल्क के सामने झुकने का है।''

---

सोना बढ़कर 99,120 रुपए प्रति दस ग्राम

# सोना 550 रुपए चढ़ा और चांदी रही स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 550 रुपये बढ़कर 99,120 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,570 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

सर्राफा संघ ने बताया कि 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। इसके अलावा, चांदी की कीमतें मंगलवार को लगातार तीसरे सत्र में भी



1,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर अपरिवर्तित रहीं। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 11.42 डॉलर या 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,325.09 डॉलर प्रति औंस रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक - कमोडिटीज, सौमिल गांधी ने कहा, व्यापार युद्ध के फिर से शुरू होने की आशंका बढ़ने के कारण सोने ने कल के नुकसान को उलट दिया और मंगलवार को बढ़त दर्ज की गई।

### फास्टैग से टोल संग्रह पहली तिमाही में 19.6 प्रतिशत बढ़कर 20,682 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (एनईसीटी) के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में फास्टैग के जरिये राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह 19.6 प्रतिशत बढ़कर 20,681.87 करोड़ रुपये हो गया। एनईटीसी के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में टोल उपयोगकर्ताओं की संख्या भी 16.2 प्रतिशत बढ़कर 117.3 करोड़ हो गई। एक साल पहले की इसी अवधि में यह 100.98 करोड़ थी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने एक अप्रैल, 2025 से देशभर के राजमार्ग खंडों पर टोल शुल्क में औसतन 4-5 प्रतिशत की वृद्धि की थी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल में कहा था कि सरकार 15 अगस्त से निजी वाहनों के लिए 3,000 रुपये की कीमत वाला फास्टैग-आधारित वार्षिक पास पेश करेगी।

### भारत में रेस्पिरेटरी सिंसिशियल वायरस (आरएसवी) के प्रति जागरूकता और टीकाकरण की सख्त जरूरत याआरएसवी को मामूली मौसमी सर्दी-खाँसी समझने की भूल न करें

**नई दिल्ली।** भारत के मेडिकल एक्सपर्ट्स के अनुसार छोटे बच्चों में तेजी से फैलने वाली एक गंभीर बीमारी- रेस्पिरेटरी सिंसिशियल वायरस (आरएसवी) पर ध्यान देने की सख्त जरूरत है। यह एक ऐसा वायरस है, जो पाँच साल से छोटे बच्चों और नवजातों के सीने में इन्फेक्शन करता है, और बहुत तेजी से फैलता है, यानि छोटे बच्चों के यह फेफड़ों में संक्रमण का बड़ा कारण बनता है।आरएसवी को अक्सर लोग मामूली मौसमी सर्दी-खाँसी समझ बैठते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि हर साल दुनिया भर के पाँच साल से कम उम्र के करीब 36 लाख बच्चों को इसके कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है और करीब 1 लाख बच्चों की जान चली जाती है। भारत में हर साल लगभग 2.5 करोड़ बच्चों का जन्म होता है, जिससे इस बीमारी का बोझ हमारे देश पर भी काफी भारी पड़ता है। खासतौर पर, मानसून और सर्दी की शुरुआत में तो हालात और बिगड़ जाते हैं, जब नवजात शिशु आईसीयू (एनआईसीयू) में भर्ती होने वाले बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ जाती है। चौंकाने वाली बात यह है कि आरएसवी का असर सिर्फ बीमार या कमजोर बच्चों पर नहीं होता, बल्कि कई बार बिल्कुल स्वस्थ और समय पर जन्मे बच्चों को भी ऑक्सीजन या वेंटिलेटर की जरूरत पड़ जाती है।




---

# बैंक, आईटी शेयरों में खरीदी से सेंसेक्स 270 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 270 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 25,500 अंक के ऊपर बंद हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में मजबूत रुख के साथ बैंक तथा चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 270.01 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 83,712.51 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में 18 लाभ में जबकि 12 नुकसान में रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 61.20 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,522.50 अंक पर बंद हुआ।

विशेषज्ञों के अनुसार, शेयर बाजार लगभग पूरे कारोबार के दौरान सीमित दायरे में रहा। कारोबार समाप्त होने से पहले कुछ शेयरों में लिवाली हुई। निवेशकों को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में ठोस प्रगति का इंतजार है। इस बीच, अमेरिका ने जवाबी शुल्क लगाने की समयसीमा बढ़ाकर एक अगस्त कर दी है। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

# चीनी पेशेवरों की वापसी से आईफोन 17 के उत्पादन पर कोई असर नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एप्पल वेंडर के संयंत्र से चीनी प्रौद्योगिकी पेशेवरों की वापसी से आगामी आईफोन-17 के उत्पादन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इस घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल भारत में उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार आगे बढ़ रही है। सूत्रों के अनुसार, भारत में एप्पल के वेंडर फॉक्सकॉन और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने भी चीन से पूंजीगत वस्तुओं की आपूर्ति में ढील का अनुभव किया है। ये वस्तुएं आईफोन के उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण हैं। आईफोन विनिर्माण के घटनाक्रम से अवगत एक सूत्र ने बताया, ''फॉक्सकॉन से चीनी पेशेवरों की वापसी से आईफोन के उत्पादन पर कोई असर नहीं पड़ा है। भारत में आईफोन-17 का उत्पादन तय समय के अनुसार होगा।'' इस मामले पर एप्पल, फॉक्सकॉन और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स को भेजे गए सवालों का कोई जवाब नहीं मिला। कई सूत्रों ने बताया कि फॉक्सकॉन इंडिया के संयंत्रों में काम करने वाले सैकड़ों चीनी पेशेवर पिछले दो माह में चीन लौट गए हैं। उन्होंने बताया कि ये इंजीनियर निर्माण श्रृंखला और कारखाना डिजाइन को संभाल रहे थे।

**मार्केट न्यूज**

### हीर एक्सप्रेस का नया गाना 'डोरे डोरे दिल पे तेरे' हुआ रिलीज़




मुंबई। जब मस्ती भरे बोल, ढोल की थाप और प्यार भरी नोकझोंक मिलें, तो बनता है एक ऐसा गाना जो सिर्फ सुना नहीं, महसूस किया जाता है। 'हीर एक्सप्रेस' का नया डांसिंग ट्रैक 'डोरे डोरे दिल पे तेरे', 8 जुलाई को ज़ी म्यूज़िक कंपनी के जरिए रिलीज़ हो चुका है, और ये अभी से ही दर्शकों की प्लेलिस्ट में अपनी जगह बना चुका है।

इस गाने की खास बात है इसकी चुलबुली रोमांटिक केमिस्ट्री – जहां एक ओर लड़का प्यार से मनाने की कोशिश करता है, वहीं लड़की हँसी-ठिठोली में भाव खा रही है। यही मासूमियत और मस्ती इसे बाकी गानों से अलग बनाती है।

रॉयल बर्कशायर (यूके) स्थित डिटन पार्क मैनर में फिल्माए गए इस गाने की हर फ्रेम में ग्लोबल स्टाइल और देसी दिल की झलक मिलती है। गाने में है ढोल की बीट, फलर्टिंग बॉडी लैंग्वेज, और एक ऐसी मॉडर्न लेकिन दिल से जुड़ने वाली वाइब, जो हर उम्र के दर्शक को कनेक्ट करता है।

- चुलबुली रोमांटिक केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीता।
- दिविता जुनेजा के डेब्यू ने बटोरी तालियाँ।
- तनिष्क बागची के संगीत ने गाने को बनाया डांसिंग एंथम।
- यूके में शूट, इंटरनेशनल अंदाज़ में पेश हुआ गाना।

गीत को नक्श अज़ीज़ और हरजोत कौर ने गाया है, संगीत दिया है तनिष्क बागची ने और मस्ती से भरे बोल लिखे हैं श्लोक लाल ने। तीनों की जुगलबंदी ने इसे एक डांसिंग एंथम बना दिया है जो शादी-ब्याह, कॉलेज फंक्शन्स और इंस्टाग्राम रील्स का नया फेवरिट बन सकता है। लेकिन अगर इस गाने की असली रूह की बात करें, तो वो हैं दिविता जुनेजा। अपने डेब्यू में ही दिविता ने जिस आत्मविश्वास, मासूमियत और नैचुरल स्क्रीन प्रेज़ेंस से सबको चौंकाया है, वो काबिले – तारीफ है। उनका हर एक्सप्रेशन, हर डांस स्टेप किरदार में घुला नजर आता है, जैसे वो एक्टिंग नहीं, उस पल को जी रही हों।

उनके साथ प्रीत कमानी की कैमिस्ट्री पहले से भी ज़्यादा सधी हुई और ग्लोबल नज़र आती है। साथ ही, चार्लट हैज़लबी और लेटन बेंटा जैसे ब्रिटिश कलाकारों की मौजूदगी इस गाने को एक इंटरनेशनल अपील देती है। गाने की कोरियोग्राफी की ज़िम्मेदारी संभाली है आदिल शेख ने – जिन्होंने अपने सिग्नेचर स्टाइल में बॉलीवुड का दिल और यूरोपियन चार्म को खूबसूरती से मिक्स किया है। 'हीर एक्सप्रेस' के इस दूसरे ट्रैक में मॉडर्न रोमांस, चुलबुला अंदाज और इंटरनेशनल प्रोडक्शन वैल्यूज़ का ऐसा तालमेल देखने को मिलता है जो आज की यंग जेनरेशन को खूब भाएगा। वहीं फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' 8 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ 85.68 प्रति डॉलर

मुंबई। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर के कमजोर होने के कारण विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 26 पैसे बढ़कर 85.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

### ट्रैवल फूड आईपीओ को दूसरे दिन तक 25% अभिदान

**नई दिल्ली।** ट्रैवल फूड सर्विसेज लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के दूसरे दिन मंगलवार को 25 प्रतिशत अभिदान मिला। एनएसई के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, आईपीओ को 33,02,858 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं जबकि 1,34,12,842 शेयरों की पेशकश की गई है। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के लिए कोटा में 28 प्रतिशत अभिदान मिला, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को 24 प्रतिशत अभिदान मिला। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के हिस्से को 18 प्रतिशत अभिदान मिला। भारत और मलेशिया के हवाई अड्डों पर ट्रैवल क्विक-सर्विस रेस्तरां और लाउंज व्यवसाय संचालित करने वाली ट्रैवल फूड सर्विसेज ने शुक्रवार को एंकर निवेशकों से करीब 600 करोड़ रुपये जुटाए।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) MAH FURIO14FBT
REG. NO. UP14HT8814-YOM-2019
MINIMUM RESERVE PRICE -2,31,640.44

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION"INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 23-07-2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125,
NOIDA-201313 OR
CONTACT : PUNIT PARASHAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377905498
EMAIL–punit.parshar@kotak.com

**PUBLIC NOTICE**

My father Late Krishan kumar Bhagia, S/o Sh. Baldev Bhagia R/o C-31, Malviya Nagar, Hauz Khas, South Delhi, Delhi-110017 , had purchased flat no – B12A-1205, Project Supertech Eco Village-2, Situated at GH-01, Sector -16 B. Greater Noida , After his death, I requested to M/s Supertech Limited to transfer the said flat to my name along with my mother Mrs. Kavita Krishan Bhagia and my brother Mr. Gaurav Bhagia, if anybody has any objection, he/she may contact M/s Supertech Limited office at Supertech E-Square, Plot No C2, Sector 96, Noida, Uttar Pradesh, India 201303 within 15 days of the Published notice.
**Rohit Bhagia S/o Lt Krishan Kumar Bhagia**

**PUBLIC NOTICE**

My wife Late Smt Sneha Tiwari W/o Sh. Rakesh Tiwari R/O Nayagaon, Chhapra Musahari, Muzaffarpur, Bihar, 843119, booked a Plot No. R001B0112A in Supertech Golf Country, After her demise, I requested M/s Supertech Township Project Ltd to transfer the said flat to on my name alone as Main Applicant, if anybody or financial institution has any objection, he/she may contact M/s Supertech Township Project Ltd office at Supertech E-Square, Plot No C2, Sector 96, Noida, Uttar Pradesh, India 201303 within 15 days, of the Published notice.

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### भारत में हाइड्रोजन मांग 2032 तक 88 लाख टन होगी

**नई दिल्ली।** देश में हाइड्रोजन की मांग 2032 तक तीन प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 88 लाख टन प्रति वर्ष होने की उम्मीद है। भारत ऊर्जा भंडारण गठबंधन (आईएसए) की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह के पहले दिन यहां जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि 90 लाख टन सालाना से अधिक क्षमता की हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं की घोषणाओं के बावजूद, उनमें से कुछ ही अंतिम निवेश निर्णय पर पहुंच पाई हैं या घरेलू अथवा अंतरराष्ट्रीय बाजारों से दीर्घकालिक खरीद को लेकर समझौते किए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 92 लाख टन सालाना हरित हाइड्रोजन परियोजना घोषणाओं में से 82 प्रतिशत चार राज्यों में हैं। ये राज्य हैं... ओडिशा (38 प्रतिशत), गुजरात (26 प्रतिशत), कर्नाटक (12 प्रतिशत), आंध्र प्रदेश (6 प्रतिशत)। घोषित परियोजनाओं में से लगभग 72 प्रतिशत अमोनिया उत्पादन के लिए हरित हाइड्रोजन के उपयोग को को लेकर है। जबकि 20 प्रतिशत ने अंतिम उपयोग के बारे में घोषणा नहीं की है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

### कुछ सरकारी बैंकों ने मिनिमम बैलेंस की शर्त हटाई

# अब नहीं पड़ेगी बैंक खाते में न्यूनतम बैलेंस रखने की जरूरत?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अब न्यूनतम बैलेंस की शर्त को हटाने पर विचार कर रहे हैं। कैनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक और इंडियन बैंक जैसे दिग्गज सरकारी बैंकों ने हाल ही में न्यूनतम बैलेंस की अनिवार्यता को हटा दिया था। हाल ही में वित्त मंत्रालय के अधिकारियों और बैंकों के बीच हुई एक बैठक में यह मुद्दा उठा। मंत्रालय ने सीधा सवाल किया कि जब अधिकांश बैंकिंग सेवाएं डिजिटल हो चुकी हैं, तो फिर ग्राहकों पर बैलेंस का बोझ क्यों डाला जा रहा है। मिनिमम बैलेंस से मतलब एक बैंक खाते में बनाए रखे जाने वाली वह रकम है, जिसके न रहने पर ग्राहक को जुर्माना चुकाना पड़ता है। आसान भाषा में कहें तो बैंक चाहता है कि आपके खाते में हमेशा कुछ न कुछ पैसा रहे, ताकि खाता चलता रहे। सरकारी बैंकों की बजाय निजी बैंकों के मिनिमम बैलेंस को लेकर नियम ज्यादा कड़े हैं।




### आरबीआई की रिपोर्ट से खड़े हुए कान

एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी फाइनेंशियल स्टैबिलिटी रिपोर्ट में संकेत दिए हैं कि अब बैंकों की देनदारी प्रोफाइल बदल रही है। अब बैंक ज्यादा भरोसा सावधि जमा (टर्म डिपॉजिट) और वाणिज्यिक पत्र (सीडीएस) पर कर रहे हैं, जो ज्यादा ब्याज वाले साधन हैं। वहीं, कम लागत वाले चालू और बचत खातों में जमा राशि की रफ्तार धीमी पड़ गई है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रू में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी सोहना में ग्राम विकास योजना के तहत गांव खेरली कंकर, ब्लॉक इन्द्री, जिला नूह में विकास कार्य यथा, सीवर लाइन और स्टॉर्म वाटर यू-ड्रेन बिछना। | 09.07.2025 23.07.2025 | 284.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722590481 contactus@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | टर्नकी आधार पर आईई बरही (हरियाणा) में 2×12.5 एमवीए, 33/11 केवी इंडोर सब स्टेशन के लिए डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन का कार्य। | 07.07.2025 20.07.2025 | 6.77 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722590481 contactus@hsiidc.org.in |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36381/I/88/7 दि. 08.07.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | रेवाड़ी क्षेत्र में टर्नकी आधार में 132 केवी ट्रांसमिशन लाइंस का निर्माण। | 07.07.2025 01.08.2025 | ईएमडी 120.18 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36377/I/88/7 दि. 08.07.25

### शब्द पहेली - 5922




**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

**शब्द पहेली -5921 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | भ | स्मा | सु | र | | दा | न | वी | र | |
| नौ | | | ब | स | | न | ग | | | म |
| ज | प | | ह | म | ला | व | र | | म | ल |
| वा | र | | | | न | | | | न | म |
| न | व | जा | त | | त | | अ | न | मो | ल |
| | र | | ह | रा | म | खो | र | | ह | |
| अ | दि | क्षी | त | | ला | | ज | मा | न | त |
| स | गा | | | | म | | | | सिं | ह |
| मा | र | | क | म | त | र | ता | | ह | ल |
| न | | | मा | ही | | ज | ड़ | | | का |
| | म | स | ल | न | | क | ना | ग | त | |



## खबर संक्षेप



### सैयामी ने दो बार में पूरी की आयरनमैन 70.3 ट्रायथलन

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सैयामी खेर एक साल में दो बार आयरनमैन 70.3 ट्रायथलन पूरा करने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं। आयरनमैन 70.3 दुनिया की सबसे कठिन 'एंड्यूरेंस चुनौतियों' में से एक है, जिसमें खिलाड़ियों को एक ही दिन में 1.9 किमी खुले पानी में तैराकी, 90 किमी साइकिल चलाना और 21.1 किमी हाफ मैराथन दौड़ में भाग लेना होता है। सैयामी ने पहली बार आयरनमैन 70.3 को सितंबर 2024 में पूरा किया और 6 जुलाई को स्वीडन के जोन्कोपिंग में दूसरी बार इस चुनौती को पूरा किया। अभिनेत्री ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट साझा किया और दूसरी बार आयरनमैन 70.3 पूरा करने की जानकारी दी।

### मुंबई टीम के सहायक कोच बने राणाडे

**मुंबई।** धवल कुलकर्णी मुंबई के गेंदबाजी कोच के रूप में बने रहेंगे जबकि अतुल राणाडे को मुंबई की सीनियर पुरुष टीम का सहायक कोच और ब्राविश शेट्टी को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने यह घोषणा की। मुंबई की टीम पिछले घरेलू सत्र में रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि 2023-24 सत्र में उसने रिकॉर्ड 43वीं बार इस खिताब को अपने नाम किया था। टीम इसके साथ ही ईरानी कप और विजय हजारे ट्रॉफी का चैंपियन बनने में सफल रही जबकि सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में उसे शिकस्त का सामना करना पड़ा। एमसीए ने पहले ही ओंकार साल्वी को मुख्य कोच के रूप में बरकरार रखा था।



### रऊफ-शादाब पाकिस्तान टी20 टीम से बाहर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और आलराउंडर शादाब खान चोटिल होने के कारण इस महीने बांग्लादेश में होने वाली टी-20 श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। रऊफ को पिछले सप्ताह अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी, जबकि शादाब ने हाल ही में कंधे की सर्जरी करवाई है। पाकिस्तान ने बांग्लादेश के दौरे के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय टीम घोषित की, जिसमें अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले तेज गेंदबाज अहमद दानियाल और सलमान मिर्जा को भी शामिल किया गया है।



### पहलवान रीतिका हुड्डा डोप परीक्षण में विफल होने पर निलंबित

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती को बड़ा झटका लगा जब 2023 में देश की पहली अंडर-23 विश्व चैंपियन बनीं प्रतिभाशाली पहलवान रीतिका हुड्डा को डोप परीक्षण में विफल होने के कारण नाडा (राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी) द्वारा अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया और उन पर चार साल का प्रतिबंध लग सकता है। हैवीवेट 76 किग्रा वर्ग में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं 22 वर्षीय रीतिका का 15 मार्च को एशियाई चैम्पियनशिप के लिए चयन ट्रायल के दौरान परीक्षण किया गया और उनके मूत्र के नमूने में 'एस1.1 एनाबॉलिक एंड्रोजेनिक स्टेरॉयड' के अंश पाए गए जो एक प्रतिबंधित पदार्थ है। रीतिका ने पीटीआई से कहा, ''अभी तक कुछ भी पुष्टि नहीं हुई है। मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। मैं अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग करूंगी। मुझे नाडा और (कुश्ती) महासंघ पर पूरा भरोसा है। मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकती।'' रीतिका आगे की जांच के लिए 'बी नमूना' देने पर विचार कर रही हैं।

# विंबलडन : कोहनी की चोट और पहले दो सेट हारने के बावजूद सिनर पहुंचे क्वार्टर फाइनल में

## तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर सेमीफाइनल में अमेरिका के बेन शेल्टन से भिड़ेंगे

एजेंसी ▶▶| लंदन

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर दाहिनी कोहनी में चोट और पहले दो सेट हारने के बावजूद अपने प्रतिद्वंद्वी ग्रिगोर दिमित्रोव के पेक्टोरल मांसपेशी में चोट लगने के कारण बाहर हो जाने से विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे।

सिनर ने इससे पहले टूर्नामेंट में कोई भी सेट नहीं गंवाया था, लेकिन विश्व में 19वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव ने उनके खिलाफ पहले दो सेट 6-3, 7-5 से जीत कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी। लेकिन तीसरे सेट में जब स्कोर 2-2 से बराबरी पर था तब दिमित्रोव ने खेलना बंद कर दिया। यह लगातार पांचवां ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है, जिसमें 34 वर्षीय दिमित्रोव मैच पूरा करने में विफल रहे। वह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और मई में फ्रेंच ओपन के अलावा पिछले साल विंबलडन और अमेरिकी ओपन में भी मैच के बीच में हट गए थे। सिनर पहले सेट के दौरान कोर्ट पर फिसल गए थे, जिससे उनकी कोहनी चोटिल हो गई थी लेकिन उन्होंने बाद में कहा कि चोट गंभीर नहीं है और चिंता की कोई बात नहीं है। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अमेरिका के बेन शेल्टन से भिड़ेंगे।





## मीरा एंड्रीवा ने एम्मा नवारो को हराकर अंतिम 8 में बनाई जगह

इस बीच महिला एकल में रूस की 18 वर्षीय खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने एम्मा नवारो को 6-2, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। वह पिछले 18 वर्षों में विंबलडन के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई है। एंड्रीवा का अगला मुकाबला बेलिंडा बेनसिक से होगा, जो ऑल इंग्लैंड क्लब में पदार्पण करने के 11 साल बाद पहली बार विंबलडन क्वार्टरफाइनल में पहुंची हैं। बेनसिक ने 18वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6 (4), 6-4 से हराया। इसके अलावा लियुडमिला सैमसोनोवा नंबर दो कोर्ट पर जेसिका बौजास मानेरो को 7-5, 7-5 से हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंची। सैमसोनोवा ने इस टूर्नामेंट में अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है और अब उनका सामना इगा स्वियाटेक से होगा, जो क्लारा टॉसन को 6-4, 6-1 से हराकर दूसरी बार विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। पुरुष वर्ग में मारिन सिलिच को स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे शुरू हुए चौथे दौर के मैच में फ्लेवियो कोबोली से 6-4, 6-4, 6-7 (4), 7-6 (3) से हार का सामना करना पड़ा।

## भारत-इंग्लैंड तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से

# लॉर्ड्स में होगी असली परीक्षा! अब तक 19 मुकाबलों में टीम इंडिया ने जीते मात्र तीन

एजेंसी ▶▶| लॉर्ड्स

भारत और इंग्लैंड के बीच हो रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज का तीसरा मुकाबला ऐतिहासिक लॉर्ड्स के मैदान में 10 जुलाई से खेला जाना है। भारत ने इस मैदान पर अभी तक 19 मैच खेले हैं, लेकिन भारत का रिकॉर्ड यहां पर इतना अच्छा नहीं है। हालांकि, टीम इंडिया के लिए अच्छी बात यह है कि शुभमन गिल की अगुवाई में भारत ने इंग्लैंड को एजबेस्टन में 336 रनों से हराया है।



### भारत का लॉर्ड्स के मैदान में रिकॉर्ड

भारत ने लॉर्ड्स में 1932 से अभी तक 19 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 3 मैच जीते हैं जबकि 12 मैच में टीम को हार मिली है। वहीं 4 मैच ड्रा हुए हैं। भारत का हार जीत का रिकॉर्ड 0.25 का है। भारत ने सबसे पहले 1932 में यहां पर मुकाबला खेला था, जिसमें उसमें 158 रनों से हरा का सामना करना पड़ा था। भारत को इस मुकाबले में पहली जीत 1986 में मिली थी, जब चेतन शर्मा, कपिल देव की शानदार गेंदबाजी और दिलीप वेंगसरकर की पहली पारी में शतकीय पारी के दम पर भारत ने जीत दर्ज की थी।

### बुमराह की वापसी की संभावना



दूसरी तरफ भारतीय टीम की बात करें तो एजबेस्टन टेस्ट में स्टार गेंदबाज कहे जानें वाले जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया था। लेकिन लॉर्ड्स टेस्ट में उनकी वापसी लगभग तय है। कप्तान शुभमन गिल ने भी संकेत दिए थे कि बुमराह अगला मैच खेलेंगे। बुमराह की वापसी से टीम इंडिया के बॉलिंग अटैक को और मजबूती मिलेगी।

### आर्चर की वापसी से बढ़ी उम्मीद



इंग्लैंड टीम के लिए एक राहत की खबर यह भी है कि स्टार तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर तीसरे टेस्ट के लिए पूरी तरह फिट हैं और चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। ऐसे में इंग्लैंड की प्लेइंग 11 में बदलाव तय माने जा रहे हैं, खासकर पेस अटैक को और मजबूत करने की दिशा में।

### वोक्स का सर्वश्रेष्ठ बीत चुका है और क्रॉली सुधार नहीं कर सकते: बॉयकॉट

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ज्योफ्री बॉयकॉट ने क्रिस वोक्स और जैक क्रॉली की भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के पहले दो मैच में खराब प्रदर्शन के लिए कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ समय बीत चुका है जबकि सलामी बल्लेबाज में अपनी गलतियों से सीखने की क्षमता नहीं है। वोक्स ने अभी तक 59 टेस्ट मैच खेले हैं और वह इंग्लैंड के आक्रमण में सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। इस तेज गेंदबाज ने दो मैचों में 82 ओवर फेंके और 290 रन देकर केवल तीन विकेट लिए। उन्होंने जिन तीन पारियों में बल्लेबाजी की, उनमें उन्होंने 50 रन बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 38 रन है। बॉयकॉट ने अपने कालम में लिखा 'जब खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ समय बीत जाता है तो वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता और ऐसे खिलाड़ियों को टीम में रखने से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।' बॉयकॉट ने लिखा, ''क्रिस वोक्स को देखिए। उम्र बढ़ने के साथ-साथ उनकी गति कम होती जा रही है, जैसा कि आप उम्मीद कर सकते हैं। वह विदेश में कभी भी विकेट लेने वाले गेंदबाज नहीं रहे हैं, जहां उनका रिकॉर्ड खराब है।' उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है और जब बल्लेबाज विफल रहते हैं तो उनसे रन बनाने की उम्मीद की जाती है लेकिन उनका मुख्य कौशल गेंदबाजी है और उनका काम विकेट लेना है।' क्रॉली के मामले में बॉयकॉट ने कहा कि यह सलामी बल्लेबाज इससे बेहतर नहीं हो सकता।

## आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

# दीप्ति को एक स्थान का फायदा गेंदबाजी में पहुंचीं दूसरे नंबर पर



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी 20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है और इस तरह से अपने करियर में पहली बार नंबर एक गेंदबाज बनने की दहलीज पर खड़ी हैं।

दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकतर समय टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद वह कभी नंबर एक गेंदबाज नहीं बन पाई। टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में दीप्ति को एक स्थान का फायदा हुआ है और उन्होंने आस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे है।

### अरुंधति रेड्डी 43वें स्थान पर पहुंची

दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी नवीनतम रैंकिंग में सुधार किया है और यह ऑफ स्पिनर अंतिम दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है। भारत की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के हालिया मैच में तीन विकेट लेने के बाद 11 स्थान की छलांग लगाकर टी20 गेंदबाजों की सूची में 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं। बल्लेबाजों में जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गईं। उन्होंने ब्रिस्टल में श्रृंखला के दूसरे मैच में अर्धशतक जमाया था।

## आईएसएसएफ विश्व कप

# फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंचे भवतेग, मैराज और गनेमत





एजेंसी ▶▶| लोनाटो (इटली)

भारतीय निशानेबाज भवतेग सिंह गिल ने दूसरे दिन 25 के दो परफेक्ट राउंड बनाकर खुद को मैराज अहमद खान के साथ यहां आईएसएसएफ विश्व कप (शॉटगन) में पुरुषों की स्कीट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बनाए रखा। पहले चार क्वालीफाइंग राउंड के बाद इन दोनों का स्कोर 98 है। अभी दो क्वालीफाइंग राउंड खेले जाने बाकी हैं। महिलाओं की स्कीट में गनेमत सेखों भी 24-24 राउंड के साथ फाइनल में पहुंचने की मजबूत दावेदार बनी हुई है। उनका कुल स्कोर 96 रहा और वह अभी आठवें स्थान पर हैं।

### दो राउंड में गनेमत एक-एक निशाना चूकी

गनेमत ने सोमवार को ट्रैप कॉनकेवर्डे में अपने क्वालीफाइंग राउंड की शुरुआत 10वें स्थान से की। निर्धारित दो राउंड में वह एक-एक निशाना चूक गईं, जिससे दूसरे दिन के अंत में वह आठवें स्थान पर पहुंच गईं। छह निशानेबाज फाइनल में जगह बनाएंगे। प्रतियोगिता में भाग ले रही दो अन्य भारतीय ओलंपियन माहेश्वरी चौहान और राइजा ढिल्लों क्रमशः 96 और 93 के स्कोर के साथ 27वें और 28वें स्थान पर हैं। अमेरिका की डानिया जो विज्जी 98 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं।

### भारतीय स्कीट निशानेबाज लोनाटो विश्व कप में प्रभावित करने में विफल रहे

**नई दिल्ली।** भारतीय स्कीट निशानेबाजों का मंगलवार को लोनाटो में आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप के तीसरे दिन के क्वालिफिकेशन राउंड में निराशाजनक प्रदर्शन रहा, जिसमें पुरुष और महिला दोनों वर्गों में से कोई भी फाइनल में जगह नहीं बना पाया। पुरुष वर्ग में 49 साल के अनुभवी मेराज अहमद खान तीन दिन तक चले क्वालीफिकेशन में 24, 25, 24, 25, 23 के निशाने के साथ 125 में 121 अंक जुटा कर 34वें स्थान पर रहे। ओलंपियन अनंतजीत सिंह नरूका (24, 24, 24, 23, 24) कुल 119 अंकों के साथ 176 निशानेबाजों में 64 वें स्थान पर रहे जबकि भवतेघ सिंह गिल ने 119 (23, 25, 25, 25, 21) अंक हासिल कर 75वां स्थान प्राप्त किया। अमेरिका के विंसेंट हैनकॉक ने फाइनल में 26 का स्कोर कर स्वर्ण पदक जीता।



## टी-20: मैच जीतने के लिए हरमनप्रीत और शेफाली को दिखाना होगा दम

**मैनचेस्टर।** भारत को अगर इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतनी है तो कप्तान हरमनप्रीत कौर और आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को बुधवार को होने वाले चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है, लेकिन इंग्लैंड ने पिछले सप्ताह ओवल में खेले गए तीसरे मैच में पांच रन की जीत के दौरान मेहमान टीम की कुछ कमजोरियों को उजागर किया था। शेफाली ने इस मैच में 25 गेंदों पर 47 रन और हरमनप्रीत ने 17 गेंदों पर 23 रन बनाए, लेकिन दोनों बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही।

## दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को पिछले 20 साल में पारी और 236 रन से सबसे बड़ी शिकस्त दी

भाषा ▶▶| बुलावायो

दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन मंगलवार को यहां जिम्बाब्वे की दूसरी पारी को 220 रन पर समेट कर उसे पिछले 20 साल में पारी से सबसे बड़ी शिकस्त दी। दक्षिण अफ्रीका ने महज तीन दिन के अंदर पारी और 236 रन की शानदार जीत दर्ज की। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम ने इसके साथ ही श्रृंखला में 2-0 से सूपड़ा साफ किया। दक्षिण अफ्रीका ने कार्यवाहक कप्तान वियान मुल्डर के नाबाद 367 रन के दम पर पांच विकेट पर 626 रन बनाकर पारी घोषित की थी। जिम्बाब्वे की टीम सोमवार को अपनी पहली पारी में 43 ओवर में 170 रन पर आउट हो गयी थी जिसके बाद उसे फॉलोऑन दिया गया। टीम मंगलवार को अपनी दूसरी पारी में 220 रन पर आउट हो गयी। जिम्बाब्वे की टीम ने इस मैच में कुल 390 रन बनाये जो मुल्डर के स्कोर से सिर्फ 23 रन अधिक था। मुल्डर का चोटिल टेम्बा बावुमा और केशव महाराज की अनुपस्थिति में कप्तान के तौर पर यह पहला टेस्ट मैच था। उन्होंने बल्ले से योगदान देने के साथ तीन विकेट भी चटकाए और तीन कैच लपके। वह मैच और श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये।

### जिंबाब्वे के तेज गेंदबाज मातिगिमु को लगा जुर्माना

जिंबाब्वे के तेज गेंदबाज कुंदई मातिगिमु पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन 'अनुचित और खतरनाक' तरीके से गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी के 72वें ओवर के दौरान हुई जब मातिगिमु ने गेंदबाजी करने के बाद वापसी आई गेंद को रोका और बल्लेबाज लुआन डि प्रीटोरियस की ओर फेंका, जो उनकी कलाई पर लगी। मातिगिमु ने खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के नियम 2.9 का उल्लंघन किया।

## एशियाई जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप

### साईराज परदेसी ने जीता कांस्य पदक

**अस्ताना।** भारत के साईराज परदेसी ने मंगलवार को यहां एशियाई जूनियर (पुरुष और महिला) भारोत्तोलन चैंपियनशिप के 86 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। खेलो इंडिया युवा खेलों में 81 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान तीन युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाले परदेसी ने कुल 338 किग्रा वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 152 जबकि क्लीन एवं जर्क में 186 किग्रा वजन उठाया। महाराष्ट्र के मनमाड के रहने वाले परदेसी ने दोहा में 2024 एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।



## आरसीबी का मूल्यांकन 26 करोड़ 90 लाख डॉलर

# आईपीएल खिताब जीतकर सबसे कीमती फ्रेंचाइजी बनी आरसीबी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल खिताब के 17 साल के सूखे के अंत से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मूल्यांकन बढ़कर 26 करोड़ 90 लाख डॉलर हो गया, जिससे यह फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को पछाड़कर मूल्यांकन के मामले में शीर्ष पर पहुंच गई है।

मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया। एक निवेश बैंक हुलिहान लोके की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से संचालित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मूल्यांकन 13.8 प्रतिशत बढ़कर तीन अरब 90 करोड़ डॉलर हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक व्यवसाय के रूप में आईपीएल का मूल्य 12.9 प्रतिशत बढ़कर 18 अरब 50 करोड़ डॉलर हो गया है।

### चेन्नई सुपरकिंग्स को पछाड़कर पहुंचा शीर्ष पर



### मुंबई इंडियंस दूसरी सबसे कीमती फ्रेंचाइजी

अंबानी परिवार की ओर संचालित मुंबई इंडियन्स का मूल्यांकन 24 करोड़ 20 लाख डॉलर तक बढ़ गया है, जिससे यह दूसरी सबसे कीमती फ्रेंचाइजी बन गई है। निराशाजनक सत्र के बाद इंडिया सीमेंट्स के एन. श्रीनिवासन के स्वामित्व वाला सीएसके एक साल पहले के शीर्ष स्थान से 2025 में तीसरे नंबर पर खिसक गया। इस फ्रेंचाइजी का ब्रांड मूल्य 23 करोड़ 50 लाख डॉलर है। शाहरुख खान की कोलकाता नाइट राइडर्स 22 करोड़ 70 लाख डॉलर के साथ ब्रांड मूल्य के मामले में चौथे स्थान पर है जबकि सनराइजर्स हैदराबाद 15 करोड़ 40 लाख डॉलर के मूल्यांकन के साथ पांचवें स्थान पर रहा। पंजाब किंग्स ने 2025 में 39.6 प्रतिशत की सर्वाधिक वृद्धि हासिल की। यह फ्रेंचाइजी 14 करोड़ 10 लाख डॉलर के मूल्यांकन के साथ नौवें स्थान पर है। टीम नए कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में 2025 के टूर्नामेंट में उपविजेता रही।

यह ऐसा आर्टिलरी गन सिस्टम है, जिसे कहीं भी लाने ले जाने में आसानी रहेगी। सेना अपनी जरूरत के हिसाब से थार रेगिस्तान से लेकर सियाचिन ग्लेशियर तक, किसी भी मोर्चे पर तैनात कर सकती है

## डीआरडीओ ने बढ़ाई भारतीय सेना की ताकत

# देशी तोप एटीएजीएस पूरी तरह से तैयार 48 किमी दूर तक मार करने की क्षमता

टीएजीएस तोप दुनिया की सबसे बेहतरीन तोप प्रणालियों में से एक

डीआरडीओ और निजी कंपनियों के संयुक्त प्रयास से बनाई गई है

एजेंसी ▶▶ पुणे

भारतीय सेना की ताकत बढ़ाने के लिए पूरी तरह से देश में ही विकसित की गई आधुनिक तोप एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) अब तैयार है। इस तोप को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पुणे में मौजूद आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (एआरडीई) के साथ मिलकर और निजी कंपनियां जैसे भारत फोर्ज और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के सहयोग से बनाया है। इसे जल्द से जल्द सेना के हवाले करने की तैयारी है। यह ऐसा आर्टिलरी गन सिस्टम होगा, जिसे कहीं भी लाने ले जाने में आसानी रहेगी। सेना अपनी जरूरत के हिसाब से थार रेगिस्तान से लेकर सियाचिन ग्लेशियर तक, किसी भी मोर्चे पर तैनात कर सकती है।



### 307 तोपों का दिया गया ऑर्डर

ए. राजू ने बताया कि भारतीय सेना ने मार्च 2025 में 307 एटीएजीएस तोपों का ऑर्डर दिया है। इस ऑर्डर को भारत फोर्ज और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के बीच 60:40 के अनुपात में बांटा गया है। यानी 60% तोपें भारत फोर्ज बनाएगा और 40% टाटा कंपनी। ये सभी तोपें पांच साल की अवधि में सेना को सौंपी जाएंगी।



### 25 बमों की क्षमता वाला बैरल

एआरडीई के निदेशक ए. राजू ने बताया कि यह प्रोजेक्ट 2012 में शुरू हुआ था और एआरडीई को इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दी गई थी। एटीएजीएस तोप दुनिया की सबसे बेहतरीन तोप प्रणालियों में से एक है। यह 155 मिमी / 52 कैलिबर की तोप है। इसकी फायरिंग कैपेसिटी जोन सात में है, जिससे यह 48 किलोमीटर तक निशाना साध सकती है। इसमें 25 बमों की क्षमता वाला बैरल है। फिलहाल इसके लिए इस्तेमाल होने वाला गोला बारूद अनगाइडेड है, लेकिन हम गाइडेड यानी सटीक निशाना लगाने वाले गोले विकसित करने पर भी काम कर रहे हैं। इसे हर मौसम में इस्तेमाल किया जा सके, और यह लगातार काम करने में सक्षम होनी चाहिए।

### 75% तक देश में ही बनी

एटीएजीएस प्रोजेक्ट डायरेक्टर आर.पी. पांडेय ने कहा कि यह तोप डीआरडीओ और निजी कंपनियों के संयुक्त प्रयास से बनाई गई है। इसकी फायरिंग कैपेसिटी जोन सात में है, जिससे यह 48 किलोमीटर तक निशाना साध सकती है। यह पूरी तरह से भारतीय तकनीक पर आधारित है और 75% तक देश में ही बनी हुई है।

### सीधे और घुमावदार लक्ष्य को भेदने में सक्षम

डीआरडीओ ने बताया कि इस तोप को इस तरह बनाया गया है कि यह सीधे और घुमावदार, दोनों तरह से लक्ष्यों को भेद सकती है। डीआरडीओ अब गाइडेड एम्युनिशन पर काम कर रहा है जिससे और ज्यादा सटीक निशाना लगाया जा सकेगा। इस परियोजना के सफल विकास से भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता को एक बड़ा बल मिलेगा और सेना को भी अत्याधुनिक तोपों से लैस किया जा सकेगा।


---

## इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने ट्रंप का नाम नोबेल के लिए किया अनुशंसित

# ट्रंप के नये टेरिफ प्लान से फिलहाल भारत सेफ, वैश्विक हलचल हुई तेज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक व्यापार को झटका देते हुए 14 देशों पर नए टैरिफ (आयात शुल्क) लगाने की घोषणा की। नया टैरिफ 1 अगस्त से प्रभावी होंगे। इनमें बांग्लादेश, म्यांमार, लाओस, जापान, और दक्षिण कोरिया जैसे देश शामिल हैं। इस कदम से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और अर्थव्यवस्थाओं पर गहरा असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। नए टैरिफ ने वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता का माहौल बना दिया है। अमेरिकी विनिर्माण को बढ़ावा दे सकता है, वहीं विकासशील देशों, खासकर बांग्लादेश, म्यांमार, और लाओस, के लिए आर्थिक चुनौतियां बढ़ाएगा। दूसरी ओर, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित किया, तीव्र कर दिया। नेतन्याहू का नोबेल नामांकन ट्रंप की विदेश नीति को मजबूती देता है, लेकिन गाजा और ईरान जैसे मुद्दों पर उनकी भूमिका विवादास्पद बनी हुई है। भारत के लिए यह एक अवसर हो सकता है, बशर्ते वह ट्रंप के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे सके। ट्रंप को पहले भी कई बार नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है, जिसमें अब्राहम समझौते, भारत-पाकिस्तान मध्यस्थता, और सर्बिया-कोसोवो समझौते शामिल हैं। लेकिन एक भी बार उनका चयन नहीं हुआ, इसके लिए उन्होंने नोबेल पुरस्कार न जीतने पर नाराजगी जताई थी। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में नेतन्याहू के साथ बातचीत में कहा कि भारत के साथ व्यापार समझौता लगभग पूरा हो चुका है। भारत को इस सूची में शामिल नहीं किया गया, जिसे कुछ विश्लेषकों ने सकारात्मक संकेत माना। हालांकि, भारत के निर्यात, खासकर वस्त्र और इलेक्ट्रॉनिक्स, पर अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित होगी।



### ट्रंप के नए टैरिफ:

- *म्यांमार और लाओस: 40 फीसदी (सबसे अधिक)*
- *कंबोडिया और थाईलैंड: 36 फीसदी*
- *बांग्लादेश और सर्बिया: 35 फीसदी*
- *इंडोनेशिया: 32 फीसदी*
- *दक्षिण अफ्रीका और बोस्निया-हर्जेगोविना: 30 फीसदी*
- *जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, कजाकिस्तान, और ट्यूनीशिया: 25 फीसदी*
- *ट्रंप ने इन टैरिफ को पारस्परिक करार देते हुए कहा कि ये अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए जरूरी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन देशों ने जवाबी टैरिफ लगाए, तो अमेरिका उनके शुल्क के बराबर अतिरिक्त टैरिफ जोड़ेगा। उदाहरण के लिए, जापान और दक्षिण कोरिया के पत्रों में लिखा, यदि आप अपने टैरिफ बढ़ाते हैं, तो वह राशि हमारे 25 फीसदी टैरिफ में जोड़ दी जाएगी।*

### वैश्विक व्यापार पर असर:

- *इस कदम ने वैश्विक शेयर बाजारों में हलचल मचा दी। अमेरिकी शेयर बाजार 500 सूचकांक में सोमवार को 0.79 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जो तीन सप्ताह में सबसे खराब प्रदर्शन है। जापान का निक्केई 225 सूचकांक अप्रैल में 25 फीसदी टैरिफ की घोषणा के बाद 7.8 फीसदी गिरा, जो इसका तीसरा सबसे बड़ा एकदिवसीय नुकसान रहा।*
- *बांग्लादेश के लिए 35 फीसदी टैरिफ वस्त्र उद्योग के लिए बड़ा झटका है, जो देश की 80 फीसदी निर्यात आय का स्रोत है और 40 लाख लोगों को रोजगार देता है।*

## भारत और ब्राजील के बीच मजबूत साझेदारी में उठे नए कदम

पर्यावरण और स्वच्छ उर्जा क्षेत्र दोनों देशों की प्राथमिकता

# सांबा-रेगे, शिवतांडव स्तोत्र और शास्त्रीय नृत्य की बही संगमधारा

*पीएम मोदी ने कहा कि फुटबॉल ब्राजील की आत्मा है, तो क्रिकेट भारतीयों का जुनून। चाहे गेंद बाउंड्री पार जाए या गोलपोस्ट में, दोनों देशों के बीच 5 साल में 20 अरब डॉलर की साझेदारी मुश्किल नहीं है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को द्विपक्षीय राजकीय यात्रा के लिए ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे, जो लगभग छह दशकों में किसी भारतीय पीएम की पहली यात्रा है। यहां पीएम मोदी का स्वागत पारंपरिक सांबा रेगे की संगीतमय प्रस्तुति से किया गया। इसके बाद होटल पहुंचने पर शिव तांडव स्तोत्र पाठ और भारतीय शास्त्रीय नृत्य का भावपूर्ण प्रदर्शन किया गया। पीएम मोदी ने इसे 'यादगार स्वागत' बताया और प्रवासियों की अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रशंसा की।

पीएम मोदी ने लिखा कि ब्रासीलिया में भारतीय समुदाय ने यादगार स्वागत किया, जो एक बार फिर दर्शाता है कि हमारे प्रवासी कितने भावुक हैं और वे अपनी जड़ों से कितने जुड़े हुए हैं। उन्होंने कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें उत्साहित और उत्साही प्रवासी भारतीय तिरंगा थामे पीएम मोदी का हाथ जोड़कर अभिवादन करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने लिखा कि ब्रासीलिया हवाई अड्डे पर, बटाला मुंडो बैंड ने कुछ बेहतरीन रचनाएं बजाईं। उनका यह प्रयास एफ्रो-ब्राजीलियन पर्क्यूशन, विशेष रूप से ब्राजील के साल्वाडोर दा बाहिया के सांबा-रेगे को बढ़ावा देने का वैश्विक प्रयास है।

### ब्राजील के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे



**राष्ट्रपति लूला ने गले लगाया**

पीएम मोदी का अल्वोराडा पैलेस (राष्ट्रपति निवास) पहुंचने पर ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने गले लगाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान उनकी पत्नी रोसांगला डी सिल्वा भी साथ थीं।

### आतंकवाद पर दोहरा मापदंड स्वीकार्य नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि हम आतंकवाद और इसका समर्थन करने वालों का कड़ा विरोध करते हैं। आतंकवाद पर दोहरे मापदंड के लिए कोई जगह नहीं है। हम इस बात पर एकमत हैं कि सभी विवादों का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में भारत और ब्राजील के बीच बढ़ता सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। हम अपने रक्षा उद्योग को एक साथ लाने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखेंगे। दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, तकनीकी, कृषि और स्वास्थ्य समेत कई मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा की।

### 5 साल में 20 अरब डॉलर के व्यापार का लक्ष्य

पीएम मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य के दौरान कहा कि दोनों देशों ने अगले पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर (1.70 लाख करोड़ रुपए) तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। हमने हर क्षेत्र में सहयोग मजबूत करने पर चर्चा की है। पीएम मोदी ने कहा कि फुटबॉल ब्राजील की आत्मा है, तो क्रिकेट भारतीयों का जुनून। चाहे गेंद बाउंड्री पार जाए या गोलपोस्ट में, 20 अरब डॉलर की साझेदारी मुश्किल नहीं है। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में बढ़ते सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण और स्वच्छ ऊर्जा दोनों देशों की प्राथमिकता है। इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए आज का समझौता हमारे हरित लक्ष्यों को नई गति देगा। पीएम मोदी ने कहा कि मैं ब्राजील में इस वर्ष आयोजित होने वाली कॉप 30 बैठक के लिए राष्ट्रपति लूला को बधाई देता हूं।

## देश के बाहर भी यूपीआई का प्रभाव बढ़ा वैश्विक साझेदारियों से मिला नया विस्तार

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने उपोयगकर्ता अनुभव बढ़ाने के लिए यूपीआई में नई सुविधाएं शुरू की हैं। इसमें क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट्स, लोन और इंश्योरेंस सेवाओं के एकीकरण और अन्य अनेक सुविधाएं शामिल हैं। पीएम नरेंद्र मोदी की 3-4 जुलाई को त्रिनिदाद और टोबैगो यात्रा के दौरान यूपीआई की अंतरराष्ट्रीय पहुंच का नया उदाहरण देखने को मिला।





विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों ने डिजिटल क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने में गहरी रुचि व्यक्त की। त्रिनिदाद और टौबैगो यूपीआई को अपनाने वाला पहला कैरेबियाई देश बन गया है। दोनों देशों ने डिजिटल क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने और इंडिया स्टैक सॉल्यूशंस जैसे डिजीलॉकर, ई-साइन और गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के कार्यान्वयन में सहयोग पर सहमति जताई। इसके अलावा, जून 2025 में पीएम मोदी की साइप्रस यात्रा के दौरान एनपीसीआई और यूरोबैंक साइप्रस ने दोनों देशों के बीच सीमा पार भुगतान के लिए यूपीआई शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी।

## अहमदाबाद विमान हादसा: जांच ब्यूरो ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे की जांच तेज हो गई है। हादसे की जांच कर रही विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की टीम ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट नागरिक उड्डयन मंत्रालय और संबंधित अधिकारियों को सौंप दी है।



एआई 171 विमान दुर्घटना पर तैयार की गई रिपोर्ट जांच के शुरुआती निष्कर्षों पर आधारित है। एएआईबी ने जांच के लिए बहु-विषयक टीम का गठन किया है। अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार गठित टीम का नेतृत्व डीजी एएआईबी कर रहे हैं। इस मामले में ब्लैक बॉक्स और हैंडलिंग कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) दोनों को बरामद कर लिया गया है। सीवीआर को 13 जून, 2025 को दुर्घटना स्थल पर इमारत की छत से बरामद किया गया। वहीं एफडीआर को 16 जून, 2025 को मलबे से बरामद किया गया। उनके सुरक्षित संचालन, भंडारण और परिवहन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तय की गई थी। अब एएआईबी ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट नागरिक उड्डयन मंत्रालय को सौंप दी है।

## समाज पोषित आतंकियों के प्रयासों को करें विफल, शांति के लिए यह जरूरी: सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि आम नागरिक सड़कों पर प्रदर्शन के जरिए पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं जो घाटी में शांति स्थापित करने के लिए अच्छा संकेत है।



उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र का विकास केवल शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में ही संभव है, और जम्मू कश्मीर के लोगों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आतंकवादियों के, समाज से समर्थन प्राप्त करने के प्रयासों को विफल किया जाए। सिन्हा ने ये बातें शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में दो दिवसीय पर्यटन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। सम्मेलन में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी भाग लिया। सिन्हा ने कहा कि पूरा जम्मू कश्मीर उठ खड़ा होना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आतंकवादियों को इस सुंदर केंद्र शासित प्रदेश में कोई स्थान न मिले। यह सम्मेलन आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब है और शांति, प्रगति और समृद्धि की ओर जम्मू कश्मीर के बढ़ते कदम को दर्शाता है। यहां पर्यटन क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है।

## फ्रांसीसी रिपोर्ट ने खोला पाकिस्तान का काला चिट्ठा कहा

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान नहीं गिरा कोई राफेल विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने दो महीने पहले ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था। अपने इस ऑपरेशन के जरिए भारत ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन और पाकिस्तान की मीडिया ने बिना सबूत दिए दावा किया कि उसने राफेल समेत भारत के छह फाइटर जेट मार गिराए।

जिन्हें भारत ने खारिज कर दिया। अब फ्रांस में जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना का कोई राफेल विमान पाकिस्तान के हमले में नहीं गिरा। डसॉल्ट एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर के हवाले से एक फ्रांसीसी रिपोर्ट में कहा गया है, कि भारत ने अपना एक राफेल लड़ाकू विमान खो दिया है। लेकिन उन्होंने कहा था कि ऐसा दुश्मनों के साथ युद्ध के दौरान नहीं हुआ था, लेकिन ऐसा अधिक ऊंचाई पर तकनीकी खराबी के कारण हुआ और इसकी जांच अब भी चल रही है। इसके गिरने में दुश्मन की कोई भूमिका नहीं थी।

*अधिक ऊंचाई पर तकनीकी खराबी आई जिसकी जांच अभी चल रही*



### राफेल ने पाक को भ्रमित किया

फ्रांसीसी रिपोर्ट के हवाले से बताया गया है कि भारत ने करीब 12 हजार मीटर की ऊंचाई पर एक राफेल लड़ाकू विमान खोया, लेकिन उस वक्त दुश्मन के एक भी रडार एक्टिव नहीं थे। रिपोर्ट के मुताबिक ऑपरेशन सिंदूर की पहली रात को भारतीय राफेल लड़ाकू विमानों ने अपने एआई-पावर्ड एक्स-गार्ड डिकॉय सिस्टम से पाकिस्तानी जे-10सी फाइटर्स और उनके पीएल-15ई मिसाइल को भ्रमित कर दिया था। इस टेक्नोलॉजी ने पाकिस्तानी रडार को बेअसर कर दिया था।

**8 देशों को दिए हैं राफेल:** फ्रांसीसी वायुसेना प्रमुख जनरल जेरोम बेलांगर ने भी कहा है कि भारत ने अपना राफेल पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध के दौरान नहीं खोया, यानि पाकिस्तान लड़ाकू विमानों ने राफेल को नहीं गिराया, बल्कि राफेल गिरने की असल वजह टेक्निकल है। उन्होंने कहा है कि आठ देशों को राफेल लड़ाकू विमान बेचे गए हैं और ये पहली बार है जब राफेल एयरक्राफ्ट को नुकसान हुआ है। फ्रांस इस बात की जांच कर रहा है कि राफेल कैसे गिरा है?





हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109